YouTube kanwhizztimes
@kanwhizztimes
@kanwhizztimes
www.kanwhizztimes.com

# कैनविज टाइम्स

सिर्फ सच

❒ वर्ष-14 ❒ अंक-134 ❒ सोमवार, 16 जून 2025 ❒ नगर संस्करण ❒ लखनऊ से प्रकाशित एवं दिल्ली, पंजाब और उत्तराखंड में प्रसारित ❒ मूल्य- ₹ 3.00 ❒ पृष्ठ-12



ऐसा नहीं लगता कि इस घटना का पहलगाम या पाकिस्तान में हुई घटना से कोई संबंध है। लेकिन पूरी जांच से ही इसके पीछे की सच्चाई सामने आ पाएगी।

रामदास अठावले

केरल हवाई अड्डे पर आपात स्थिति में उतरा ब्रिटिश लड़ाकू विमान 11

देहरादून में रन फॉर योगा कार्यक्रम का आयोजन 12

# यूपी में माफिया पर पुलिस का डर दिखना चाहिए : अमित शाह

## केन्द्रीय गृह मंत्री ने उत्तर प्रदेश के नवचयनित आरक्षियों को सौंपे नियुक्ति पत्र

कैनविज टाइम्स ब्यूरो

लखनऊ। केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कहा कि देश के सबसे बड़े पुलिस बल के आप सभी पुलिस आरक्षी अब सदस्य बनने जा रहे है। यहां कई लोगों ने देश के लिए जीवन समर्पित किया है। यूपी पुलिस का अभिन्न हिस्सा बने, आप का डर माफिया पर सख्त से सख्त दिखना चाहिए। वहीं आपको दलित, पिछड़े, कमजोर, गरीब लोगों में मसीहा दिखना चाहिए।

केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह रविवार को यहां वृंदावन योजना स्थित डिफेंस एक्सपो मैदान पर नवचयनित पुलिस आरक्षियों को नियुक्ति पत्र वितरित करने के बाद संबोधित कर रहे थे। केन्द्रीय गृह मंत्री शाह ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के 11 साल में

नक्सलबाद अब केवल तीन जिलों में बचा है। एक तिथि तय कर दी गयी है, जब नक्सलवाद से देश मुक्त हो जाएगा। शाह ने कहा किकांग्रेस की सरकारों में आयेदिन आतंकवादी हमले होते थे। कंग्रेस के वक्त जो आतंकवाद चरम पर था, उसे प्रधानमंत्री मोदी ने जड़ से मिटाने का कदम उठाया है। आपरेशन सिंदूर के माध्यम से एक संदेश पूरी दुनिया को दिया गया है। आतंकवाद को लेकर भारत ने अपना संदेश स्पष्ट कर दिया। प्रधानमंत्री मोदी ने विश्व को आतंकवाद के विरूद्ध लड़ाई लड़ने का बड़ा संदेश दिया है। गृह मंत्री अमित शाह ने कहा कि हमारा



❒ भारत 2026 तक नक्सलवाद से पूरी तरह होगा मुक्त: अमित शाह

देश विकास की ओर बढ़ता जा रहा है। हमने इकानमी क्षेत्र में चौथे पायदान पर कदम रख दिया है। आने वाले वक्त में हम दुनिया की सबसे बड़ी इकानमी भी बनेंगे। कभी समय ऐसा था, अंतरिक्ष के क्षेत्र में हम सोच नहीं सकते थे। प्रधानमंत्री मोदी के समय में हमने चंद्रमा के दक्षिण ध्रुव पर अपना विमान उतारा है। मोदी ने मातृशक्ति का सम्मान बढ़ाने का काम किया है। प्रधानमंत्री ने धर्म के क्षेत्र में केदार धाम व बद्री धाम कों संवारा है तो काशी विश्वनाथ का कारिडोर बन चुका है और अयोध्या में भव्य राम मंदिर बन चुका है। केन्द्रीय गृह मंत्री ने कहा कि देश के भीतर आज कॉमन सिविल कोड वाला राज्य भी बन चुका है। नया वक्फ कानून सख्त बनाने का काम

❒ योगी आदित्यनाथ को बताया प्रदेश का सबसे सफल मुख्यमंत्री

प्रधानमंत्री मोदी ने किया है। देश को आगे बढ़ाने में युवाओं की भूमिका तय हुई है। प्रधानमंत्री ने हर क्षेत्र में विकास कर देश को ऊंचाई पर पहुंचाया है। युवाओं को देश के प्रधानमंत्री मोदी के भविष्य के भारत की नींव रखने के लिए आगे बढ़ना है।

अमित शाह ने कहा कि उत्तर प्रदेश पुलिस देश का सबसे बड़ा पुलिसबल है और आज 60,244 युवा इसके अभिन्न अंग बन रहे हैं। उन्होंने इस दिन को नवनियुक्त कार्मिकों के जीवन का सबसे शुभ दिन करार देते हुए कहा कि यह गौरव का क्षण है। शाह ने बताया कि इनमें 12 हजार से अधिक बेटियां भी शामिल हैं, जिनके चेहरों पर खुशी देखकर उन्हें अपार सुकून मिला। उन्होंने कहा कि महिलाओं के लिए आरक्षित पदों का शत-प्रतिशत लाभ उत्तर प्रदेश में सुनिश्चित किया गया है, जो योगी सरकार की एक बड़ी उपलब्धि है।

केन्द्रीय मंत्री शाह ने उत्तर प्रदेश में 2017 के बाद आए बदलावों की चर्चा करते हुए कहा कि आजादी के बाद से उत्तर प्रदेश की कानून व्यवस्था लगातार बिगड़ती रही थी, लेकिन 2017 में योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में भाजपा सरकार बनने के बाद यूपी पुलिस ने नई बुलंदियों को छूना शुरू किया। उन्होंने कहा कि योगी ने औद्योगिक विकास, शिक्षा, कानून व्यवस्था, बुनियादी ढांचा, बिजली और नल से जल जैसी योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाकर एक परिवर्तनकारी युग की शुरुआत की है। शाह ने जोर देकर कहा कि यूपी अब दंगों का गढ़ नहीं रहा, बल्कि दंगामुक्त हो चुका है और गुंडों का फरमान अब नहीं चलता। उन्होंने नवनियुक्त कार्मिकों से इस परंपरा को और मजबूत करने का आह्वान किया।

केंद्रीय गृह मंत्री ने भर्ती प्रक्रिया की पारदर्शिता पर विशेष जोर दिया। उन्होंने कहा कि तकनीक के उपयोग, जैसे कि कैमरे, कंट्रोल रूम, कमांड सेंटर, पीसीआर वैन और 150 से अधिक ऑन-व्हील फॉरेंसिक साइंस लैब वैन ने इस प्रक्रिया को और निष्पक्ष बनाया है। शाह ने दावा किया कि 60,244 युवाओं में से किसी को भी एक पाई की रिश्वत नहीं देनी पड़ी, जो किसी भी शासन की सबसे बड़ी उपलब्धि है। उन्होंने कहा कि यह भर्ती प्रक्रिया न केवल पारदर्शी थी, बल्कि इसमें ● शेष पेज 11 पर

## 2017 से पहले यूपी में पुलिस भर्ती में भाई-भतीजावाद और भ्रष्टाचार था हावी : योगी

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश पुलिस को सामाजिक विश्वास का प्रतीक बताते हुये मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने रविवार को कहा कि वर्ष 2017 से पहले उत्तर प्रदेश में पुलिस भर्ती में भाई-भतीजावाद और भ्रष्टाचार हावी था, जो अब बीते जमाने की बात हो चुका है। यूपी पुलिस में 60 हजार 244 पुलिसकर्मियों की भर्ती एवं नियुक्ति पत्र वितरण कार्यक्रम को संबोधित करते हुये योगी ने कहा कि महाकुंभ में पुलिस की भूमिका एक मिसाल थी। प्रयागराज आने वाले हर इंसान ने पुलिस के व्यवहार की प्रशंसा की। अगर हम वहां कर सकते हैं, तो हर जगह कर सकते हैं। पुलिस बल केवल कानून-व्यवस्था का नहीं, बल्कि सामाजिक विश्वास का प्रतीक बन रहा है।उन्होने कहा कि यह महज एक प्रशासनिक कार्यक्रम नहीं, बल्कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और गृह मंत्री अमित शाह के 'स्मार्ट पुलिसिंग' विजन को साकार करने की दिशा में एक ऐतिहासिक कदम है। वर्ष 2017 से पहले उत्तर प्रदेश में पुलिस भर्ती में भाई-भतीजावाद और भ्रष्टाचार हावी था। पैसे और सिफारिश के बिना नौकरी मिलना असंभव था, लेकिन अब यह सब बीते जमाने की बात हो चुकी है। हमने संविधान प्रदत्त आरक्षण का पालन करते हुए पूरी प्रक्रिया को मेरिट और पारदर्शिता के आधार पर संपन्न किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि भर्ती में किसी भी जाति, धर्म, वर्ग या क्षेत्र के साथ कोई भेदभाव ● शेष पेज 11 पर

# ईरान में इजराइली हमले के कारण गैस रिफाइनरी में विस्फोट



एजेंसी

तेहरान। ईरान के दक्षिणी प्रांत बुशहर में पारस गैस फील्ड के फ़ेज 14 की एक रिफाइनरी में शनिवार को इजरायल के हमले से विस्फोट हो गया।

अर्ध-सरकारी तस्नीम समाचार एजेंसी ने बताया इजरायल के एक माइक्रो एरियल वाहन ने बुशहर प्रांत में पारस गैस फील्ड के फ़ेज 14 की एक ऑनशोर रिफाइनरी पर हमला किया जिससे रिफाइनरी में विस्फोट हो गया। एजेंसी ने कहा कि विस्फोट के कारण फजर जाम गैस रिफाइनरी के एक हिस्से में आग लग गई है, हालांकि अभी तक नुकसान की सीमा के बारे में कोई रिपोर्ट जारी नहीं की गई है। उन्होंने कहा है कि ईरानी निष्क्रिय रक्षा और बचाव बल स्थिति को संभाल रहे हैं। यह हमला इजरायल द्वारा ईरानी सैन्य और परमाणु सुविधाओं पर बड़े पैमाने पर हमलों के बाद बढ़े तनाव के बीच हुआ है। इससे पहले शुक्रवार को इजरायल ने ईरान की राजधानी तेहरान और देश भर के अन्य शहरों पर हवाई हमले किए। हमलों का उद्देश्य ईरान के परमाणु बुनियादी ढांचे, बैलिस्टिक मिसाइल उत्पादन और सैन्य क्षमताओं को कमज़ोर करना था। ईरान ने हमलों के जवाब में शुक्रवार रात और शनिवार की सुबह को इजरायली ठिकानों पर रॉकेट से हमला किया। इजरायल के सरकारी स्वामित्व वाले कान टीवी न्यूज़ के अनुसार हमलों के कारण तीन लोग मारे गए और 172 अन्य घायल हो गए।

इजराइल ने ईरान के रक्षा मुख्यालय के साथ-साथ उन स्थलों को भी निशाना बनाया जिनके बारे में उसका कहना है कि वे देश के परमाणु कार्यक्रम से जुड़े हैं। ईरान के अर्धसैनिक बल रिवोल्यूशनरी गार्ड ने दावा किया कि ईरानी मिसाइलों ने इजराइल के लड़ाकू विमानों के लिए ईंधन का उत्पादन करने वाले केन्द्रों को निशाना बनाया। दोनों देशों के मध्य जारी संघर्ष के बीच ईरान और अमेरिका के बीच परमाणु वार्ता रद्द कर दी गई है। इजराइल के रक्षा मंत्री इजराइल काट्ज़ ने सोशल मीडिया पर कहा, "तेहरान जल रहा है। इजराइली सेना और ईरान के सरकारी टेलीविजन दोनों ने ईरानी मिसाइलों के नवीनतम हमले की जानकारी दी। आधी रात के करीब सुरक्षा पर इजराइली कैबिनेट की बैठक के दौरान विस्फोटों की आवाजें सुनी गईं। दुनियाभर के नेताओं ने ● शेष पेज 11 पर

## संक्षेप

### सांसद चंद्रशेखर पर दर्ज हो एफआईआर : बृजभूषण

**गोण्डा।** उत्तर-प्रदेश में गोण्डा जिले के कैसरगंज लोकसभा सीट के पूर्व भाजपा सांसद और भारतीय कुश्ती संघ के पूर्व अध्यक्ष बृजभूषण शरण सिंह ने नगीना से सांसद चंद्रशेखर आज़ाद 'रावण' के श्री सिंह पर दिये गये बयान पर पलटवार करते हुये कहा कि अब जब एक दलित की बेटी आरोप लगा रही तो आरोपी सांसद चंद्रशेखर पर एफआईआर क्यों नहीं दर्ज हो रही। उन्होंने रविवार को विश्नोहरपुर स्थित अपने पैतृक आवास पर मीडियाकर्मियों से रुबरु होकर कहा कि जाट परिवार की पहलवान बेटियों द्वारा जब उन पर गंभीर आरोप लगायें गये तो उन्होंने न्यायपालिका में लड़ाई लड़ी पर बेगुनाह साबित हुये जबकि आरोपों के दौरान सांसद चंद्रशेखर ने उन्हें खींचकर ले जाने तक का अर्नगल बयान दिया था । भारतीय कुश्ती संघ के पूर्व अध्यक्ष ने कहा कि अब जबकि एक दलित परिवार की बेटी चंद्रशेखर पर आरोप लगा रही तो सभी बड़े नेता चुप्पी क्यों साधे हुये हैं । श्री सिंह ने तत्काल एफआईआर दर्ज करने पर जोर देते हुये पीड़िता को न्याय दिलाने की मांग की है ।

### प्रदेश सरकार 21 जून को योग दिवस मनाने की तैयारी में जुटी


**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश सरकार अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के लिए जोरदार तैयारियां कर रही है। इस अवसर को सांस्कृतिक और आध्यात्मिक उत्साह के साथ मनाने के लिए कई विशेष कार्यक्रमों की योजना बनाई गई है। आधिकारिक सूत्रों ने रविवार को यह जानकारी दी। सूत्रों ने बताया कि पिछले वर्षों की तरह इस बार भी ऐतिहासिक और धार्मिक स्थलों पर बड़े पैमाने पर योग सत्र आयोजित किए जाएंगे। इन स्थलों पर योग को राज्य की समृद्ध विरासत और आध्यात्मिक परंपराओं से जोड़ा जाएगा। गोरखपुर में गोरखधाम मंदिर, प्रयागराज में त्रिवेणी संगम, नैमिषारण्य (सीतापुर) में चक्रतीर्थ और वाराणसी में काशी विश्वनाथ धाम सहित प्रमुख स्थानों पर सामूहिक योग प्रदर्शन आयोजित किए जाएंगे। इसके अलावा लखनऊ में राजभवन और मथुरा में प्रेम मंदिर में भव्य कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। ग्राम पंचायतों, ब्लॉकों, तहसीलों और जिलों में ऐतिहासिक स्थलों पर भी योग सत्र आयोजित किए जाएंगे। योग सप्ताह की आधिकारिक शुरुआत 15 जून को हुई।

# पूर्व मुख्यमंत्री विजय रूपाणी का डीएनए मैच

एजेंसी

अहमदाबाद। एयर इंडिया विमान हादसे में जान गंवाने वाले गुजरात के पूर्व मुख्यमंत्री जय रूपाणी के शव की पहचान हो गई है। रविवार को उनका डीएनए मैच हो गया। राजकोट में सोमवार दोपहर 3 बजे पार्थिव शरीर का अंतिम संस्कार किया जाएगा।

इस हादसे में मृतकों के शव इतने क्षत-विक्षत थे कि उन्हें पहचानना मुश्किल था। इसलिए मृतकों और उनके परिजनों के डीएनए सैंपल के जरिये शवों की पहचान करने का फैसला लिया गया था। इसी क्रम में विजय रूपाणी के बेटे ने कल अस्पताल आकर डीएनए सैंपल दिया था। अब पूर्व सीएम के शव की पहचान होने के बाद पार्थिव शरीर उनके परिवार को सौंपा जाएगा, जिसके बाद राजकोट में राजकीय सम्मान के साथ विजय रूपाणी का अंतिम संस्कार किया जाएगा। भाजपा विधायक रीता पटेल ने कहा कि हमारे पूर्व सीएम का डीएनए टेस्ट हो चुका है और अब



❒ विमान हादसा : राजकोट में आज होगा अंतिम संस्कार

सकारात्मक परिणाम सामने आया है। अब उनके पार्थिव शरीर को राजकोट में उनके परिवार के पास ले जाया जाएगा। इसके बाद उत्तर गुजरात और मध्य गुजरात के निवासियों को उनके प्रति सम्मान प्रकट करने के लिए एक कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। अहमदाबाद सिविल अस्पताल से पार्थिव शरीर परिवार को सौंप दिया जाएगा। ● शेष पेज 11 पर

## केंद्र ने वैज्ञानिक उपकरणों एवं अन्य वस्तुओं के खरीद नियमों में ढील दी

नयी दिल्ली। अनुसंधानकर्ताओं की ओर उठ रही मांगों के बीच सरकार ने रक्षा अनुसंधान संगठनों समेत विभिन्न वैज्ञानिक संस्थानों को वैज्ञानिक उपकरणों और उपभोग्य सामग्रियों की खरीद हेतु वित्तीय सीमा बढ़ा दी है तथा 'जीईएम' पोर्टल के अतिरिक्त अन्य स्रोतों से ऐसी खरीददारी करने की अनुमति प्रदान की है।

मौजूदा वित्तीय नियमों के तहत 200 करोड़ रुपये से कम मूल्य के उपकरणों की खरीद सरकारी ई-मार्केटप्लेस (जीईएम) पोर्टल और स्थानीय उत्पादकों से ही करना अनिवार्य किया गया है ताकि घरेलू विनिर्माण क्षेत्र को प्रोत्साहित मिले। लेकिन इन नियमों के कारण कई वैज्ञानिकों और शोधकर्ताओं को समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है क्योंकि उच्च कोटि के कई अनुसंधान उपकरण जीईएम पोर्टल पर उपलब्ध नहीं होते हैं। अधिकारियों ने बताया कि भारतीय आयुर्विज्ञान अनुसंधान परिषद (आईसीएमआर), रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन (डीआरडीओ) और भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद उन संस्थानों में शामिल ● शेष पेज 11 पर

# उत्तराखंड में हेलीकॉप्टर दुर्घटना में सात लोगों की मौत

कैनविज टाइम्स संवाददाता

रूद्रप्रयाग/देहरादून। उत्तराखंड में रुद्रप्रयाग के गौरीकुंड क्षेत्र में रविवार को एक हेलीकाप्टर के दुर्घटनाग्रस्त हो जाने से पायलट सहित उसमें सवार सात लोगों की मौत हो गयी।

हेलीकाप्टर बाबा केदारनाथ के दर्शन करा कर पांच श्रद्धालुओं और मंदिर समिति के एक कर्मचारी को वापस ला रहा था कि मौसम खराब होने के कारण दुर्घटनाग्रस्त हो गया जिससे पायलट सहित उसमें सवार सभी सात लोगों की मौत हो गई। मृतकों में एक 23 महीने की बच्ची भी है। श्रद्धालु परिवार महाराष्ट्र के निवासी थे। हेली सेवा के नोडल अधिकारी राहुल चौबे ने बताया कि आज सुबह करीब सुबह 5.30 बजे आर्यन एविएशन कंपनी का हेलिकॉप्टर वीटीबीकेए/बीईएलएल 407 गौरीकुंड क्षेत्र में दुर्घटनाग्रस्त हो गया। उन्होंने बताया कि हेलिकॉप्टर गौरी माई खर्क से ऊपर जंगल में गिरा है। दुर्घटना की वजह खराब मौसम



है। उन्होंने बताया कि हेलिकॉप्टर केदारनाथ धाम से गुप्तकाशी जा रहा था। गौरीकुंड के ऊपर घास काट रही नेपाली मूल की महिलाओं ने इसके दुर्घटनाग्रस्त होने और गुबार उठने की सूचना दी थी। रूद्रप्रयाग के जिला आपदा प्रबंधन अधिकारी नंदन सिंह रजवार ने बताया कि दुर्घटनाग्रस्त हेलीकॉप्टर केदारनाथ से प्रातः 5:21 बजे गुप्तकाशी के लिए रवाना हुआ था एवं 5:24 बजे इसे वेली प्वाइंट के पास देखा गया। उस समय क्षेत्र में अत्यधिक कोहरा था जिससे दृश्यता शून्य हो गई थी। 6:13 बजे हेलीकॉप्टर के गुप्तकाशी न पहुँचने की जानकारी हेलीकॉप्टर कंपनी द्वारा दी गई। इसके पश्चात तत्काल कार्रवाई करते हुए खोज एवं बचाव अभियान शुरू किया गया। उन्होंने बताया कि तत्पश्चात आपातकालीन प्रतिक्रिया दलों को सक्रिय किया गया। जिसमें जिला आपदा मोचन बल की टीम के ● शेष पेज 11 पर

## जी-7 में आतंकवाद के मुद्दे को उठाएंगे : मोदी

नयी दिल्ली 15 जून (वार्ता) प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रविवार को कहा कि उनकी कनाडा, साइप्रस और क्रोएशिया की यात्रा आतंकवाद के सभी रूपों और अभिव्यक्तियों से निपटने के लिए वैश्विक समझ को बढ़ाने का अवसर प्रदान करेगी।


श्री मोदी ने तीन देशों की यात्रा पर रवाना होने से पहले अपने वक्तव्य में कहा, 'आज, मैं साइप्रस गणराज्य, कनाडा और क्रोएशिया की तीन देशों की यात्रा पर जाऊंगा। 15-16 जून को मैं राष्ट्रपति निकोस क्रिस्टोडोलिड्स के निमंत्रण पर साइप्रस का दौरा करूंगा। साइप्रस भूमध्यसागरीय क्षेत्र और यूरोपीय संघ में एक करीबी दोस्त और एक महत्वपूर्ण भागीदार है। यह यात्रा ऐतिहासिक संबंधों को मजबूत करने और व्यापार, निवेश, सुरक्षा, प्रौद्योगिकी के क्षेत्रों में हमारे संबंधों का विस्तार करने और लोगों के बीच आदान-प्रदान को बढ़ावा देने का अवसर प्रदान करेगी। श्री मोदी ने कहा, 'साइप्रस से मैं प्रधानमंत्री मार्क कार्नी के निमंत्रण पर जी-7 शिखर सम्मेलन में भाग लेने के लिए कनाडा के कनानैस्किस की यात्रा करूंगा। यह शिखर सम्मेलन वैश्विक मुद्दों और वैश्विक दक्षिण ● शेष पेज 11 पर

# यूपी में आकाशीय बिजली की मार : एक ही परिवार के चार लोगों समेत 10 की मौत

कैनविज टाइम्स ब्यूरो

लखनऊ। प्रदेश के प्रयागराज, संभल, बिजनौर लखनऊ और बरेली जनपद में रविवार को आकाशीय बिजली गिरने से कुल 10 लोगों की मौत हो गयी और कई अन्य घायल हो गये। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। प्रयागराज के यमुना नगर इलाके में कथित तौर पर आकाशीय बिजली गिरने से एक ही परिवार के चार लोगों की मौत हो गई।

एक अधिकारी ने बताया कि घटना शनिवार देर रात बारा तहसील के सोनवर्षा हल्लाबोर गांव में उस समय की है जब विरेंद्र वनवासी अपने परिवार के साथ छप्पर के नीचे सो रहे थे तभी आकाशीय बिजली गिरी। अपर जिलाधिकारी (वित्त एवं राजस्व) विनीता सिंह ने बताया कि झुलसने के कारण विरेंद्र, उनकी पत्नी पार्वती, बेटी राधा और बेटी करिश्मा की मौत हो गई। उन्होंने बताया कि शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। सम्भल के गुन्नौर तहसील क्षेत्र में रविवार को आकाशीय बिजली गिरने से 18 वर्षीय युवती की मौत हो गई जबकि दो अन्य लोग घायल हो गए, जिन्हें इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है।



गुन्नौर की उपजिलाधिकारी (एसडीएम) वंदना मिश्रा ने बताया कि आज सुबह क्षेत्र के गांव मोलनपुर डांडा में अतर सिंह अपने परिजनों के साथ खेत में काम कर रहे थे तभी आकाशीय बिजली गिरने से उनकी बेटी रत्नेश कुमारी (18) की मौत हो गई जबकि उनका बेटा राजेश (32) और पुत्रवधू किशनावती (28) घायल हो गई। मिश्रा के मुताबिक, दोनों घायलों को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है जबकि युवती का शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। एसडीएम ने कहा कि परिजनों को आपदा के तहत जल्द ही आर्थिक सहायता उपलब्ध कराई जाएगी। उधर, बिजनौर जिले में आकाशीय बिजली गिरने से खेत पर काम कर रहे दो लोगों की मौत हो गई। मृतकों में एक महिला भी शामिल है। पुलिस के अनुसार, रविवार सुबह आकाशीय बिजली गिरने से स्योहारा क्षेत्र के गांव मुकरपुरी की सविता देवी (40) की मौत हो गई। स्योहारा थाना प्रभारी अंकित कुमार के अनुसार, सविता खेत पर चारा काट रही थी तभी आकाशीय बिजली गिरने से बुरी तरह झुलस गई और उसे धामपुर अस्पताल ले जाया गया जहां उसकी मौत हो गई। नूरपुर थाना प्रभारी जय भगवान सिंह ने बताया कि गांव नंगली में रविवार सुबह किसान रामानंद कश्यप (56) खेत जोत रहा था, तभी आकाशीय बिजली की चपेट में आकर उसकी मौत हो गई। पुलिस ने दोनों के शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। वहीं, लखनऊ के माल थाना अंतर्गत निवासी किसान नंद कुमार (46)की आकाशीय बिजली की चपेट में आकर मौके पर ही मौत हो गई। यह घटना उस समय हुई, जब किसान बाग जा रहा था। जिससे उसकी घटनास्थल पर ही मौत हो गई। इस हादसे ने पूरे गांव में कोहराम मचा दिया है। इसके अलावा, बरेली जनपद के बहेड़ी कस्बा निवासी फरदीन अंसारी बाइक (22 ) और भोजीपुरा के गांव जटौआ निवासी दुर्गा प्रसाद (25) की बिजली गिरने से मौत हो गई। पुलिस ने दोनों के शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। फरदीन अंसारी रविवार सुबह 7:30 बजे बाइक से मिर्ज़ापुर रंजीत पुल के पास ● शेष पेज 11 पर

## पुल ढहने से दो पर्यटकों की मौत, 12 सैलानी लापता

मुंबई। पुणे जिले के प्रसिद्ध पर्यटन स्थल कुंडमाला में इंद्रायणी नदी पर बना पुराना पुल रविवार को दोपहर में अचानक ढह गया। इस घटना में करीब 24 पर्यटक बह गए हैं, इनमें से करीब १२ लोगों को नदी में निकाल कर अस्पताल पहुंचाया गया। अस्पताल में इलाज के दौरान दो पर्यटकों की मौत हो गई है। 12 सैलानी अभी भी लापता हैं, जिन्हें खोजने के लिए मौके पर एनडीआरएफ और एसडीआरएफ की टीम पहुंच गई है और राहत और बचाव कार्य शुरु कर दिया गया है। मावल पुलिस स्टेशन के पुलिस निरीक्षक रणजीत जाधव ने बताया कि आज रविवार होने की वजह से प्रसिद्ध पर्यटन स्थल कुंडमाला में इंद्रायणी नदी पर बने पुराने पुल पर करीब सौ अधिक पर्यटक पहुंचे थे। यह पुल काफी पुराना और पादचारियों के लिए बनाया गया है। पुल पर जरुरत से अधिक लोगों की वजह से यह पुल अचानक ढह गया। इस घटना में अब तक करीब १२ लोगों को नदी से निकालकर पवना अस्पताल पहुंचाया गया, इनमें से दो की मौत हो गई है। नदी में एनडीआरएफ और एसडीआरएफ की टीम नदी में बहे 12 पर्यटकों की ● शेष पेज 11 पर

# युवाओं के सपने पूरे करने के सारथी बने योगी

कैनविज टाइम्स संवाददाता

❒ प्रतिकूल मौसम में पानी, मेडिकल आदि की अनुकूल व्यवस्था से प्रसन्न दिखे नवनियुक्त अभ्यर्थी

❒ लड़कियों में दिखा चयन पर उत्साह, बोलीं-सीएम योगी की निष्पक्ष नीति से बनी देश की सिपाही

❒ योगी सरकार की निष्पक्ष भर्ती प्रक्रिया से 12 हजार से अधिक बेटियों को मिला रोजगार का अवसर

❒ युवाओं ने कहा, पहले पैसे वालों को ही मिलती थी नौकरी, आज योग्यता को मिल रही प्राथमिकता



लखनऊ। रविवार को जब सूर्य उदय हुआ तो यूपी में 60,244 से अधिक युवाओं के सपनों को पंख लग गए। योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में एक तरफ प्रयागराज महाकुंभ में जहां 66 करोड़ श्रद्धालु उमड़े तो वहीं रविवार को 60,244 अभ्यर्थी एक साथ 'रोजगार के महाकुंभ' में नियुक्ति पत्र लेने पहुंचे। इतनी बड़ी संख्या में एक साथ पहुंचे अभ्यर्थियों के बावजूद यहां अनुशासन और सुव्यवस्था का जो संगम दिखा, सभी ने मुक्तकंठ से इसकी प्रशंसा की। प्रतिकूल मौसम में अनुकूल व्यवस्था पाकर अभ्यर्थियों ने योगी सरकार का आभार जताया।

अनुशासन ऐसा, जिसने देखा मुरीद बन गया60,244 से अधिक अभ्यर्थियों के साथ ही सुरक्षा और व्यवस्था में तैनात अधिकारी/कर्मचारी, फिर भी अनुशासन ऐसा कि जिसने भी देखा, मुरीद हो गया। बसों से आये नवचयनित अभ्यर्थी आयोजन स्थल पर एक साथ पंक्ति में जाकर बैठे। खाकी पैंट, सफ़ेद शर्ट, सफ़ेद टोपी पहने पुरूष अभ्यर्थी व सलवार सूट/साड़ी में 12000 से अधिक महिला अभ्यर्थियों का अनुशासन देखते ही बन रहा था।

उप्र के पुलिस महानिदेशक राजीव कृष्ण ने कहा कि आज विपरीत मौसम भी ऐतिहासिक नियुक्ति पत्र वितरण में आए अभ्यर्थियों का हौसला न डिगा पाया। यहां अभ्यर्थी अपने जिलों से आए अधिकारियों के साथ अपने मंडल को निर्धारित ब्लॉक में जाकर बैठ गए। वहीं उन्हें नियुक्ति पत्र दिया गया।

योग्यता बनी नियुक्ति का आधारबरेली की लवी चौहान ने कहा कि हमें मेहनत का फल मिला है। सीएम योगी की वजह से ईमानदारी से भर्ती सम्भव हो सकी है। एक भी रुपए कहीं देने की जरूरत नहीं पड़ी। वहीं, बरेली की इजमा बी ने कहा कि पहली बार योग्यता के आधार पर इतनी बड़ी संख्या में नौकरी मिली है। वहीं प्रीति अपने खानदान की पहली सरकारी नौकरी पाने वाली युवती बन गई हैं। उन्होंने कहा, यह सब सीएम योगी की नीतियों की वजह से सम्भव हो पाया है।

घर घर रोशनी, बेटियों को मिला सम्मानफिरोजाबाद की नीति यादव और बरेली की राधा पाल ने भी खुशी जाहिर करते हुए कहा कि अब बेटियों को बराबरी का अवसर मिल रहा है। योगी सरकार की ईमानदार व्यवस्था से हजारों युवाओं के घरों में रोजगार का उजाला पहुंचा है। यह ऐतिहासिक भर्ती अभियान योगी सरकार की सुशासन और पारदर्शिता की मिसाल बनकर उभरा है। जहां एक ओर युवाओं को रोजगार मिला, वहीं दूसरी ओर लड़कियों को भी सम्मान और आत्मनिर्भरता की राह मिली।

अब मेहनत करने वालों को मिल रहीं नौकरियांप्रयागराज के अनुराग शर्मा ने बताया कि पहले की सरकार के दौरान पैसे वालों को ही नौकरी मिलती थी, लेकिन अब मेहनत करने वालों को मौका मिल रहा है। यह सब प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की निष्पक्ष परीक्षा व्यवस्था का परिणाम है।

मुख्यमंत्री योगी की सख्त नीतियों के कारण ही मिला मौकाअमेठी के निवासी अखिलेश यादव ने बताया कि वे अपने परिवार के पहले व्यक्ति हैं, जिन्हें सरकारी नौकरी मिली है। यह सब मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की सख्त नीतियों के कारण ही सम्भव हो पाया है।

# अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस का नाना राव पार्क से हुआ शुभारंभ

एजेंसी



कानपुर। सांसद रमेश अवस्थी ने रविवार को दीप प्रज्ज्वलित कर 11वें अंतर्राष्ट्रीय योग सप्ताह दिवस कार्यक्रम का शुभारंभ नाना राव पार्क, फूलबाग से किया। इस दौरान जनपदवासियों से अपील करते हुए कहा गया कि करें योग, रहें निरोग। आप सभी अधिक से अधिक संख्या में इस सप्ताह चलने वाले योग अभ्यास कार्यक्रमों में सहभागिता करें, और 21 जून को ग्रीन पार्क स्टेडियम में आयोजित मुख्य योग कार्यक्रम में भी भाग लेकर योग को जन-आंदोलन बनाएं।

जिलाधिकारी जीतेन्द्र प्रताप सिंह ने कहा कि ''जीवन में यदि स्वास्थ्य है, तो सब कुछ है। पहला सुखऽनिरोगी काया है और इसे पाने के लिए योग का नियमित अभ्यास अत्यंत आवश्यक है। ''योग सप्ताह के अंतर्गत 15 जून से 21 जून तक जनपद के विभिन्न स्थलों पर योगाभ्यास कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। इन कार्यक्रमों के माध्यम से आमजन को शारीरिक स्वास्थ्य एवं मानसिक शांति के प्रति जागरूक किया जाएगा।

जिलाधिकारी ने बताया कि जनपद कानपुर नगर में 11वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के उपलक्ष्य में योग सप्ताह का भव्य शुभारंभ आज दिनांक 15 जून को नाना राव पार्क, फूलबाग से कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि सांसद रमेश अवस्थी के कर कमलों द्वारा किया गया।

## मानसून की पहली बारिश से मौसम हुआ सुहाना, जलभराव से लोग हुए परेशान

सहारनपुर। उत्तर प्रदेश के सहारनपुर जिले में रविवार को हुई मानसून की पहली बारिश जहां एक ओर भीषण गर्मी से राहत दिलायी वहीं दूसरी ओर निचले इलाकों में जलभराव से लोगों को परेशानियों का भी सामना करना पडा। स्मार्ट सिटी सहारनपुर और जनपद के नगर पालिका और टाऊन एरिया अंतर्गत कस्बों में निचले इलाकों में जल निकासी के माकूल प्रबन्ध न होने से जल जमाव से लोगों को दो-चार होने को मजबूर होना पड़ा। कई दिनों की जबरदस्ती गर्मी यानि मौसम 44-45 डिग्री सेल्सियस तक बने रहनेके कारण लोग बेहद परेशान थे। रातों में भी विद्युत आपूर्ति सुचारू न होने से और जलापूर्ति नियमित न होने से लोग बहुत परेशान थे। रविवार सुबह 8 बजेसे पूरे जनपद और आसपास के क्षेत्रों में जमकर मेघा बरसे और सड़कें पानी से लबालब हो गई। नाले और नालियां अतिरिक्त पानी को नहीं ले पाने से सड़कों पर पानी भर गया। लोगों को आवाजाही में भारी असुविधा हुई। कई इलाकों में तेज हवाओं से पेड़ों की टहनियां भी टूट गईं।सहारनपुर-देहरादून मार्ग पर कई स्थानों पर इससे यातायात भी अवरूद्ध हुआ।

# पांच साल बाद कैलाश मानसरोवर यात्रा के लिए निकला पहला जत्था, पर्यटन मंत्री ने दिखाई झंडी

एजेंसी



गाजियाबाद। करीब पांच साल बाद कैलाश मानसरोवर यात्रा इंदिरापुरम स्थित कैलाश मानसरोवर भवन से रविवार सुबह शुरू हो गई। कैलाश मानसरोवर के लिए निकले 50 यात्रियों को पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने रविवार सुबह हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया। इस मौके पर कैबिनेट मंत्री सुनील शर्मा, सांसद अतुल गर्ग, आचार्य प्रमोद कृष्णम, भाजपा के महानगर अध्यक्ष मयंक गोयल समेत अनेक गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

इस मौके पर पर्यटन मंत्री जयवीर सिंह ने बताया कि यह यात्रा 5 साल बाद शुरू हुई है और 25 अगस्त तक मानसरोवर यात्रियों के जत्था रवाना होते रहेंगे। उन्होंने बताया कि गाजियाबाद के इंदिरापुरम स्थित कैलाश मानसरोवर भवन में 288 यात्रियों के ठहरने की व्यवस्था की गई है। इसके अलावा यूपीएसटीडीसी तमाम व्यवस्थाएं देख रही है। निर्देश दिए गए हैं कि यात्रियों को कोई परेशानी ना हो और तमाम सुविधाएं उन्हें समय से पहले उपलब्ध कराई जाए। उन्होंने पहले जात्थे को शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि उन्हें वहां से वापस आने पर 90 दिन के अंदर प्रदेश सरकार की ओर से एक लाख रुपए की अनुदान राशि दी जाएगी। इसके लिए उन्हें केवल एक फॉर्म भरना होगा।

# जिला फुटबॉल लीग आठ जुलाई से शुरू होगी

कैनविज टाइम्स संवाददाता



लखनऊ। लखनऊ फुटबॉल संघ के अध्यक्ष वीरेंद्र कुमार शुक्ला के कार्यालय में जिले के संपूर्ण संस्था, क्लब और विभाग के अध्यक्ष/सचिव ने भाग लिया और 32 संस्था/क्लब/विभाग ने पंजीकरण कराया। दिनांक 20 जून 2025 को फिक्सचर आउट किया जाएगा।

उन्होंने मीटिंग में बताया कि जिला फुटबॉल लीग स्वर्गीय श्री सतीश कुमार शुक्ला (पूर्व अध्यक्ष-जिला फुटबॉल एसोसिएशन लखनऊ) के नाम से आठ जुलाई-2025 से दिलकुशा स्टेडियम-लखनऊ में खेली जायेगी और फीफा एआईएफएफ/यूपीएफएस के नियम के अनुरूप मैच कराया जाएगा और सभी संस्था/क्लब/विभाग को नियमों का पालन करना पड़ेगा। मीटिंग यहाँ भी अवगत कराई गई कि यह जिला फुटबॉल लीग, उत्तर प्रदेश फुटबॉल संघ के सचिव मोहम्मद शाहिद के दिशा-निर्देशों के तहत आयोजित की जा रही है और इसे उत्तर प्रदेश फुटबॉल संघ द्वारा अनुमति दी गई है। इस जिला फुटबॉल लीग में खेलने वाली सभी टीमों/खिलाड़ियों को आल इंडिया फुटबॉल फ़ेडरेशन के पोर्टल पर पंजीकृत किया जाएगा. उत्तर प्रदेश फुटबॉल संघ द्वारा लखनऊ फुटबॉल संघ अध्यक्ष के नाम से एआईएफएफ लॉगिन आईडी दी गई और केवल उक्त लीग में प्रतिभाग करने वाले खिलाड़ी ही जिला/राज्य/राष्ट्रीय स्तर पर ट्रायल दे सकते हैं. यूपी फुटबॉल संघ के सचिव मोहम्मद शाहिद द्वारा यह भी घोषणा की है कि इस फुटबॉल लीग में जो टीम विजेता होगी उस टीम को थर्ड डिवीजन आई- फुटबॉल लीग में क्वालिफयिंग मैच के लिए भेजा जाएगा।

# शरीर, आत्मा और मन को जोड़ता है योग : डॉ. दयाशंकर

कैनविज टाइम्स संवाददाता



लखनऊ। आयुष, खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) डॉ. दयाशंकर मिश्र दयालु ने रविवार को लखनऊ में राजकीय आयुर्वेद महाविद्यालय में योग सप्ताह (15 से 21 जून तक) का शुभारंभ किया।

डॉ. दयाशंकर मिश्र दयालु ने इस अवसर पर पत्रकारों से कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ सहित समस्त प्रदेशवासियों एवं देशवासियों को अंतरराष्ट्रीय योग दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं है। ये 11वां योग दिवस होगा। 2014 से यह अनवरत 11वें वर्ष की योग की यात्रा है। भारत की यह विधा पूरे संसार में स्थापित हो गयी। योग शब्द का अर्थ जोड़ना होता है। शरीर, आत्मा और मन को जोड़ना।

राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) डॉ.दयाशंकर मिश्र दयालु ने कहा कि यही योग आज समाज को जोड़ना माध्यम बन गया है। समाज के लोग पार्को में एक साथ आते हुए योग कर रहे है। भारत के सभी अधिष्ठान, प्रतिष्ठान में योग हो रहा है। वाराणसी व प्रयागराज का गंगा का घाट हो, लखनऊ की रेजीडेंसी हो, योग हर स्थान पर होता दिख रहा है। आज से योग सप्ताह की शुरूआत हुई है। योग प्रशिक्षकों द्वारा योग सिखाया जा रहा है। एक सप्ताह तक स्कूल, कालेज, सरकारी संस्थान, मंदिर, अमृत सरोवरों के किनारे, पेड़ के नीचे युवा, मातृशक्ति योग करते हुए दिखेगें। इस बार योग सप्ताह एतिहासिक होने जा रहा है।

डॉ. दयाशंकर मिश्र ने कहा कि जन जन के बीच में आयुष है। इसकी लोकप्रियता भी बढ़ी है। प्रधानमंत्री मोदी ने योग और आयुष को सहेजा है। दोनों को सहेज को स्थापित कर दिया है। मोदी के मन की बात को सुनेगें तो उनकी मन की बात योग, आयुष के बिना पूरी नहीं होती है। हम अपने जीवन शैली में योग को उतारते हैं तो उससे जीवन का चक्र और मजबूत होता है। हमारा रहन, सहन और खान पान शरीर पर असर डालते हैं। योग करते हुए खान पान को ठीक करने से अच्छा जीवन मिलता है। आयुष विभाग की पत्रिका छपती है, जिसमें सबकुछ लोगों को पढ़ने में मिलता है।

## आप कार्यकर्ताओं ने जिलाध्यक्ष कुलदीप यादव के नेतृत्व में चलाया स्वच्छता अभियान

**उन्नाव।** आप पार्टी के राज्यसभा सांसद संजय सिंह के आवाहन पर प्रत्येक माह रचनात्मक अभियान के क्रम में जनपद उन्नाव के नवाबगंज ब्लॉक के चमरौली स्थित प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र परिसर में जिलाध्यक्ष कुलदीप यादव के नेतृत्व में आम आदमी पार्टी के पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं ने साफ सफाई कर समाज को स्वच्छता का संदेश दिया। जिलाध्यक्ष कुलदीप यादव ने कहा कि उन्नाव जनपद के स्वास्थ्य केंद्रों की हालत खस्ताहाल है। कही चिकित्सक नहीं उपलब्ध है तो कहीं स्वास्थ्य केंद्रों पर समुचित जांचे और दवाएं उपलब्ध नहीं हैं। उन्नाव की स्वास्थ्य व्यवस्थाएं राम भरोसे है। आगे कहा कि सरकारी अस्पताल में मरीजों, डॉक्टरों और अन्य कर्मचारियों के स्वास्थ्य और सुरक्षा के लिए स्वच्छता आवश्यक है। एक स्वच्छ अस्पताल न केवल संक्रमण के प्रसार को कम करता है बल्कि मरीजों और उनके तीमारदारों को अधिक आरामदायक और सकारात्मक अनुभव भी प्रदान करता है। इस मौके पर जिला महासचिव शैलेन्द्र उपाध्याय, मीडिया प्रभारी शरीफ खान, युवा प्रकोष्ठ जिलाध्यक्ष दीपू कुमार, महासचिव भानुप्रकाश, कार्यकारिणी सदस्य रईस अहमद, ब्लॉक अध्यक्ष शिवकुमार सहित पार्टी के तमाम कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## जमीनी विवाद में 12 साल की बालिका की हत्या

बस्ती। उत्तर प्रदेश के बस्ती जिले में पैकोलिया थानाक्षेत्र के जीतीपुर गांव में रविवार को जमीनी विवाद को लेकर हुई दोपक्षों में मारपीट की घटना में एक बालिका को गम्भीर चोट लग जाने से उसकी मौत हो गयी ।

पुलिस सूत्रों ने रविवार को यहां यह जानकारी देते हुए बताया है कि पैकोलिया थाना क्षेत्र के जीतीपुर गांव में जमीन के विवाद को लेकर दो पक्षों में मारपीट की घटना घटी। इस दौरान 12 वर्षीय बालिका परी श्रीवास्तव को गम्भीर चोट लग गयी जिससे उसकी मौत हो गयी है तथा तीन अन्य लोग गम्भीररूप से घायल हो गये है। घायलों को इलाज के लिए चिकित्सालय में भर्ती कराया गयाहै घटना स्थल पर भारी संख्या में भीड़ मौजूद थी। बालिका के मौत के बाद पीड़ित पक्ष ने रास्ते को पूरी तरह से जाम कर दिया है। पैकोलिया पुलिस मामले को शान्त कराने में जुटी हुई है।

# कूड़ा, कचरा, उबड़-खाबड रोड आ जाये समझो बड़ोखर आने वाला है

❒ जगह जगह इंटर लकिंग सड़क पर पानी का जल जमाव, दुर्गन्ध से आसपास रहना मुश्किल

कैनविज टाइम्स संवाददाता



कोरांव प्रयागराज)। जनपद प्रयागराज के विकास खंड कोरांव की बड़ोखर ग्राम पंचायत में स्वच्छता और सड़क की स्थिति बहुत खराब है। हल्की बारिश में भी बाजार की गलियों में निकलना मुश्किल हो जाता है, और फिसलन के कारण लोग गिरकर घायल होते हैं।

बता दें की ग्राम पंचायत में विश्वनाथ दुबे के घर से रतना तालाब तक इंटर लॉकिंग से आवागवन हेतु रास्ता बना हुआ है पुरे सड़क पर गंदगी पानी जल जमाव काई दुर्गध है इसी प्रकार दुबहा टोला हरिजन बस्ती के सामने मुख्य मार्ग पर जल जमाव गड्ढा है वही दूसरी तरफ सोहन लाल आदिवासी के घर के सामने बनी मस्जिद से उत्तर दिशा एयर टेल टावर के तरफ जाने आने वाली इंटर लाकिंग सड़क पर गंदगी पानी का जल जमाव है आलोक मौर्य, मदाड़ी आदिवासी के घर के आसपास व तालाब के भीटा पर गंदगी का अम्बार है काफी समय से पडा कूड़ा तक सफाई कर्मचारी द्वारा नहीं बाहर ले जाया गया बता दे की बड़ोखर ब्लाक कोरांव का सबसे बड़ा ग्राम पंचायत है जिसकी आबादी लगभग 30 हजार व मतदाता 12000 हजार के लगभग है अधिकांश सड़कें इतनी खराब हैं, जिन पर कीचड़, पानी का जल जमाव और गंदगी है। स्थानीय निवासी सूर्य कांत तिवारी वरिष्ठ अधिवक्ता ने जिलाधिकारी प्रयागराज का ध्यान आकृष्ट कराते हुए सफाई कराने और सड़कों की मरम्मत की मांग की है।

# कई विभूतियों को राज्य मंत्री ने किया सम्मानित

कैनविज टाइम्स संवाददाता



लखनऊ। आज उत्तर प्रदेश क्षत्रिय लोकसेवक परिवार महासमिति के तत्वावधान में एक गरिमामय समारोह का आयोजन किया गया, जिसकी अध्यक्षता महासमिति के अध्यक्ष बाबा हरदेव सिंह (पूर्व अध्यक्ष, पीसीएस संघ) ने की। इस विशेष अवसर पर प्रशासनिक, सामाजिक और साहित्यिक क्षेत्र की कई विशिष्ट हस्तियों को सम्मानित किया गया।

मुख्य आकर्षण रहे वरिष्ठ पत्रकार टी बी सिंह, जिन्हें राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) राजा मयंकेश्वर शरण सिंह के कर-कमलों से सम्मान प्राप्त हुआ। कार्यक्रम में पीसीएस संघ के अध्यक्ष पुष्पराज सिंह भी प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।

मंत्री मयंकेश्वर शरण सिंह ने कहा, ॾसमाज में पत्रकार, शिक्षक, साहित्यकार और लोकसेवक मिलकर चेतना का निर्माण करते हैं। आज का आयोजन उन सभी को प्रणाम करने का एक विनम्र प्रयास है।ॾ

पीसीएस संघ अध्यक्ष पुष्पराज सिंह ने कहा, ॾबाबा हरदेव सिंह जी की यह पहल प्रशासनिक सेवा में प्रेरणा का स्रोत है। इससे युवा अधिकारियों को समाज से जुड़ने की सीख मिलती है।ॾ

सम्मानित वरिष्ठ पत्रकार टी बी सिंह ने अपने उद्बोधन में कहा, ॾयह सम्मान मेरे लिए नहीं, बल्कि उस पत्रकारिता के लिए है जो जनसरोकारों की बात करती है। यह समाज की आवाज़ को और मज़बूती देता है। इस भव्य समारोह में पद्मश्री विद्या विंदु सिंह, सपा नेत्री जूही सिंह, कई वैज्ञानिक, साहित्यकार, शिक्षाविद और समाजसेवी उपस्थित रहे। आयोजन ने विविध क्षेत्रों में उत्कृष्ट योगदान देने वालों को एक मंच पर लाकर सम्मानित किया और सामाजिक समरसता का एक प्रेरणादायक संदेश दिया।

# उत्तर प्रदेश आदर्श योग समिति के तत्वावधान में आशियाना,एलडीए क्षेत्र मे योगाभ्यासियो ने निकाली ''योग जागरुकता वाहन रैली



कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखनऊ। उत्तर प्रदेश आदर्श व्यापार मण्डल के प्रदेश अध्यक्ष एवं समिति के संरक्षक संजय गुप्ता ने झंडी दिखा कर योग जागरुकता वाहन रैली '' को रवाना किया उत्तम स्वास्थ्य मानव जीवन की सबसे बड़ी निधि : संजय गुप्ता योग के माध्यम से शरीर के प्रत्येक अंगो को स्वस्थ रखा जा सकता है: संजय गुप्ता ईश्वर ने शरीर में प्राकृतिक अस्पताल की व्यवस्था की हुई है, योग ,संयमित खानपान एवं दिनचर्या से सभी बीमारियों को नियंत्रित किया जा सकता है:संजय गुप्ता अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर आशियाना एवं गोमती नगर में आयोजित होंगे योग कार्यक्रम 15,जून, ''उत्तर प्रदेश आदर्श योग समिति'' के तत्वावधान में राजधानी के एल डी ए, आशियाना क्षेत्र में प्रातः सात बजे योगाभ्यासियों द्वारा ''योग जागरुकता वाहन रैली ''निकाली गई। ''योग जागरूकता वाहन रैली ''को उत्तर प्रदेश आदर्श व्यापार मण्डल के प्रदेश अध्यक्ष एवं उत्तर प्रदेश आदर्श योग समिति के संरक्षक संजय गुप्ता द्वारा झण्डी दिखा कर शुरू किया गया इस अवसर पर उत्तर प्रदेश आदर्श योग समिति के अध्यक्ष संदीप सिंह गौर, आदि मुख्य रूप से मौजूद रहे ''योग जागरुकता वाहन रैली'' आशियाना के जोनल पार्क से शुरू होकर एलडीए आशियाना के सभी क्षेत्रो मोहल्लों ,बाज़ारो एवं पार्को से होते हुए अपने उद्गम स्थान पर संपन्न हुई ''योग जागरूकता वाहन रैली'' में महिलाओं ,बुजुर्गों ,व्यापारियों, युवाओं ,सेवानिवृत्त सरकारी अधिकारियों आदि ने बड़ी संख्या में हिस्सा लिया तथा महिलाओं द्वारा योग गीत के माध्यम से घर घर जाकर लोगों को जीवन में योग अपनाने के लिए प्रेरित किया गया योग गीतों के माध्यम से जीवन में योग अपनाने हेतु सबको जागरुक किया गया उत्तर प्रदेश आदर्श योग समिति के अध्यक्ष संदीप सिंह गौर ने जानकारी देते हुए बताया 21 जून को अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर आशियाना क्षेत्र में योग का बड़ा कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। इस अवसर पर बोलते हुए उत्तर प्रदेश आदर्श व्यापार मण्डल के प्रदेश अध्यक्ष एवं उत्तर प्रदेश आदर्श योग समिति के संरक्षक संजय गुप्ता ने कहा उत्तम स्वास्थ्य मानव जीवन की सबसे बड़ी निधि है इस निधि को बढ़ाने के लिए सभी को लगातार योग करते रहना चाहिए उन्होंने कहा योग के माध्यम से शरीर के प्रत्येक अंगो को स्वस्थ रखा जा सकता है, ईश्वर ने शरीर में प्राकृतिक अस्पताल की व्यवस्था की हुई है, योग ,संयमित खानपान एवं दिनचर्या से सभी बीमारियों को नियंत्रित किया जा सकता है ।

# लखनऊ से 1200 किलोग्राम दशहरी आम का कन्साइनमेंट दुबई रवाना

कैनविज टाइम्स संवाददाता



लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की नेतृत्व में कृषि निर्यात को बढ़ावा देने के अभियान को नई उड़ान मिली है। प्रदेश के उद्यान, कृषि विपणन एवं कृषि विदेश व्यापार एवं कृषि निर्यात राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) दिनेश प्रताप सिंह ने रविवार को मैंगो पैक हाउस, रहमानखेड़ा, लखनऊ से दशहरी आम के 1200 किलोग्राम (400 पैक, प्रत्येक 3 किग्रा) का कन्साइनमेंट दुबई के लिए रवाना किया। यह आम का कन्साइनमेंट वायु मार्ग से लखनऊ से दुबई भेजा गया। आयातक कंपनी वरग्रो ट्रेडिंग एलएलसी, दुबई, यूएई है। इसका कुल मूल्य 2992 अमेरिकी डॉलर है, जो उत्तर प्रदेश के आम उत्पादकों को वैश्विक बाजार में नई पहचान दिला रहा है। इन्डो-जर्मन एएमडी प्रोजेक्ट के अंतर्गत लखनऊ क्षेत्र से चयनित तीन एफपीओ को कृषि निर्यात का प्रशिक्षण देकर उनकी क्षमता का विकास किया गया। इनमें से इरादा फार्मर्स प्रोड्यूसर कंपनी लिमिटेड एवं मलिहाबाद फार्मर प्रोड्यूसर कंपनी लिमिटेड को दुबई से दशहरी आम का सीधा ऑर्डर मिला है। यह दोनों एफपीओ इस वर्ष पहली बार स्वयं अपने स्तर पर दुबई को आम निर्यात कर रहे हैं। यह उत्तर प्रदेश के आम उत्पादकों के लिए एक ऐतिहासिक उपलब्धि है। योगी सरकार किसानों को दे रही हर संभव सहयोग मंत्री दिनेश प्रताप सिंह ने इस अवसर पर कहा कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के मार्गदर्शन में प्रदेश का आम निर्यात लगातार बढ़ रहा है। हमारा लक्ष्य है कि उत्तर प्रदेश के आम उत्पादक किसान वैश्विक बाजार में अपनी मजबूत पहचान बनाएं। सरकार किसानों को अंतरराष्ट्रीय मानकों के अनुरूप उत्पादन, पैकेजिंग एवं निर्यात में हर संभव सहयोग प्रदान कर रही है। इस ऐतिहासिक कार्यक्रम के दौरान प्रमुख रूप से इंद्र विक्रम सिंह (सचिव, कृषि एवं कृषि विदेश व्यापार), टी.के. शिबु (विशेष सचिव/निदेशक), निदेशक सीआईएसएच लखनऊ, एवं इंडो-जर्मन प्रोजेक्ट जयपुर की टीम उपस्थित रही।

# बैटरी चोरी करने वाले दो आरोपी गिरफ्तार एक बैट्री और चोरी की बाइक बरामद

कैनविज टाइम्स संवाददाता



मोहनलालगंज।लखनऊ। मोहनलालगंज कोतवाली क्षेत्र के मुरलीनगर में हाइवे के किनारे खड़े डंफर से बैट्री चोरी हो गई थी जिसको लेकर पुलिस ने अज्ञात चोरों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर चोरों का पता लगाने।में जुट गई थी पुलिस के खास मुखबिर के द्वारा चोरों की सूचना पर पुलिस टीम ने धर दबोचा पकड़े गए आरोपियों के खिलाफ विधिक कार्यवाही करते हुए उन्हें रविवार को जेल भेज दिया।ज्ञात हो कि बीते शुक्रवार को है, पीड़ित अनुरुद्ध मिश्रा पुत्र राकेश मिश्रा निवासी मुरलीनगर मोहनलालगंज ने रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि उनकी गाड़ी डम्पर मुरलीनगर मोड़ के पास लखनऊ-रायबरेली रोड पर खड़ी थी। कुछ अज्ञात लोग गाड़ी की बैटरी निकाल कर चोरी कर ले गए। पुलिस ने तत्काल चोरी का मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी थी।तत्पश्चात बीती रात मुखबिर से सूचना मिली कि दो अभियुक्त चोरी की बैटरी लेकर मोटरसाइकिल से कहीं जा रहे हैं। इस पर पुलिस टीम ने घेराबंदी कर दोनों को अतरौली मोड़ के पास से गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ में अभियुक्तों ने चोरी की बैटरी व मोटरसाइकिल के संबंध में जानकारी दी। पुलिस ने मोटरसाइकिल की भी पुष्टि की तो वह पीजीआई थाना क्षेत्र से चोरी हुई थी। इस पीजीआई कोतवाली में मुकदमा पंजीकृत किया गया था।

पकड़े गए अभियुक्तों में अनूप सिंह, पुत्र राम प्रकाश सिंह, निवासी ग्राम कसोपुहाडापुर, थाना हरचंद पुर जनपद रायबरेली के है। दूसरे अयोध्या प्रसाद, पुत्र स्वर्गीय अहेरे लाल, निवासी ग्राम कसोपुहाडापुर, थाना हरचंद पुर जनपद रायबरेली के है दोनों मजदूरी करते है। बरामद की गई एक अदद बैटरी एक्साइड एक्सप्रेस कम्पनी की है एक अदद मोटरसाइकिल ठघ्53एक्क6883, स्प्लेंडर प्लस, ब्लैक रंग की बरामद की है।पुलिस ने दोनों अभियुक्तों को न्यायिक अभिरक्षा में भेज दिया है। पुलिस का कहना है कि आगे की पूछताछ में और भी घटनाओं का खुलासा हो सकता है।

# मोहनलालगंज में दबंगों का तांडव, कोतवाली गेट के सामने खुलेआम मारपीट

कैनविज टाइम्स संवाददाता




मोहनलालगंज। लखनऊ,मोहनलालगंज कोतवाली क्षेत्र में कानून व्यवस्था को खुलेआम चुनौती देते हुए दबंगों ने कोतवाली गेट के ठीक सामने एक बार फिर तांडव मचाया। आधिकारिक सूत्रों के मुताबिक मोहनलालगंज कोतवाली क्षेत्र के कल्ली पूरब में दरवाजा खोलने-बंद करने को लेकर दो पक्षों में उपजा विवाद इस कदर बढ़ा कि थाने में प्रार्थना पत्र देने पहुंचे प्रधान पक्ष पर ही दूसरे पक्ष ने हमला बोल दिया। घटना की हैरानी वाली बात यह रही कि मारपीट थाने के बाहर सहायक पुलिस आयुक्त कार्यालय के गेट के ठीक सामने हुई और पुलिसकर्मी मौजूद होने के बावजूद दबंग लगातार पिटाई करते रहे।

यह पूरी घटना न केवल थाने के सामने हुई बल्कि उसका वीडियो भी सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो गया, जिससे पुलिस विभाग की कार्यप्रणाली पर गंभीर सवाल खड़े हो गए हैं।पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक मोहनलालगंज कोतवाली क्षेत्र के कल्ली पूरब गांव के ग्राम प्रधान राम खेलावन पुत्र देवकरन अपने परिजनों के साथ थाने पहुंचे थे। वहां वे गांव के ही राम जियावन पुत्र नन्हे के खिलाफ दरवाजा जबरन बंद करने को लेकर शिकायत दर्ज कराने आए थे। उसी दौरान दूसरा पक्ष भारी संख्या में पहुंचा और प्रधान पक्ष के परिजनों के साथ गेट के सामने ही जमकर मारपीट कर डाली।घटना की सूचना मिलते ही मोहनलालगंज पुलिस और पीजीआई क्षेत्र से बुलाया गया पुलिस बल तत्काल मौके पर पहुंचा। मारपीट कर रहे दबंगों को काबू में लेकर नौ आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया गया। पूछताछ में सामने आया कि दोनों पक्षों में पुराना विवाद है, जो अचानक थाने के गेट पर टकराव में बदल गया।गिरफ्तार किए गए आरोपी राम सिंह पुत्र दुलारे,सुमित पुत्र राम कुमार, राम कुमार पुत्र सुंदरलाल,

राम जियावन पुत्र नन्हे, दिनेश पुत्र सुदामा,सर्वेश पुत्र रामरतन, प्रदीप पुत्र वंशीलाल,अनुज पुत्र मोहन,चन्द्रशेखर पुत्र स्व0 राम दयाल ये सभी सभी आरोपी मोहनलालगंज कोतवाली क्षेत्र के कल्ली पूरब,गांव के रहने वाले हैं।

पुलिस ने पीड़ित पक्ष से तहरीर लेकर सुसंगत धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया है। और सभी गिरफ्तार अभियुक्तों के खिलाफ कठोर विधिक कार्रवाई की जा रही है। फिलहाल गांव में स्थिति को देखते हुए अतिरिक्त पुलिस बल तैनात कर दिया गया है और शांति व्यवस्था बनाए रखने की कोशिश की जा रही है।घटना का वीडियो वायरल होने के बाद आम जनता और व्यापारी लोगों में भी रोष व्याप्त है। लोगों का कहना है कि जब थाने के सामने और पुलिसकर्मियों की मौजूदगी में इस तरह की घटनाएं हो सकती हैं तो आम जनता की सुरक्षा की क्या गारंटी है।यह मामला पुलिस महकमे के लिए एक बड़ी चुनौती बन गया है और देखना यह होगा कि दोषियों पर कितनी जल्दी और सख्त कार्रवाई होती है।

## फांसी पर झूलता मिला युवक

ठाकुरगंज लखनऊ कैनविज टाइम्स संवाददाता । कोतवाली क्षेत्र के बसंत विहार कॉलोनी में सोमवार सुबह उस समय हड़कंप मच गया जब एक युवक का शव उसके कमरे में पंखे से लटकता मिला। युवक की पहचान 44 वर्षीय आशीष त्रिपाठी पुत्र सेवक राम त्रिपाठी के रूप में हुई है। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शव को कब्जे में लिया और पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। घटना की सूचना मिलने पर भूहर चौकी प्रभारी मुदित राय टीम के साथ मौके पर पहुंचे। जांच में पाया गया कि आशीष ने दुपट्टे के सहारे पंखे से फांसी लगाकर आत्महत्या की है। मौके से कोई सुसाइड नोट बरामद नहीं हुआ है, जिससे घटना के पीछे का कारण फिलहाल अज्ञात बना हुआ है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार, आशीष पहले हरी नगर दुगावा (नाका थाना क्षेत्र) वहीं वर्तमान बसंत विहार कॉलोनी लाल बाग भूहर में रहता था। वह लंबे समय से अत्यधिक शराब का सेवन करता था और तनाव में दिखाई देता था। करीब आठ साल पहले उसकी पहली पत्नी शालिनी से अलगाव हो चुका था। वर्तमान में वह सुनीता उर्फ मीना नामक महिला के साथ सहजीवन में रह रहा था।

स्थानीय लोगों का कहना है कि वह कुछ समय से गुमसुम रहने लगा था। पुलिस अब उसकी पारिवारिक, मानसिक और सामाजिक स्थिति को ध्यान में रखकर जांच कर रही है। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट और आसपास के लोगों से पूछताछ के आधार पर ही स्थिति स्पष्ट हो सकेगी। फिलहाल सभी बिंदुओं पर जांच जारी है।

## गैस टैंकर ने लोडर में मारी टक्कर चालक की दबकर मौत

सरोजनीनगर कैनविज टाइम्स संवाददाता । लखनऊ ऋक्षेत्र में एलपीजी टैंकर ने लोडर को टक्कर मार दी जिससे लोडर चालक की दबकर मौत हो गई। बंथरा थाना क्षेत्र के खुर्रमपुर निवासी मोनू पाल (25) अपना खुद का लोडर वाहन चुंगी स्थित पीएनजी कंपनी में किराए पर चलाता है। शनिवार को एलपीजी गैस टैंकर ने बैक करते समय लोडर वाहन को ठोकर मार दी। हादसे में लोडर चालक मोनू पाल लोडर में फंस गया। सूचना पाकर मौके पर पहुंची सरोजनीनगर पुलिस ने मोनू को लोडर से निकाल कर सरोजनीनगर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले गई जहां पर डॉक्टर ने उसको मृत घोषित कर दिया। सरोजनीनगर पुलिस ने इसकी सूचना मृतक के परिजनों को दी। मृतक के पिता राजेश पाल ने टैंकर चालक के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई। पुलिस एलपीजी टैंकर को कब्जे में लेकर मामले की जांच कर रही है। राजेश का कहना है कि उनका लड़का मोनू मिरानपुर पिनवट के पास किसान पथ से कानपुर रोड की तरफ जा रहा था, इसी दौरान एक एलपीजी गैस टैंकर ने अचानक अपनी गाड़ी बैक करना शुरू कर दिया और टैंकर ने लोडर में जोरदार ठोकर मार दी और इसके बाद टैंकर चालक टैंकर छोड़कर फरार हो गया।मोनू के परिवार में उसकी गर्भवती पत्नी जूही पाल और चार वर्षीय बेटा है।

## नवविवाहिता ने फांसी लगाकर की आत्महत्या

बंथरा कैनविज टाइम्स संवाददाता । इलाके की ग्राम सभा बनी के मजरा नारायण खेड़ा में रविवार तड़के एक नव विवाहिता ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। नवविवाहिता के फांसी लगाने का कारण नहीं पता चला ना ही घटना स्थल से कोई सुसाइड नोट बरामद हुआ है अंदाज़ा लगाया जा रहा है कि घरेलू कलह में नवविवाहिता द्वारा ऐसा कदम उठाया गया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार सरोजिनी नगर के आजाद नगर की रहने वाली खुशी मिश्रा (25) ने नारायण खेड़ा के रहने वाले अर्जुन सिंह से बीते साल मार्च में प्रेम विवाह किया था और दोनों एक साथ नौकरी भी करते थे जिसके बाद परिवार में सबकुछ सामान्य चल रहा था। घटना वाली रात भी अर्जुन के घर पर अखंड रामायण का पाठ चल रहा था बताते हैं की रात्रि में ही खुशी का परिजनों से किसी बात को लेकर विवाद हुआ और वह कमरे में चली गई, काफी देर तक जब वह बाहर ना निकली तो परिजनों ने दरवाजा खटखटाया जो अंदर से बंद था, खिड़की से झांक कर देखा तो खुशी पंखे से लटक रही थी इसके बाद परिजनों ने दरवाजा तोड़कर उसे बाहर निकाला तब तक उसकी मौत हो चुकी थी। घटना के बाद जानकारी पुलिस को दी गई।

# सीतापुर नगरपालिका की सीटों पर दावा कर सकती है रालोद

कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखनऊ। राष्ट्रीय लोक दल हाल ही में रिक्त हुई सीतापुर नगरपालिका की दो सीटों में से किसी एक पर दावा कर सकती है। इसकी मांग रालोद के प्रदेश महासचिव आरपी सिंह चौहान ने शीर्ष नेतृत्व से की है। बीते मंगलवार को आरपी सिंह चौहान ने रालोद मुखिया जयंत चौधरी से मुलाकात भी की थी।

बता दें कि जनपद सीतापुर में महमूदाबाद व मिश्रिख-नैमिषारण्य नगरपालिका परिषद के अध्यक्षों के निधन के कारण उक्त दोनो नगरपालिका परिषदों में अध्यक्ष पद रिक्त हो गयें हैं। इन दोनो जगहों पर उपचुनाव होना है। नगरपालिका महमूदाबाद जहां अनारक्षित सीट है, वहीं नगरपालिका मिश्रिख, नैमिषारण्य अनुसूचित जाति (महिला) के लिए आरक्षित है। नगरपालिका महमूदाबाद पर समाजवादी पार्टी ने जीत दर्ज की थी तथा नगरपालिका परिषद मिश्रिख नैमिषारण्य निर्दल उम्मीदवार ने जीत दर्ज की थी जबकि इस सीट पर भाजपा के स्थानीय विधायक रामकृष्ण भार्गव की पुत्रवधु भाजपा की उम्मीदवार थी। अब, सीतापुर

**रालोद महासचिव आरपी सिंह चौहान ने जयंत चौधरी को लिखा पत्र**

की इन दोनों सीटों पर रालोद की नज़र है।

बीते चुनाव में महमूदाबाद और मिश्रिख दोनों ही सीट पर भाजपा जीत हासिल नहीं कर पाई थी। ऐसे में रालोद नेता का मानना है कि रालोद प्रत्याशी इन सीटों पर अच्छा प्रदर्शन कर सकता है। यही कारण है कि रालोद नेता आरपी सिंह चौहान ने पार्टी मुखिया को पत्र लिखकर दावेदारी की बात की है। पश्चिम यूपी से बाहर सीतापुर, रालोद का एक अहम जिला माना जाता है। ऐसे में इस दावेदारी को पश्चिम यूपी से बाहर, पार्टी के विस्तार से भी जोड़कर देखा जा रहा है।

# अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर सांस्कृतिक और आध्यात्मिक स्थल भी होंगे योगमय



कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखनऊ। अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस को लेकर उत्तर प्रदेश सरकार की तैयारियां पूरे जोश के साथ आगे बढ़ रही हैं। हर बार की तरह इस बार भी योग दिवस को सांस्कृतिक और आध्यात्मिक चेतना से जोड़ते हुए ऐतिहासिक स्थलों पर विशेष आयोजन किए जा रहे हैं।

आयुष मंत्री दयाशंकर दयालु ने बताया कि गोरखपुर के गोरखधाम मंदिर, प्रयागराज के त्रिवेणी संगम, सीतापुर के नैमिषारण्य चक्र तीर्थ और वाराणसी के काशी विश्वनाथ धाम जैसे धार्मिक स्थलों पर भी सामूहिक योगाभ्यास का आयोजन किया जाएगा। यही नहीं,लखनऊ के राजभवन और मथुरा के प्रेम मंदिर में भी योग से जुड़ी गतिविधियों का भव्य आयोजन किया जाएगा।

इसके साथ ही, ग्राम पंचायत, ब्लॉक, तहसील और जिले के ऐतिहासिक स्थलों पर भी योग सत्र आयोजित होंगे। 15 जून से योग सप्ताह की शुरुआत के साथ पूरे प्रदेश में जनपद एवं राज्य स्तर पर अनेक कार्यक्रम शुरू हो गए हैं। इस दौरान प्रतिभागियों को योग प्रतिज्ञा भी दिलाई गई।

स्कूल-कॉलेज से लेकर जेल और झुग्गियों तक पहुंचेगा योग

16 जून को स्कूलों और महाविद्यालयों में योगासन के साथ-साथ पोस्टर, भाषण, निबंध, प्रश्नोत्तरी और रंगोली प्रतियोगिताएं कराई जाएंगी। 17 जून को 'आयुष ग्राम योग दिवस' के तहत ग्राम पंचायतों में योग सत्र और स्वास्थ्य परीक्षण शिविर आयोजित होंगे।

18 जून को विशेष वर्ग–जैसे दिव्यांग, कैदी, अनाथालयों और झुग्गीवासियों के लिए भी योग कार्यक्रम तय हैं। 19 जून को सरकारी और कॉर्पोरेट दफ्तरों में सामूहिक योगाभ्यास होगा। 20 जून को महिला स्वास्थ्य को केंद्र में रखते हुए छात्राओं, गर्भवती, प्रौढ़ और कामकाजी महिलाओं के लिए योग सत्र होंगे। 21 जून को अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर राजभवन लॉन, रेजीडेंसी और सभी जिला मुख्यालयों पर सामूहिक योगाभ्यास आयोजित होगा। इसी दिन जनपद और राज्य स्तर की विभिन्न प्रतियोगिताओं के विजेताओं को सम्मानित भी किया जाएगा। प्रतियोगिताएं और पुरस्कार राज्य व जनपद स्तर पर निबंध, स्लोगन, चित्रकला और योगासन प्रतियोगिताएं कराई जा रही हैं। 16 जून को शाम 5 बजे तक द्धष्प्ध्ः//द्धभद2025.दधद्ब पोर्टल पर प्रविष्टियां ली जाएंगी। 21 जून को मुख्य आयोजन के बाद इन प्रतियोगिताओं के विजेताओं को सम्मानित किया जाएगा। राज्य स्तर पर प्रथम पुरस्कार 21,000 रुपए, द्वितीय पुरस्कार 11,000 रुपए, तृतीय पुरस्कार 5,100 रुपए, चतुर्थ पुरस्कार 2,100 रुपए और पंचम पुरस्कार पुरस्कार 1,100 रुपए का होगा। जनपद स्तर पर पुरस्कार वितरण हेतु सभी 75 जिलों को 2.63 करोड़ रुपए से अधिक की धनराशि आवंटित कर दी गई है।

# शिव शांति आश्रम में 15 वें वार्षिक योग महोत्सव की शुरूआत

कैनविज टाइम्स संवाददाता



लखनऊ। परमपूज्य संत साईं चाड्डूराम साहिब (बाबा साईं) की छाँव तले शिव शांति आश्रम में अभ्युदय योग केंद्र के 15 वें वार्षिक योग महोत्सव की शुरूआत हुई। साईं मोहन लाल व साईं हरीश लाल के मार्गदर्शन में योग महोत्सव में योगा संचालक अशोक केवलानी द्वारा प्रशिक्षण दिया गया और उपस्थित सभी लोगों ने सामूहिक योग-प्रणायाम किया।

सिंधी अकादमी के पूर्व उपाध्यक्ष नानक चंद ने बताया कि योग महोत्सव का कार्यक्रम प्रत्येक वर्ष होता आ रहा है। बीते 15 वर्षों से आश्रम में नियमित चल रहे योग केंद्र में लोग आकर बड़ी संख्या में निशुल्क योग सीख रहे है। योगा के साथियों द्वारा भजनों की माला की मधुर प्रस्तुति दी गई, साथ ही दो लघु नटिकाओं की प्रस्तुति भी की गयी है। ये कार्यक्रम इसी तरह 21 जून तक नियमित चलेगें। इस अवसर पर पतंजलि योगपीठ से स्वामी रामदेव के दूत स्वरूप स्वामी अभिषेक पधारे थे। वहीं पूर्व आईएएस अधिकारी राजाराम, पूर्व आईएएस संजीव त्रिपाठी ?सहित सिंधी समाज के ढ़ेरो कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# योग के रंग में रंगी शिव नगरी गोला, भव्य समारोह के साथ योग सप्ताह का शुभारंभ

कैनविज टाइम्स संवाददाता



लखीमपुर खीरी। नीलकंठ मैदान, गोला गोकर्णनाथ में रविवार की सुबह शिवत्व और स्वास्थ्य का अद्भुत संगम देखने को मिला। योग सप्ताह का शुभारंभ विधायक अमन गिरी, सीडीओ अभिषेक कुमार और नगर पालिका परिषद अध्यक्ष विजय शुक्ला 'रिंकू' ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलन कर किया।सभी तहसील व ब्लाक मुख्यालयों में भी योग सप्ताह पर भव्य कार्यक्रम हुए। कार्यक्रम का संयोजन व संचालन क्षेत्रीय आयुर्वेदिक एवं यूनानी अधिकारी डॉ. हरवंश कुमार ने किया।

कार्यक्रम के दौरान विधायक, सीडीओ और चेयरमैन ने अधिकारियों, कर्मचारियों और आमजन के साथ सामूहिक योगाभ्यास कर संदेश दिया कि योग केवल व्यायाम नहीं, बल्कि समग्र जीवनशैली का विज्ञान है। योग के मास्टर ट्रेनर शशीकांत दीक्षित, योग प्रशिक्षक कुलदीप वर्मा ने योग शिक्षक अमित शुक्ला, पूजा पांडेय के साथ प्रतिभागियों को योगा प्रोटोकॉल के तहत विभिन्न आसनों का अभ्यास कराया। अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस ''एक पृथ्वी, एक स्वास्थ्य के लिए योग'' थीम पर व्यापक स्तर मनाया जा रहा है।

विधायक अमन गिरी ने कहा कि योग भारतीय संस्कृति की अमूल्य देन है, जो शरीर, मन और आत्मा के संतुलन से जीवन में पूर्णता लाता है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के प्रयासों से आज पूरी दुनिया योग को अपना चुकी है। अंतरराष्ट्रीय योग दिवस भारत की सोच और नेतृत्व की वैश्विक स्वीकृति का प्रतीक है।''

सीडीओ अभिषेक कुमार ने कहा कि योग केवल शरीर संचालन का माध्यम नहीं, बल्कि आत्म-संवाद और प्रकृति से जुड़ने का मार्ग है। यह हमारी जीवनशैली को संतुलित और जागरूक बनाता है। ''एक पृथ्वी, एक स्वास्थ्य के लिए योग'' थीम पर 15 जून से 21 जून तक योग सप्ताह और 21 जून को अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पूरे जिले में बड़े स्तर पर मनाया जाएगा।

नपाप चेयरमैन विजय शुक्ला रिंकू ने स्वयंसेवी संस्थाओं के पदाधिकारियों से अपील की कि वह अपने घर के सदस्यों एवं अन्य लोगों को योग करने हेतु प्रेरित करें। योग के महत्व को बताते हुए इसको वसुधैव कुटुंबकम की भावना को मजबूती प्रदान करने वाला तथा पूरी मानवता को एक साथ जोड़ने के एक सशक्त माध्यम के रूप में रेखांकित किया। इस दौरान एसडीएम विनोद कुमार गुप्ता, तहसीलदार सुखबीर सिंह, बीडीओ ऋषि अहिरवार,भाजपा नेता मोंटी गिरी, सुरजन लाल वर्मा, जिला होम्योपैथिक चिकित्साधिकारी डॉक्टर शैलेश प्रताप सिंह, डॉ विनोद कुमार वर्मा, डॉ डालचंद, डॉ सुदीप तिवारी सहित सैकड़ो की संख्या में योग साधक मौजूद रहे।

दुखद विमान हादसे पर सामूहिक श्रद्धांजलियोगाभ्यास कार्यक्रम के पश्चात सीडीओ अभिषेक कुमार ने हाल ही में हुए विमान हादसे को अत्यंत दुखद बताया। उन्होंने उपस्थित जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों, कर्मचारियों एवं आम नागरिकों संग दो मिनट का मौन रखकर दिवंगत आत्माओं को श्रद्धांजलि दी। पूरे वातावरण में एक भावुक और शांतिपूर्ण दृश्य देखने को मिला।

# धड़ल्ले से संचालित हो रही अवैध पैथालॉजी लैब, प्रशासन मौन

कैनविज टाइम्स संवाददाता

मछरेहटा – सीतापुर । स्वास्थ्य सेवाओं के नाम पर चल रहा बड़ा खेल, क्षेत्र में बिना रजिस्ट्रेशन व प्रशिक्षित टेक्नीशियन के धड़ल्ले से पैथालॉजी लैब का संचालन हो रहा है। न तो कोई मान्यता है और न ही कोई सुरक्षा न ही कोई मानक, बावजूद इसके

**आखिर किसके शय पर हो रहे संचालित , स्वास्थ्य विभाग क्यों बना अनजान**

आम जनता को जांच रिपोर्ट के नाम पर गुमराह किया जा रहा है।




सूत्रों के अनुसार, कई स्थानों पर झोलाछाप चिकित्सकों की शह पर यह अवैध लैबें चल रही हैं, जो गंभीर बीमारियों की भी जांच कर रही हैं – बिना किसी आधुनिक तकनीक या प्रशिक्षित स्टाफ के। यहाँ तक कि क्क्ष्ठ, हेपेटाइटिस, ब्लड शुगर, थायरॉइड जैसी जांचें भी की जा रही हैं, जिनकी रिपोर्ट झूठे सांचे में फिट कर दी जाती है। जैसे - स्टार पैथालॉजी , जी एस पैथालॉजी , बाला जी पैथालॉजी एण्ड एक्स - रे , आयोग्यम पैथालॉजी मछरेहटा , अर्नव पैथालॉजी सूरजपुर , सुमित्रा पैथालॉजी , माँ विद्या पॉलीक्लीनिक बिना रजिस्ट्रेशन व बिना टेक्नीशियन के संचालित हो रहे है। स्वास्थ्य विभाग की लापरवाही से आमजन के स्वास्थ्य से खिलवाड़ हो रहा है। स्थानीय लोगों का कहना है कि इनके प्रति ठोस से ठोस कार्रवाई करनी चाहिए । इससे स्पष्ट है कि कहीं न कहीं प्रशासनिक मिलीभगत भी इस गोरखधंधे को संरक्षण दे रही है।

# जनपद सीतापुर को अपनी उत्कृष्ट सेवाओं से गौरवान्वित करने वाले जिला सूचना अधिकारी श्री लाल कमल का मुख्यालय स्थानांतरण

कैनविज टाइम्स संवाददाता



सीतापुर । जनपद सीतापुर में अपनी निष्पक्ष, संवेदनशील और नीतिपरक कार्यशैली से मीडिया, प्रशासन तथा आमजन के मध्य गहरी छाप छोड़ने वाले युवा एवं लोकप्रिय जिला सूचना अधिकारी श्री लाल कमल का स्थानांतरण सूचना एवं जनसंपर्क विभाग मुख्यालय, लखनऊ कर दिया गया है। वे अब राज्य स्तरीय दायित्वों का निर्वहन करेंगे।

श्री लाल कमल ने बीते चार वर्षों से अधिक समय तक सीतापुर में सेवा देते हुए सूचना विभाग की छवि को नए आयाम दिए। चाहे लोकसभा और विधानसभा चुनावों के दौरान मीडिया समन्वय की बात हो या सरकारी योजनाओं के प्रचार-प्रसार में नवाचार, उन्होंने हर कार्य को न केवल दक्षता से अंजाम दिया, बल्कि जनसंपर्क और पत्रकारिता के बीच एक सार्थक संवाद सेतु का भी निर्माण किया।

उनकी कार्यशैली प्रशासनिक अनुशासन और मानवीय संवेदना का दुर्लभ संगम रही। उन्होंने न केवल प्रेस प्रतिनिधियों के साथ सौहार्दपूर्ण संबंध बनाए, बल्कि समय-समय पर अनुशासनिक संतुलन रखते हुए जिम्मेदार पत्रकारिता को भी प्रोत्साहित किया। उनके द्वारा आयोजित संवाद कार्यक्रम, तथा तत्कालीन परिस्थितियों में निर्बाध सूचना प्रबंधन को प्रशासन ने भी प्रशंसा के योग्य माना।

कुशल नेतृत्व, सहज उपलब्धता और अत्यंत विनम्र व्यक्तित्व के धनी श्री लाल कमल ने सूचना विभाग की भूमिका को जन-जन तक प्रभावी रूप में पहुँचाया। उन्होंने ग्रामीण क्षेत्रों से लेकर शहरी मीडिया तक समान रूप से संवाद कायम रखा और यह सुनिश्चित किया कि शासन की योजनाओं, निर्देशों और निर्णयों की जानकारी आमजन तक समयबद्ध एवं प्रामाणिक रूप में पहुँचे।

उनके स्थानांतरण की सूचना से पत्रकारिता जगत, विभागीय सहयोगी तथा समाज के प्रबुद्ध वर्ग में एक भावनात्मक उद्वेलना देखने को मिली। वरिष्ठ पत्रकारों से लेकर नवोदित मीडियाकर्मियों तक, सभी ने उनके कार्यकाल को 'एक युग का समापन' बताया।

इस स्थानांतरण पर भावांजलि स्वरूप, कई वरिष्ठ पत्रकारों एवं प्रशासनिक अधिकारियों ने उन्हें भावभीनी शुभकामनाएँ देते हुए कहा कि– लाल कमल जैसे अधिकारी न केवल विभाग के लिए पूंजी हैं, बल्कि वे समाज और शासन के मध्य भरोसे की वह कड़ी हैं, जो संवाद को सार्थकता देती है। उनकी मृदुभाषिता, आत्मीयता, दूरदृष्टि तथा कार्यकुशलता को जनपद सीतापुर सदैव स्मरण रखेगा। सूचना विभाग की यह उपलब्धि रही कि ऐसे समर्पित अधिकारी ने यहाँ अपनी सेवाएँ दीं।

# सदर पुलिस ने 24 घंटे में लूटकांड का किया खुलासा, 10 आरोपी गिरफ्तार, लूटा गया माल व वाहन बरामद

कैनविज टाइम्स संवाददाता



लखीमपुर खीरी। जनपद में अपराध व अपराधियों पर अंकुश लगाने के उद्देश्य से पुलिस अधीक्षक संकल्प शर्मा द्वारा चलाए जा रहे अभियान को बड़ी सफलता मिली है। कोतवाली सदर पुलिस ने मात्र 24 घंटे के भीतर दो अलग-अलग लूट की घटनाओं का सफल अनावरण करते हुए 10 अभियुक्तों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने लूट के माल के साथ-साथ वारदात में प्रयुक्त वाहन भी बरामद किए हैं।

पुलिस अधीक्षक खीरी के निर्देशन, अपर पुलिस अधीक्षक के पर्यवेक्षण तथा क्षेत्राधिकारी सदर के मार्गदर्शन में प्रभारी निरीक्षक कोतवाली सदर के नेतृत्व में यह कार्रवाई की गई। गिरफ्तार अभियुक्तों में विशाल गौतम, विवेक वाल्मिकी, दीपक गौतम, अतुल शुक्ला, कुबेर वर्मा, राजा उर्फ सचित्र सिंह, अर्जित वर्मा, रवि, शेखर और शैलेश कुमार शामिल हैं, जिनकी उम्र 18 से 20 वर्ष के बीच है।

घटनाओं का विवरणः पहली घटनाः दिनांक 12/13 जून 2025 की रात करीब 2:30 बजे ग्राम धोबहा के पास वादी अजय कुमार के साथ बाइक सवार बदमाशों ने मारपीट करते हुए ग्घ्घ मोबाइल, कपड़ों से भरा बैग, आधार कार्ड और ?8500 नकद लूट लिए। इस मामले में मुकदमा संख्या 496/2025 धारा 309(6) उगट्ट के तहत कोतवाली सदर में दर्ज किया गया था, जिसे बाद में धारा 310(2)/317(3) उगट्ट में परिवर्तित किया गया। दूसरी घटनाः 13 जून 2025 को दोपहर करीब 1:00 बजे ग्राम कलुआपुर पुलिया के पास वादी रफीक पुत्र नवाब खां से बदमाशों ने मोबाइल, पर्स, आधार कार्ड, पैन कार्ड, वोटर आईडी और ?700 लूट लिए। इस मामले में मुकदमा संख्या 497/2025 के तहत संबंधित धाराओं में केस दर्ज हुआ जिसे बाद में 310(2)/317(3) उगट्ट में परिवर्तित किया गया। अभियुक्तों की कार्यप्रणालीः अभियुक्तगण नशे के आदी हैं और रात्रि में सुनसान स्थानों पर राहगीरों से मारपीट कर लूट की घटनाएं अंजाम देते थे। तीन वाहन–एक पल्सर), एक पेशन प्रो और एक स्कूट–का प्रयोग इन घटनाओं में किया गया।

बरामदगी का विवरणः गिरफ्तारी के समय पुलिस ने 2 मोबाइल फोन , लूटा गया बैग, कपड़े, चेकबुक, आधार कार्ड, अन्य पहचान पत्र, ?5000 नकद तथा उपरोक्त तीन वाहन बरामद किए। सभी अभियुक्तों को मेहता मिलेनियम अस्पताल के पीछे नहर पटरी के पास खाली मैदान से गिरफ्तार किया गया।

## 11वर्ष पूरे होने पर भारतीय जनता पार्टी विकसित भारत संकल्प सभा का हुआ आयोजन

बिसवां (सीतापुर)। सेवता विधानसभा के भाजपा कार्यकर्ताओं द्वारा सेक्टर जहांगीराबाद में कस्बा जहांगीराबाद में विकसित भारत संकल्प सभा आयोजित की गई, जिसमें उत्तर प्रदेश में भाजपा सरकार के 11 वर्ष पूरे होने पर उनकी उपलब्धियां गिनाई गईं।इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में क्षेत्रीय भाजपा विधायक ज्ञान तिवारी उपस्थित हुए लेकिन उन्हें एक अत्यंत जरूरी कार्य से लखनऊ जाना पड़ा इस कारण कार्यक्रम में उपस्थित जिला उपाध्यक्ष कृष्ण कुमार त्रिवेदी बाबू जी ने उपस्थित कार्यकर्ताओं को सम्बोधित किया। इस मौके पर भारी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता और गणमान्य क्षेत्रीय ग्रामीण भी उपस्थित रहे। कार्यक्रम कार्यक्रम में सरकार द्वारा 11 वर्ष के अंदर कराए गए विकास कार्यों को कार्यकर्ताओं के बीच बताया गया और सरकार की उपलब्धियों को गिनाया गया। कृष्ण कुमार त्रिवेदी ने कहा कि भाजपा सरकार ने उत्तर प्रदेश के विकास के लिए कई महत्वपूर्ण कदम उठाए हैं और क्षेत्र के लोगों को इसका लाभ भी मिला है। कार्यक्रम में मौजूद विश्व हिन्दू परिषद के जिलाध्यक्ष एवं वरिष्ठ चिकित्सक डा0 श्याम किशोर वर्मा एवं नव निर्वाचित मण्डल अध्यक्ष महेश राजपूत, युवा मोर्चा के मण्डल अध्यक्ष रामू चौरसिया, बृह्मादीन पाल, प्रधानाचार्य राम सिंह वर्मा आदि ने भी कार्यक्रम को सम्बोधित किया।

## श्यामपुर गांव में मलेरिया–डेंगू का कहर, तीन दर्जन से अधिक लोग बीमार

सीतापुर कैनविज टाइम्स संवाददाता। विकास खंड पहला ग्राम पंचायत रामपुर भुजंग के मुजरे श्यामपुर में मलेरिया व डेंगू जैसी गंभीर बीमारियों का प्रकोप देखने को मिल रहा है। गाँव में बीते लगभग एक माह से बुखार के मरीजों की संख्या लगातार बढ़ रही है। करीब तीन दर्जन ग्रामीण इन बीमारियों से पीड़ित हैं। स्थानीय निवासी बृजलाल, संदीप, रामलखन आदि ने बताया कि गाँव में बीते कई हफ्तों से बुखार फैला हुआ है, लेकिन अभी तक स्वास्थ्य विभाग की कोई सक्रियता नहीं दिखी। पीड़ितों में रेखा देवी, आलोक कुमार, अंचल, अलका, सुशीला देवी, लक्ष्मी देवी, राम रानी, विशाल, पूजा देवी, जनका, अरुण, शिव बालक, चांदनी, अमर सेन, शिव देवी, प्रदीप कुमार, शिवानी, सोना, बृजलाल, प्रकाश, कुलदीप, रोहिणी, मीना, सरजू आदि शामिल हैं। जब इस बाबत जानकारी लेने पर सीएचसी अधीक्षक डॉ. आनंद कुमार से बात की गई, तो उन्होंने बताया कि यह मामला अब उनकी जानकारी में आया है। उन्होंने आश्वासन दिया कि कल सुबह 10:00 बजे स्वास्थ्य विभाग की टीम गांव भेजी जाएगी, जो लोगों की जांच व दवाओं का वितरण करेगी। ग्रामीणों की मांग है कि प्रशासन शीघ्र कार्रवाई करे, गांव में साफ–सफाई, कीटनाशक छिड़काव और चिकित्सा शिविर लगाकर लोगों को राहत पहुंचाई जाए।

## विधायक ने किया शीतल जल के लिए आर0ओ0 वाटर कूलर का उद्घाटन

बिसवां (सीतापुर) कैनविज टाइम्स संवाददाता। रविवार को जहांगीराबाद कस्बे में ग्राम पंचायत द्वारा लगवाये गये आर0 ओ0 वाटर कूलर का उद्घाटन क्षेत्रीय विधायक ज्ञान तिवारी ने फीता काट कर किया। इस मौके पर भारी संख्या में लोग उपस्थित थे। आर0ओ0 वाटर कूलर के उद्घाटन के बाद विधायक ने कहा कि अब तमाम लोगों को प्यास बुझाने के लिए एस वाटर कूलर से चौबीसों घंटे शुद्ध शीतल जल मुहैय्या हो सकेगा। उन्होंने यह भी कहा कि प्रदेश के यशश्वी मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ सभी के विकास के लिए सदैव तत्पर हैं। घर घर राशन पहुंचाने के बाद अब घर घर जल पहुंचाने का कार्य कर रहे हैं। उनके नेतृत्व में प्रदेश निरंतर विकास की ओर अग्रसर है। ग्राम प्रधान प्रतिनिधि मुनीर अहमद अंसारी ने बताया कि इस प्रकार का एक वाटर कूलर पहले से ही ग्राम पंचायत कार्यालय में लगा हुआ है तथा तीसरा वाटर कूलर कस्बे की लकड़ी मंडी में लगाया जाना है जिससे वहां पर भी लोगों को शीतल जल पीने के लिए मिल सकेगा। इस मौके पर ग्राम प्रधान साजिदा खातून, ग्राम विकास अधिकारी हरिओम श्रीवास्तव, प्रधान प्रतिनिधि मुनीर अहमद अंसारी, भाजपा युवा मण्डल अध्यक्ष रामू चौरसिया, विजय कुमार गौड़ उर्फ शीबू गौड़,शिव कुमार गुप्ता, राजेश कुमार नंद, प्रधान रमाकांत यादव गोधनी सरैंय्या, बूथ अध्यक्ष उदय राज निषाद, बृह्मादीन पाल सहित सैकड़ों लोग उपस्थित थे।

## श्रावण से पहले तेज़ होगी 'छोटी काशी कॉरिडोर' की रफ्तार, विधायक और सीडीओ ने किया निरीक्षण

लखीमपुर खीरी कैनविज टाइम्स संवाददाता। श्रावण मास में गोला गोकर्णनाथ (छोटी काशी) में उमड़ने वाली श्रद्धा और जनसैलाब को देखते हुए कॉरिडोर निर्माण कार्यों को और तेज़ी देने की तैयारी शुरू हो गई है। रविवार की सुबह विधायक अमन गिरी और मुख्य विकास अधिकारी (सीडीओ) अभिषेक कुमार ने कॉरिडोर स्थल का पैदल निरीक्षण कर प्रगति की समीक्षा की।

निरीक्षण के दौरान दोनों अधिकारियों ने कार्यदायी संस्था यूपीपीसीएल को स्पष्ट निर्देश दिए कि श्रद्धालुओं की सुविधा से किसी भी प्रकार का समझौता नहीं किया जाएगा। सीडीओ ने कहा कि पाथवे, ड्रेनेज और नालियों का निर्माण कार्य हर हाल में श्रावण से पहले पूरा किया जाए।

विधायक अमन गिरी ने अधिकारियों को चेताया कि निर्माण कार्यों में किसी भी स्तर पर लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने कहा कि बरसात के मौसम में श्रद्धालुओं को कोई असुविधा न हो, यह सुनिश्चित करना प्रशासन की प्राथमिकता है।

निरीक्षण के समय एसडीएम विनोद कुमार गुप्ता, तहसीलदार सुखबीर सिंह, नायब तहसीलदार सर्वेश यादव और यूपीपीसीएल के अवर अभियंता नितिन कुमार सिंह समेत संबंधित विभागों के अधिकारी और कर्मचारी उपस्थित रहे।

# नीट परीक्षा में मो0 उमैर ने किया जहांगीराबाद सहित जिले का नाम रौशन

कैनविज टाइम्स संवाददाता

बिसवां (सीतापुर)। हिम्मत करने वालों की कभी हार नहीं होती........ इस बात को चरितार्थ कर दिखाया है जहांगीराबाद कस्बे के एक सामान्य परिवार में रहने वाले बच्चे मोहम्मद उमैर ने। उसने नीट परीक्षा 2025 में 542 अंक प्राप्त कर ऑल इंडिया 16409 वीं रैंक प्राप्त कर ओबीसी कैटेगरी में 7256 वीं रैंक हासिल की है। उसकी इस उपलब्धि से परिवार सहित रिश्तेदारों में खुशी का माहौल है। मो0 उमैर ने बताया कि उसने प्रारम्भिक शिक्षा प्राईमरी स्तर पर जहांगीराबाद स्थित श्री राम मनोहर श्रीवास्तव स्मारक विद्यालय से लेकर उन्हीं शिक्षकों की प्रेरणा से कस्बा स्थित मदरसा आलमाइटी पब्लिक स्कूल से हाईस्कूल तक पढ़ाई करने के बाद इण्टर की पढ़ाई सीता इंटर कालेज महमूदाबाद से उत्तीर्ण कर नीट की तैयारी में जुट गया। नीट की तैयारी के साथ साथ हरदोई से बी एस सी की पढ़ाई भी पूरी की।इस बीच दो बार क्वालीफाई नहीं कर सका। लेकिन हिम्मत नहीं हारी और तीसरे वर्ष बी यू एम एस में प्रवेश ले लिया फिर भी नीट में जाने की लालशा नहीं खत्म हुई और बी यू एम एस करते हुए नीट की तैयारी जारी रखी और 2025 में सफलता हासिल कर ली। उन्होंने बताया कि वर्ष 2021 में 520 अंक मिले थे लेकिन कट आफ ज्यादा का था। मो0उमैर ने अपनी सफलता का श्रेय अपने अब्बा - अम्मी व शिक्षकों को दिया है। उनका कहना है कि मैं डॉक्टर बन कर देश के लोगों की सेवा करना चाहता था वह हमारा सपना अब पूरा होता दिख रहा है। परिवार में पिता मौलाना मो0 कलीम उर्दू शिक्षक हैं तथा मां कुशल गृहिणी हैं। परिवार में कुल तीन भाई और दो बहनें हैं जिनमें मो0 उमैर सबसे बड़े हैं। इससे पूर्व भी श्री राम मनोहर श्रीवास्तव स्मारक विद्यालय में प्रारम्भिक शिक्षा लेने वाले तीन छात्र नीट की परीक्षा उत्तीर्ण कर एम बी बी एस डाक्टर बन चुके हैं।उनकी इस सफलता पर रिश्तेदारों सहित प्रधानाध्यापक अशोक कुमार श्रीवास्तव ने बधाइयां देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है।

# गांव में प्रधान के न चाहने पर प्रार्थी अपने गांव में सड़क बनवाने के लिए 1 साल से कर रहा जद्दोजहद

कैनविज टाइम्स संवाददाता

सीतापुर । आपको बता दे कि सीतापुर के ब्लॉक मिश्रिक के ग्राम पंचायत निरहन में एक कच्ची सड़क है जो शिव मंदिर के पास पंचायत घर से दुबघटिया तालाब को जाती है जिसको बनवाने के लिए प्रार्थी राहुल यादव अटल जो 1 साल से दर्जनों शिकायत कर चुका है लेकिन प्रधान के अनुचित दबाव के कारण खंड विकास अधिकारी कच्ची सड़क का निर्माण नहीं करा रहे है अटल ने बताया कि वह मुख्यमंत्री के जनसुनवाई और 1076 पर दर्जनों शिकायत किया और उनमें से कुछ शिकायतों की बिना जांच किए बंद कर दिया और कुछ प्रधान की उपस्थिति के जांच की गई और कई पत्रांक जारी करके सड़क बनाने की बात स्वीकार भी की गई लेकिन बाद में कई पत्रांक जारी करके गलत रिपोर्ट लगाई गई और शिकायतों को बंद कर दिया गया खंड विकास अधिकारी के कई गलत पत्रांक पर रिपोर्ट अभी भी सुबूत के तौर पर मौजूद है प्रार्थी ने प्रधान, पंचायत सचिव, एडीओ पंचायत, खंड विकास अधिकारी मिश्रिख, जिला पंचायत राज अधिकारी व मुख्य विकास अधिकारी सीतापुर, जिलाधिकारी, आयुक्त लखनऊ मंडल मुख्य सचिव ग्रामीण विकास विभाग, उप मुख्यमंत्री,मुख्यमंत्री, प्रधानमंत्री, राष्ट्रपति मानवाधिकार आयोग आदि सब कही सड़क बनवाने की मांग की लेकिन प्रधान के न चाहते हुए सीतापुर के किसी अधिकारी की हिम्मत नहीं हुई कि वह लगभग 60 से 80 मीटर सड़क का निर्माण करा सके इसी सड़क से प्रार्थी प्रतिदिन मंदिर पूजा करने जाता है और वह अपने पशुओं को पानी पिलाने तालाब भी जाता है व बहुत से लोग इसी सड़क से आते जाते है जैसे कोई अपने खेतों को जाता है कोई अपने पशुओं को तालाब में पानी पिलाने जाता है कोई मंदिर जाता है कोई प्राथमिक विद्यालय जाता है बरसात के दिनों में सड़क पर भारी जलभराव हो जाता है और आए दिन लोग दुर्घटनाओं का शिकार होते हैं आपको बता दे कि यह सड़क 5 महीने से मनरेगा की वार्षिक कार्ययोजना में प्रस्तावित है और ग्राम प्रधान ने 4 महीने पहले 2 ट्राली मिट्टी का पटान भी कराया था तब से वैसी ही सड़क पड़ी है।

# मोहल्ला मुंशीगंज में जलभराव से नाराज लोगों ने किया सड़क जाम

कैनविज टाइम्स संवाददाता

सीतापुर।नगर पालिका परिषद सीतापुर के अंतर्गत मोहल्ला मुंशीगंज स्थित गैस गोदाम के आगे नाले के चोक हो जाने से पूरे इलाके में जलभराव की गंभीर समस्या उत्पन्न हो गई है। जलनिकासी न होने से सड़कों और गलियों में पानी भर गया है, जिससे मोहल्लेवासियों को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है।



स्थानीय लोगों का कहना है कि कई बार नगर पालिका को शिकायत की गई, लेकिन कोई सुनवाई नहीं हुई। लगातार हो रही बारिश के कारण हालात और भी बिगड़ गए हैं। इस जलभराव से बच्चों, बुजुर्गों और राहगीरों को आवागमन में भारी परेशानी हो रही है।

नाराज होकर मोहल्ले के सैकड़ों लोगों ने सड़क पर उतरकर जाम लगा दिया और नगर पालिका प्रशासन के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। प्रदर्शनकारियों का कहना था कि जब तक नाले की सफाई और जलनिकासी की व्यवस्था नहीं की जाती, तब तक उनका आंदोलन जारी रहेगा।

मौके पर पहुंची पुलिस ने प्रदर्शनकारियों को समझाने का प्रयास किया और नगर पालिका अधिकारियों को तत्काल कार्रवाई के निर्देश दिए। समाचार लिखे जाने तक जाम की स्थिति बनी हुई थी।

स्थानीय निवासी राजेश वर्मा ने बताया, ल्लहर साल बरसात में यही हाल होता है, लेकिन प्रशासन सिर्फ आश्वासन देता है, कोई स्थायी समाधान नहीं करता।

# मुख्यमंत्री जन आरोग्य मेला में आये 23 मरीज

कैनविज टाइम्स संवाददाता



बिसवां (सीतापुर)। प्रत्येक रविवार को शासन के निर्देश पर हर पीएचसी में जन आरोग्य मेला लगा कर मरीजों को बेहतर सुविधाएं दी जा रही हैं। 15 जून रविवार को जहांगीराबाद प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र पर मुख्यमंत्री जन आरोग्य मेला लगा जिसमें चिकित्सक डॉ0 अंशुमान शुक्ल मौजूद थे। उन्होंने बताया कि दोपहर एक बजे तक 23 मरीज ही दवाई लेने आये हैं। जिनमें दो मरीज सांस की मर्जी से पीड़ित थे तथा शुगर का एक व तीन मरीज पेट दर्द और पांच खाज खुजली स्किन रोग से संबंधित मरीज दिखाने आये। इसके अलावा ज्यादातर मरीज सर्दी बुखार और सिर दर्द से पीड़ित दवाई लेने के लिए आए थे जिन्हें जांच कर उचित परामर्श एवं निःशुल्क दवाइयां अस्पताल से दी गईं । अस्पताल में डॉक्टर अंशुमान शुक्ला के अलावा एल टी रवीन्द्र सिंह यादव तथा चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी/स्वीपर मोतीलाल मौजूद थे। फार्मासिस्ट के बारे में चिकित्सक ने बताया कि उन्हें देवकलिया पीएचसी भेजा गया है वह अग्रिम आदेशों तक वहीं रहेंगे क्योंकि वहां के चिकित्सक छुट्टी पर गये हुए हैं।

# काशी में मोरारी बापू सूतक में सुना रहे कथा, संतों ने जताया विरोध

## पत्नी की चार दिन पहले मृत्यु होने के बावजूद श्री काशी विश्वनाथ के दर्शन करने पर लोगों में भी बढ़ रही नाराजगी

एजेंसी

वाराणसी। देश के जाने माने कथावाचक आध्यात्मिक गुरु मोरारी बापू अपनी धर्म पत्नी नर्मदाबा के निधन के चार दिन बाद ही सूतक में होने के बावजूद काशी में बाबा विश्वनाथ का दर्शन कर रामकथा सुना रहे है। इसको लेकर मोरारी बापू काशी के संतों और धर्मगुरूओं के साथ आम लोगों के निशाने पर है।

सोशल मीडिया के जरिए आम लोग भी मोरारी बापू का विरोध कर रहे हैं । विरोध करने वाले संतों का कहना है कि सूतक काल में पूजा-पाठ और धार्मिक अनुष्ठान नहीं किए जाते, लेकिन मोरारी बापू ने परंपरा को तोड़ दिया है। काशी के संतों के विरोध को देख मोरारी बापू ने सिगरा स्थित रूद्राक्ष कन्वेंशन सेंटर में अपनी 958वीं रामकथा के बाद मंच से माफी मांगी। उन्होंने कहा कि ल्लअगर मेरे बाबा विश्वनाथ के दर्शन करने से किसी को ठेस पहुंची हो, तो मैं क्षमा चाहता हूं। लेकिन कथा तो कहता रहूंगा। उन्होंने सफाई देते हुए कहा कि हम वैष्णव परंपरा से हैं हम वैष्णव साधु हैं। हम पर यह नियम लागू नहीं होता। हम न क्रिया करते हैं और ना उत्तर क्रिया करते हैं। भगवान का भजन करना और कथा करना इसमें सुकून है ना कि सूतक में। काशी विश्वनाथ मंदिर में दर्शन के जवाब में कहा कि हम तो देखो दर्शन करके आए हैं। मोरारी बापू के बयान के बाद संत लगातार उन पर निशाना साध रहे है। अखिल भारतीय संत समिति के राष्ट्रीय महामंत्री स्वामी जितेंद्रानंद सरस्वती ने इस पर कड़ी प्रतिक्रिया देते हुए कहा, ल्लसूतक काल में कथा करना अशुभ और अनुचित है। धर्म की मर्यादा से ऊपर उठकर अर्थ की कामना करना निंदनीय है। धर्म को धंधा न बनाया जाए।ङ्क स्वामी जितेन्द्रानंद ने कहा कि ल्लमोरारी बापू को यह स्पष्ट करना चाहिए कि वे ब्रह्मचारी, ब्रह्मनिष्ठ या राजा किस श्रेणी में आते हैं, जिन्हें सूतक नहीं लगता? यदि वे संन्यासी हैं, तो क्या उन्होंने जीवित रहते हुए अपना पिंडदान किया है? यह सब समाज को भ्रमित करने जैसा है। काशी सुमेरूपीठ के पीठाधीश्वर जगद्गुरू शंकराचार्य स्वामी नरेन्द्रानंद सरस्वती ने संत मोरारी बापू के बयान से नाराजगी जताते हुए कहा कि सूतक काल में रामकथा कहना अनर्थ,शास्त्र विरूद्ध और कालनेमी सरीखा है। सूतक काल में मोरारी बापू को न मंदिर में जाकर पूजा करना था और न ही देवताओं के विग्रह को स्पर्श करना था। मोरारी बापू ने श्री काशी विश्वनाथ मंदिर की सुचिता भंग की है । इसका उन्हें प्रायश्चित करना चाहिए।



उधर, बीते शनिवार की देर शाम युवाओं ने मोरारी बापू का गोदौलिया चौराहे पर प्रतीक रूप से पुतला फूंक उन पर जमकर निशाना साधा। गौरतलब हो कि बीते बुधवार को आध्यात्मिक गुरु मोरारी बापू की धर्म पत्नी नर्मदाबा का गुजरात के भावनगर जिले के तलगाजरडा गांव में निधन हो गया। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने भी मोरारी बापू से फोन पर बात कर शोक जताया था। पत्नी के मृत्यु के तीन दिन बाद ही मोरारी बापू काशी में राम कथा सुनाने आए हैं। इसको लेकर लोगों में नाराजगी है। लोगों का कहना हैं कि मोरारी बापू सूतक काल में ही वाराणसी आए है। सनातन धर्म में परिवार में किसी सदस्य की मृत्यु के बाद कुछ दिनों तक धार्मिक कार्यों को वर्जित माना जाता है। सनातन परंपरा के अनुसार, इस दौरान मंदिर जाना, पूजा करना, कथा कहना वर्जित होता है। मोरारी बापू इस सनातनी परंपरा का उल्लंघन कर रहे है।

## गर्मी में बेहोश हुआ व्यक्ति, कुछ देर बाद मौत,

**उन्नाव।** जहां भीषण गर्मी का कहर जारी है। रविवार को लू की चपेट में आने से एक मजदूर की मौत हो गई। मृतक की पहचान रामनन खेड़ा निवासी गुरुदयाल (55) के रूप में हुई है। गुरुदयाल काम की तलाश में घर से निकले थे। घरेंदा गांव के पास राहगीरों ने उन्हें बेहोश पड़ा देखा। स्थानीय लोगों ने उन्हें पानी पिलाने और प्राथमिक उपचार का प्रयास किया। लेकिन उनकी जान नहीं बच सकी। बता दे की मृतक एक सामान्य मजदूर थे। उनके परिवार में एक बेटा और दो बेटियां हैं। परिजनों के अनुसार वह शादी-ब्याह के सीजन में मजदूरी की तलाश में घर से निकले थे। बिहार थाना पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। पुलिस ने कहा कि रिपोर्ट आने के बाद ही मौत का सटीक कारण पता चल सकेगा। ग्रामीणों का कहना है कि दैनिक मजदूरों के पास कोई विकल्प नहीं होता। वे रोजी-रोटी के लिए कड़ी धूप में भी काम करने निकलने को मजबूर हैं।

## योग से तन व मन को चुस्त-दुरूस्त एवं स्वस्थ्य रखे : राजेंद्र मौर्य

**प्रतापगढ़।** जनपद मुख्यालय पर 11वें अन्तरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर विधायक सदर राजेन्द्र कुमार मौर्य ने रविवार को शहीद उद्यान पार्क में योग सप्ताह दिवस कार्यक्रम का शुभारम्भ किया। विधायक सदर ने उपस्थित लोगों से नियमित रूप से योगाभ्यास करने की अपील की। कहा कि नियमित योग करें और निरोग रहें। योग के माध्यम से तन और मन को चुस्त-दुरूस्त एवं स्वस्थ्य रखें। दैनिक जीवन में योग का निरन्तर उपयोग करें, योग स्वस्थ जीवन जीने का एक तरीका है, इससे अनेक बीमारियों से बचा जा सकता है। आयुष विभाग एवं नगर विकास विभाग द्वारा शहीद उद्यान में आयोजित कार्यक्रम एवं कामन योग प्रोटोकाल प्रशिक्षण के सभी ब्लाकों, समस्त आयुष चिकित्सालयों, समस्त योग वेलनेस एवं हेल्थ वेलनेस सेंटरों, वृद्धाश्रम चिलबिला एवं रविवार को आयोजित होने वाले मुख्यमंत्री आरोग्य मेलों मे कामन योग प्रोटोकाल प्रशिक्षण कार्य आयुष विभाग के योग्य योग प्रशिक्षकों की देख रेख में किया गया। शहीद उद्यान पार्क में योग प्रशिक्षक द्वारा योगासन की विभिन्न मुद्राओं का योगाभ्यास कराया गया एवं योग के लाभों को बारें में बताया गया। 16 से 21 जून तक योग सप्ताह के अन्तर्गत शासन द्वारा निर्देशित चार विशिष्ट गतिविधियों वाले कार्यक्रम योग संगम, योग पार्क ,योग अनप्लग्ड एवं हरित योग प्रभावी ढंग से किये जायेंगे। कार्यक्रम में एनसीसी केडेट्स के साथ नगर से लगभग 200 गणमान्य नागरिकों ने कामन योग प्रोटोकाल प्रशिक्षण प्राप्त किया। 21 जून का मुख्य कार्यक्रम नगर के पुलिस लाइन्स में सुबह 6 बजे से 8 बजे तक होगा।

## आकाशीय बिजली की चपेट में आकर दो सगे भाइयों समेत तीन बच्चों की मौत

**जौनपुर।** चंदवक थाना क्षेत्र अंतर्गत रविवार शाम तेज हवाओं के साथ हो रही बारिश के दौरान काशीदासपुर गांव में आकाशीय बिजली गिरने से बाग में आम बीन रहे तीन बच्चों की मौत हो गई। घटना रविवार शाम करीब 4 बजे की है। गांव से 200 मीटर दूर तीन बच्चे आम बीनने गए थे। इनमें अंश यादव (12 वर्ष) और आशु यादव (10 वर्ष) दोनों राहुल यादव के पुत्र थे। उनके साथ अंश का चचेरा भाई आयुष यादव (12 वर्ष) भी था, जो अनिल यादव का पुत्र है। आंधी-पानी के दौरान जब बच्चे आम बीन रहे थे, तभी आकाशीय बिजली उन पर गिर गई। इस हादसे में तीनों की मौके पर ही मौत हो गई। घटना की जानकारी मिलते ही परिवार में कोहराम मच गया। सूचना पाकर पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने तीनों के शवों को अपने कब्जे में लेकर आगे की कानूनी कार्रवाई शुरू कर दी है। सूचना मिलते ही मौके पर क्षेत्राधिकारी अजीत कुमार एवं एसडीएम केराकत ने मौके पर पहुंचकर परिजनों से बातचीत कर घटना की जानकारी लिया। एसडीएम ने कहा कि पीड़ित परिवार को आर्थिक सहायता के लिए शासन को पत्राचार किया जाएगा।

## एसटीएफ ने 85 लाख के गांजा के साथ दो तस्करों को किया गिरफ्तार

**प्रयागराज।** एसटीएफ की प्रयागराज फील्ड इकाई की टीम ने रविवार को दो गांजा तस्करों को झांसी जनपद के मोठ थाना क्षेत्र से गिरफ्तार किया। टीम ने तस्करों के कब्जे से लगभग 85 लाख का गांजा और एक डीसीएम एवं एक मोबाइल फोन,बरामद किया है। यह जानकारी एसटीएफ के पुलिस उपाधीक्षक शैलेन्द्र प्रताप सिंह ने दी। उन्होंने बताया कि गिरफ्तार तस्करों में बिहार के दरभंगा जिले के कुसेसर थाना क्षेत्र के पचरा खुर्द निवासी जय प्रकाश पासवान पुत्र स्वर्गीय रामसागर और उत्तर प्रदेश के बिजनौर जिले के धामपुर थाना क्षेत्र के फूलबाग कॉलोनी निवासी राहुल कुमार पुत्र राकेश कुमार है। अपराधियों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत एसटीएफ प्रयागराज फील्ड इकाई के पर्यवेक्षक व प्रभारी जय प्रकाश राय के नेतृत्व में पूरी टीम को सक्रिय किया गया था। सूचनाएँ मिल रही थी कि एक गिरोह बीते काई वर्ष से गांजा की तस्करी कर रहा है। अभियान के तहत मुखबिर की सूचना पर रविवार को झांसी जनपद के मोठ थाना क्षेत्र से दो तस्करों को गिरफ्तार किया गया। टीम ने तस्करों के कब्जे से 2.31 कुन्तल गांजा एक डीसीएम से बरामद किया। जिसकी कीमत लगभग 85 लाख रुपए है।

## मुठभेड़ में 15 हजार का इनामी साथी सहित गिरफ्तार

फिरोजाबाद। सिरसागंज थाना पुलिस टीम ने शनिवार देर रात 15 हजार रुपये के इनामी आरोपित को साथी सहित मुठभेड़ में गिरफ्तार किया है। गोली लगने से घायल इनामी आरोपित को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया है। सीओ सिरसागंज अनिमेश कुमार ने बताया कि थाना प्रभारी सिरसागंज वैभव कुमार सिंह पुलिस टीम के साथ बीती देर रात क्षेत्र में गश्त कर रहे थे। इस बीच सूचना मिली कि थाना नसीरपुर का टॉप टेन एवं 15 हजार रुपये का इनामी ग्राम मोहल्ला गढ़रयान कस्बा निवासी अमित उर्फ शीटू यादव साथी विकास के साथ किसी घटना को अंजाम देने की फिराक में है। पुलिस टीम ने पैंगू रोड पर सराय लुकमान मोड़ के पास चेकिंग के दौरान मोटर साइकिल पर सवार दोनों बदमाशों को रुकने का इशारा किया, तो भागने लगे। हड़बड़ाहट में भागते समय उनकी मोटर साइकिल फिसलकर गिर गई। खुद को घिरता देखकर बदमाशों ने फायरिंग शुरू कर दी। जवाबी कार्रवाई में पुलिस की गोली लगने से इनामी बदमाश अमित घायल हो गया, जिसे इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया।

## विज्ञान सतत सीखने की प्रक्रिया है: प्रो.पुनीता बत्रा

### राष्ट्रीय विज्ञान अकादमी का ग्रीष्मकालीन कार्यशाला में भविष्य के सपने बुनते विदा हुए बाल वैज्ञानिक

कैनविज टाइम्स संवाददाता

प्रयागराज। राष्ट्रीय विज्ञान अकादमी का दस दिवसीय कार्यशाला का समापन रविवार को पुरस्कार वितरण से हुआ। मुख्य अतिथि हरिश्चंद्र रिसर्च इंस्टिट्यूट की प्रो. पुनीता बत्रा ने प्रतियोगिताओं में चयनित विद्यार्थियों को पुरस्कार वितरित करते हुए कहा कि विज्ञान सीखने की एक सतत प्रक्रिया है, जो केवल अध्ययन से ही नहीं अवलोकन से आत्मसात होती है।

राष्ट्रीय विज्ञान अकादमी के कार्यकारी सचिव डॉ. संतोष शुक्ला ने बताया कि ग्रीष्मकालीन कार्यशाला के द्वितीय चरण में 20 से 26 जून तक केवल चयनित चालीस बाल वैज्ञानिक एवं दस शिक्षकों का दल प्रो.स्वप्निल श्रीवास्तव के नेतृत्व में गणित विषय की सात दिवसीय विशेष कार्यशाला में प्रतिभाग करेंगें। कार्यक्रम का संचालन रश्मि मिश्रा, धन्यवाद ज्ञापन प्रो. स्वप्निल श्रीवास्तव, विद्यार्थियों के प्रति



आभार प्रदर्शन संजय श्रीवास्तव ने किया। कार्यक्रम का संयोजन ईसीसी महाविद्यालय गणित विभाग के प्रो. स्वप्निल श्रीवास्तव एवं डॉ. देवराज सिंह पब्लिक स्कूल के उप प्रधानाचार्य संजय श्रीवास्तव, नोडल समन्वयक ने कार्यशाला की उपयोगिता एवं सार्थकता पर प्रकाश डाला।

प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता में श्रीमहाप्रभु पब्लिक स्कूल के अभिजीत मिश्रा प्रथम, टैगोर पब्लिक स्कूल के अनमोल जायसवाल द्वितीय, महर्षि पतंजलि विद्या मंदिर के रवि शेखर निगम को तृतीय स्थान प्राप्त हुआ। जबकि विशिष्ट यादव, शकुन पांडे एवं शीवांश यादव को सांत्वना पुरस्कार दिया गया। ल्लसतत-विकास समय की ज़रूरतल्ल विषय पर हिन्दी एवं अंग्रेजी माध्यम से निबंध लेखन प्रतियोगिता में एम.पी.वी.एम की मृदुषी श्रीवास्तव को प्रथम, श्रीमहाप्रभु स्कूल के वशिष्ट यादव को द्वितीय एवं खेलगांव पब्लिक स्कूल के आदर्श सिंह को तृतीय पुरस्कार प्राप्त तथा आर्यन एवं स्वप्निल श्रीवास्तव को सांत्वना पुरस्कार दिया गया। निबंध प्रतियोगिता में मेरी वानामेकर की अंजलि पांडेय प्रथम, आई.के.एम इंटर कॉलेज, आनापुर के ध्रुव एवं शिवांश यादव क्रमशः द्वितीय एवं तृतीय रहे तथा श्रेयांस एवं आकाश निषाद को सांत्वना पुरस्कार दिया गया।

संजय श्रीवास्तव ने बताया कि राष्ट्रीय विज्ञान अकादमी में जिले के विज्ञान वर्ग के विद्यार्थियों के लिये 10 दिवसीय कार्यशाला का प्रारंभ हुआ था। जिसमें विद्यार्थियों के लिये विभिन्न विषयों के विशेषज्ञों द्वारा व्याख्यान आयोजित किये गये। विद्यार्थियों में विज्ञान के प्रति रूचि एवं भविष्य में शोध कार्यो के लिये प्रेरित करने के उद्देश्य से उन्हें इलाहाबाद विश्वविद्यालय, भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान झलवा, इविंग क्रिशचियन कालेज, इलाहाबाद संग्रहालय एवं एग्रीकल्चर इंस्टीट्यूट नैनी के विभिन्न प्रयोगशालाओं में विद्यार्थियों का भ्रमण कराया गया। जिससे न उनको विज्ञान के सिद्धांतों को समझने में मदद मिली अपितु उनका वैज्ञानिक अनुसंधान के प्रति रूझान भी बढ़ा।

## विधायक ने विकसित भारत की शपथ दिलवाई

कैनविज टाइम्स संवाददाता



उन्नाव। भाजपा जिला अध्यक्ष अनुराग अवस्थी ने विधायक पंकज गुप्ता के साथ सरोसी मण्डल के शंकरपुर सराएं में, विधायक आशुतोष शुक्ला और जिला उपाध्यक्ष महेश चंद्र दीक्षित के साथ बीघापुर मण्डल के गोदावलेश्वर मंदिर में आयोजित विकसित भारत संकल्प सभा के कार्यक्रमों में मुख्य अतिथि के रूप में प्रतिभाग किया।

जिलाध्यक्ष ने 2014 के पहले का भारत याद दिलाते हुए कहा देश में जय श्री राम बोलने पर भगवान श्री राम लला के मंदिर के लिए कारसेवा पर तत्कालीन मुख्यमंत्री मुलायम सिंह यादव ने गोली मारने का आदेश दिया था 6 दिसम्बर के काले दिन पर सरयू के पावन जल को राम भक्तों के खून से लाल करने का काम किया। भाजपा भारत को माँ और सनातन को पिता मान कर जनसेवा करने में दिन रात समर्पित है । मोदी-योगी ने देश की धरोहर हमारे मन्दिरों का कायाकल्प करने के लिए अभूतपूर्व कदम उठाए हैं। जहां योगी जी के नेतृत्व में भव्य राम मंदिर का निर्माण मां विंध्यवासिनी कॉरिडोर बना और बांके बिहारी में तैयारी है वही मोदी जी के नेतृत्व में बाबा काशी विश्वनाथ बाबा महाकाल में कॉरिडोर बना। 66 करोड़ लोग महाकुंभ में आस्था की डुबकी लगा रहे। भाजपा प. दीन दयाल उपाध्याय के सिद्धांत अंत्योदय को मूल मंत्र मान कर समाज के कमजोर वर्ग को सशक्त बनाने में प्रयत्नशील है । मोदी जी ने मुफ्त राशन , प्रधानमंत्री आवास , किसान सम्मान निधि , गैस सिलेंडर , आयुष्मान कार्ड जैसी अनेकों योजनाओं से गरीबों और वंचितों को ताक़त देने का काम किया है।

## 11वीं व 12वीं के विद्यार्थी भी करा सकेंगे इंस्पायर अवार्ड में पंजीकरण: डीआईओएस

मुरादाबाद। जिला विद्यालय निरीक्षक देवेंद्र कुमार पाण्डेय ने रविवार को बताया कि बच्चों में वैज्ञानिक सोच, नवाचार को बढ़ावा देने के लिए विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी मंत्रालय इंस्पायर अवार्ड मानक योजना में इस बार कक्षा 6 से कक्षा 12 तक के छात्रा-छात्राएं प्रतिभाग कर सकते हैं। अभी तक इस योजना में पहले कक्षा 6 से 10 तक के ही विद्यार्थियों का पंजीकरण होता था। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षा परिषद से मान्यता प्राप्त प्रत्येक विद्यालय को पांच पंजीकरण कराने अनिवार्य है। डीआईओएस ने आगे बताया कि इंस्पायर अवार्ड में पंजीकरण की शुरुआत आज 15 जून से शुरू हो गई है। इसमें चयनित विद्यार्थी के नवाचारी आईडिया को मॉडल तैयार करने के लिए मंत्रालय की ओर से 10 हजार रुपये दिए जाते हैं। जिला विद्यालय ने बताया कि प्रत्येक विद्यालय से पांच पंजीकरण अनिवार्य हैं। इस संबंध में सभी प्रधानाचार्यों को निर्देश जारी कर दिए हैं। उन्होंने यह भी कहा कि पंजीकरण कराने वाले छात्र-छात्राएं अपना खाता अपडेट रखें।

## योग सप्ताह का भव्य शुभारंभ

कैनविज टाइम्स संवाददाता



रायबरेली। 11वें अंतरराष्ट्रीय योग दिवस मनाने के क्रम में योग सप्ताह का भव्य शुभारंभ। गुरु गोविंद सिंह पर्यावरणीय उद्यान में एडीएम प्रशासन सिद्धार्थ,परियोजना निदेशक सतीश मिश्रा ,जिला कार्यक्रम अधिकारी विनय सिंह, डॉ रवि प्रकाश सोनकर क्षेत्रीय आयुर्वेदिक एवं यूनानी अधिकारी,राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के विभाग प्रचारक अमित एवम राहुल जिला प्रचारक बृजेश द्वारा किया गया।

कार्यक्रम में मास्टर योग ट्रेनर डॉ रवि प्रताप सिंह ने योग प्रोटोकॉल का अभ्यास कराया। डॉ रवि प्रकाश सोनकर ने इस अवसर पर अपने उद्बोधन में कहा कि 21 जून के सफल कार्यक्रम क्रियान्वयन के लिए अलग अलग कार्यक्रम प्रतिदिन आयोजित किए जाएंगे। जिनमें योग प्रतियोगिताएं, महिलाओं, कुष्ठ रोगी,बंदी, वृद्ध जन आदि के लिए विशेष शिविर आयोजित किए जाएंगे एवं आयुष योग ग्राम दिवस के रूप में समस्त ग्राम पंचायतों में योग शिविर और चिकित्सा शिविर आयोजित किए जाएंगे।

कार्यक्रम के उपरांत उद्यान परिसर में समस्त अतिथियों के द्वारा पर्यावरण संरक्षण का संदेश देते हुए वृक्षारोपण भी किया गया। इस अवसर पर नगर पालिका अध्यक्ष शत्रोघ्न सोनकर,भारत विकास परिषद से राजाराम मौर्य ,वरिष्ठ नागरिक कल्याण समिति रायबरेली के अध्यक्ष युगल किशोर तिवारी , परशुराम योगाचार्य गायत्री परिवार, पतंजलि योग समिति के राम शरण ,डॉ आर पी सिंह हार्टफुल इंस्टिट्यूट,संदीप जैन एवम महेंद्र अग्रवाल व्यापार मंडल आदि उपस्थित रहे।

## अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस : नमोघाट पर योग सप्ताह शुरू, करें योग रहें निरोग का संदेश

एजेंसी

वाराणसी। 11 वें अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर रविवार से नमोघाट पर योग सप्ताह की शुरूआत हुई। घाट पर 'एक पृथ्वी एक स्वास्थ्य के लिए योग' थीम पर आधारित योग सप्ताह में अलसुबह से विशिष्ट जनों का जमावड़ा होने लगा।

आयुष मंत्रालय के योगा प्रोटोकॉल के तहत योगाचार्य अभय स्वाभिमानी, आशीष, रक्षा कौर, दीपिका दबे की देखरेख में जिला पंचायत अध्यक्ष पूनम मौर्य, भाजपा जिलाध्यक्ष/ एमएलसी हंसराज विश्वकर्मा, एमएलसी धर्मेंद्र राय, शहर दक्षिणी के विधायक डॉ नीलकंठ तिवारी, कमिश्नर एस. राजलिंगम, जिलाधिकारी सत्येंद्र कुमार, मुख्य विकास अधिकारी हिमांशु नागपाल,गोवर्धन पूजा समिति अध्यक्ष विनोद यादव 'गप्पू', पूर्व महामंत्री पारस यादव 'पप्पू' सहित अन्य लोगों ने



योगाभ्यास कर करें योग रहे निरोग का संदेश दिया।

जिलाधिकारी सत्येंद्र कुमार ने लोगों से योग को अपने जीवन में अपनाने का आग्रह किया। इसके पहले गोवर्धन पूजा समिति के पदाधिकारियों ने अतिथियों को केसरिया साफा पहनाकर स्वागत किया। बताते चले योग सप्ताह में नमोघाट के साथ अन्य गंगा घाटों, स्वास्थ्य केन्द्रों, पार्कों, ब्लॉकों से लेकर ग्राम पंचायत स्तर पर भी योग प्रतियोगिता होगी। अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस को सफल बनाने के लिए जिला प्रशासन के साथ भाजपा और विभिन्न संगठनों ने भी पूरी तैयारी की है।

### फतहा घाट से चुनार किला तक गूंजा योग का स्वर, जनप्रतिनिधियों और संस्थाओं की सहभागिता

## भव्य शुभारंभ के साथ योग सप्ताह प्रारंभ

एजेंसी

मीरजापुर। 11वें अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के उपलक्ष्य में रविवार को जनपद में योग सप्ताह की भव्य शुरुआत हुई। जिलाधिकारी प्रियंका निरंजन एवं मुख्य विकास अधिकारी विशाल कुमार के कुशल मार्गदर्शन में जनपद की चारों तहसीलों, तीनों नगर पालिकाओं, एक नगर पंचायत, 12 ब्लॉकों, गंगा तटवर्ती फतहा घाट, ऐतिहासिक चुनार किला, सभी आयुष चिकित्सालयों एवं ग्राम पंचायतों में एक साथ योग सप्ताह का उद्घाटन कार्यक्रम आयोजित किया गया।

योग सप्ताह का शुभारंभ फतहा घाट पर हुआ, जहां जिला पंचायत अध्यक्ष राजू कनौजिया ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का उद्घाटन किया। इस अवसर पर मुख्य चिकित्साधिकारी, अपर मुख्य अधिकारी पंचायत, जिला विद्यालय निरीक्षक, जिला होम्योपैथी चिकित्साधिकारी, क्षेत्रीय



आयुर्वेदिक एवं यूनानी अधिकारी डॉ. श्रीकांत रजक समेत अनेक प्रशासनिक अधिकारी उपस्थित रहे।

कार्यक्रम की खास बात रही विभिन्न सामाजिक व योग संस्थाओं की सक्रिय भागीदारी। ब्रह्मकुमारी, पतंजलि योग संस्थान और आर्ट ऑफ लिविंग के प्रतिनिधियों ने सामूहिक योग अभ्यास में बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया और उद्घाटन कार्यक्रम को भव्यता प्रदान की। गंगा तट से लेकर ग्रामीण अंचलों तक योग का संदेश पहुंचाते हुए इस पहल ने जनमानस में स्वास्थ्य और जागरूकता के प्रति सकारात्मक वातावरण निर्मित किया। जिले में आगामी दिनों तक चलने वाले योग सप्ताह में विभिन्न स्थानों पर योग प्रशिक्षण, सत्र और जनजागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे।

# फिर सुर्खियों में आशा देव मेमोरियल हॉस्पिटल गीता की मौत, परिजनों ने लगाया बड़ा आरोप

कैनविज टाइम्स संवाददाता

गोण्डा:एक तरफ जहां सूबे के स्वास्थ्य मंत्री बृजेश पाठक लगातार औचक निरीक्षण कर रहे हैं वहीं दूसरी तरफ उत्तर प्रदेश में स्वास्थ्य व्यवस्था दुरुस्त नजर नहीं आ रही है।किस्सा सिर्फ वही है सरकारी अस्पताल से प्राइवेट अस्पताल तक की दौड़ जैसे कहावत है गिल्ली की दौड़ पीपल के वृक्ष तक ! मालूम हो कि मामला जनपद गोण्डा के कटरा बाजार थाना क्षेत्र के अशोकपुर बंजरिया गाँव की गीता मिश्रा से जुड़ा है जो अब इस दुनिया मे नही रही।गीता आशा देव मेमोरियल हॉस्पिटल में आई थी बच्चेदानी का ऑपरेशन कराने के लिए लेकिन डॉक्टर की लापरवाही से गीता का एक ऑपरेशन के बजाय डॉक्टर ने दो ऑपरेशन कर दिया जिससे

कि इलाज के दौरान गीता की मौत हो गई।वही गी ता के परिजनों ने आशा देव मेमोरियल हॉस्पिटल में डॉक्टर पर इलाज के दौरान कथित लापरवाही



का आरोप लगाया है।गीता की मौत के बाद परिज नों ने अस्पताल प्रबंधन पर इलाज में घोर लापरवाही का आरोप लगाते हुए, जमकर हंगामा किया और नगर कोतवाली में तहरीर देकर दोषियों के खिला फ कार्रवाई की मांग की है।

**सात दिन में दो ऑपरेशन, 27 टांके लगाए गए**

परिजनों के अनुसार गीता मिश्रा को बच्चेदानी से संबंधित समस्या थी,जिसके चलते उन्हें तीन जून को गायत्रीपुरम चौराहे के पास आशा देव मेमोरि यल हॉस्पिटल में गीता को भर्ती कराया गया था। परिजनों का आरोप है कि भर्ती के सात दिनों के भीतर महिला का दो बार ऑपरेशन किया गया। दूसरे ऑपरेशन में पेट में 27 टांके लगाए गए थे। ऑपरेशन के बाद महिला की हालत लगातार बिग ड़ती गई लेकिन अस्पताल प्रबंधन उन्हें लगातार ठी क होने का भरोसा देता रहा।मरता क्या नहीं करता आशा देव मेमोरियल हॉस्पिटल के यमराज के वि श्वास पर बैठे रहें फिर शनिवार को देर रात महिला की तबीयत अचानक फिर गंभीर रूप से बिगड़ गई और उसकी मौत हो गई।मौत की सूचना मिलते ही परिजन आक्रोशित हो उठे और अस्पताल परिसर में हंगामा किया।बताते है कि आशा देव मेमोरियल हॉस्पिटल में ऐसी कई घटनाएं हो चुकी हैं और प्रदे श में घटने वाले आंकड़े नही है वरना यदि आशा दे व मेमोरियल हॉस्पिटल की यही कहानी है।स्वास्थ्य सेवा व्यापार बन चुकी है और डॉक्टर अब उस व्या पार का सबसे बड़ा हिस्सा बन गए हैं।

परिजनों ने लगाया लापरवाही का आरोप मृतका के परिजनों ने डॉक्टरों और नर्सिंग स्टाफ पर इलाज में गंभीर लापरवाही का आरोप लगाया है।उनका कहना है कि समय रहते समुचित इलाज किया गया होता तो गीता की जान बचाई जा सक ती थी।साथ ही उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि अस्पताल ने इलाज के नाम पर मोटी रकम वसूली

गई हैं।इसी वजह से आशा देव मेमोरियल हॉस्पि टल हमेशा सुर्खियों में बना रहता है।आए दिन कोई न कोई परिवार बेसहारा हो रहे हैं।लेकिन जिला प्रशासन और स्वास्थ्य मकहमा हाथ पर हाथ धरे बैठा हुआ है।

**नगर कोतवाली पुलिस ने शुरू की जांच**

नगर कोतवाली पुलिस ने परिजनों की तहरीर के आधार पर मामले की जांच शुरू कर दी है।इस घटना ने जिले की निजी स्वास्थ्य सेवाओं की गुण वत्ता पर एक बार फिर सवाल खड़े कर दिए हैं। परिजनों की मांग है कि इस प्रकरण की निष्पक्ष जांच कर दोषियों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की जाए,ताकि भविष्य में इस प्रकार की लापरवाही की पुनरावृत्ति न हो।

# बेज़ुबान पानी के लिए तरस रहे अमृत सरोवर,धूल फांक रही जल संचयन योजना

कैनविज टाइम्स संवाददाता

गोण्डा। शासन की अमृत सरोवर योजना के तहत पुराने तालाबों के जीर्णोद्धार के जरिए उन्हें जल संचयन के साथ रोजगार परक बनाने की महत्वा कांक्षी योजना धूल फांक रही हैं।जिले में सैकड़ो से अधिक अमृत सरोवर हैं,जिनमें साठ प्रतिशत से अ धिक बदहाली का शिकार हैं।इससे बेज़ुबान पशु-पक्षियों को पानी के लिए भटकना पड़ रहा है।गांव में तालाबों की मनरेगा से खोदाई कराकर अमृत सरोवर के रूप में विकसित करने को लेकर शासन ने निर्देश जारी किए थे।इन सरोवर में चारों तरफ तार लगाकर,फूल और छायादार पौधे लगाए जाने के साथ ही यहां आए लोगों के बैठने के लिए सीमें ट की सीटें बनवाई गई हैं।रविवार को जिले के अ मृत सरोवरों की पड़ताल कराई गई तो कहीं उनमें पानी नहीं था तो कहीं उनकी स्थिति खराब निक ली,शासन की प्राथमिकताओं में शामिल यह योज ना दम तोड़ रही है।



**पानी की तलाश में भटक रहे पशु-पक्षी**

विकासखण्ड क्षेत्र रूपईडीह की ग्राम पंचायत देव भारी में बने अमृत सरोवर तालाब में पानी नहीं है। पानी की तलाश में पशु-पक्षी भटक रहे हैं।जिन उद्दे श्यों को लेकर गांव में अमृत सरोवर तालाबों का सौंदर्यीकरण कराया गया था,वह अधिकारियों व प्रधानों की अनदेखी का शिकार हो गए हैं।सरकार का उद्देश्य है कि इन अमृत सरोवर तालाबों को पिकनिक स्पॉट के रूप में विकसित किया जाए। ताकि गांव के लोग खाली समय में तालाब के किनारे पेड़ की छांव में बैठ सकें।तालाबों के चारों तरफ सीमेंट की बेंच भी लगाई गई हैं, कभी इन तालाबों में गांव सहित क्षेत्र के जानवर व पशु-पक्षी अपनी प्यास बुझाते थे,लेकिन पंचायत ने अमृत सरोवर तालाब में अब तक पानी नहीं भराया है।

# 13वाँ राष्ट्रीय परिषद मीट सिलीगुड़ी में डॉ. साबिर हुसैन का हुआ भव्य सम्मान

कैनविज टाइम्स संवाददाता

नानपारा, बहराइच। शिक्षा जगत में उत्कृष्ट योगदान देने वालों को जब राष्ट्रीय मंच पर सम्मानित किया जाता है, तो वह न केवल संस्थान की उपलब्धि होती है, बल्कि पूरे क्षेत्र के लिए गर्व का क्षण बन जाता है। ऐसा ही एक स्वर्णिम पल हाल ही में सिलीगुड़ी में देखने को मिला, जब यूपी के बहराइच अंतर्गत नानपारा कस्बे में स्थित रियान इंटरनेशनल पब्लिक स्कूल के प्रबंधक डॉ. साबिर हुसैन को देश भर के प्रतिष्ठित शिक्षाविदों की उपस्थिति में सम्मानित किया गया। प्राइवेट स्कूल्स एंड चिल्ड्रन वेलफ़ेयर एसोसिएशन (पीएसएड) द्वारा आयोजित 13वीं राष्ट्रीय परिषद मीट-2025 में डॉ. हुसैन को "शिक्षा में नवाचार और नेतृत्व" के क्षेत्र में उनके सराहनीय कार्यों के लिए यह विशिष्ट सम्मान प्रदान किया गया। उन्हें बिहार पुलिस के आईजी विकास वैभव और प्सवुएड के राष्ट्रीय अध्यक्ष सैय्यद शमाएल अहमद द्वारा पुरस्कार और शॉल भेंट कर




सम्मानित किया गया।यह महज एक पुरस्कार नहीं, बल्कि ग्रामीण भारत में गुणवत्ता-युक्त शिक्षा को स्थापित करने की उस दूरदृष्टि का प्रमाण है, जिसे डॉ. हुसैन ने वर्षों से आकार दिया है। उनका स्कूल न केवल शैक्षणिक उत्कृष्टता के लिए जाना जाता है, बल्कि बच्चों के सर्वांगीण विकास को प्राथमिकता देने वाले आधुनिक शैक्षिक मॉडल का एक प्रेरणादायक उदाहरण भी है। सम्मान समारोह के दौरान उपस्थित गणमान्यजनों ने डॉ. हुसैन के कार्यों की सराहना करते हुए कहा, "ऐसे शिक्षाविद ही भविष्य की नींव मजबूत करते हैं। इस राष्ट्रीय मंच पर बहराइच का नाम चमकने से क्षेत्र में उत्साह और गौरव की लहर दौड़ गई है।

रियान स्कूल के छात्रों, अभिभावकों और शिक्षकों के बीच भी इस उपलब्धि को लेकर खासा उत्साह देखा गया। डॉ. साबिर हुसैन ने पुरस्कार स्वीकार करते हुए कहा: "यह सम्मान मेरे अकेले का नहीं, बल्कि हर उस शिक्षक, छात्र और अभिभावक का है, जो गुणवत्तापूर्ण शिक्षा की साझी यात्रा में हमारे साथ हैं। यह हमें और बेहतर करने की प्रेरणा देगा।

# भ्रष्टाचार कि भेट चढ़ रहा,नगर पालिका अध्यक्ष का ड्रीम प्रोजेक्ट सवालों के घेरे में ठेकेदार

कैनविज टाइम्स संवाददाता

गोण्डा । जिले में एक नवनिर्मित इंटरलॉकिंग पटरी के घटिया सामग्री लगाने का मामला सामने आया है इस मामले में भ्रष्टाचार के सवाल खड़े कर दिए हैं।गोण्डा नगर पालिका अध्यक्ष उजमा राशिद के ड्रीम प्रोजेक्ट पर भ्रष्टाचार का दीमक लग गया हैं।

जिलाधिकारी नेहा शर्मा के कड़े निर्देश के बाद भी नगर पालिका परिषद गोंडा के विकास कार्यों में मानक से खिलवाड़ का खेल लगातार बदस्तूर जा री है।जिला महिला चिकित्सालय से लेकर गुड्डू मल चौराहा डॉक्टर लेलें क्लीनिक तक सड़क की दोनों साइड पटरी पर इंटरलॉकिंग के साथ ही राजधानी लखनऊ हजरतगंज की तर्ज पर एक करोड़ तीस लाख की लागत से कराये जा रहे सुंदरीकरण कार्य नगर पालिका परिषद की अध्यक्ष उजमा



राशिद का ड्रीम प्रोजेक्ट में शुमार है शनिवार को मौके का निरीक्षण करने पहुंचे एसडीएम सदर अशोक कुमार र गुप्ता व नगर पालिका परिषद की अवर अभियं ता निषाद त्रिपाठी के निरीक्षण में बिछाई जा रही इंटरलॉकिंग के नीचे गिट्टी कम बालू ज्यादा मिलने से संबंधित ठेकेदार को मानक के अनुरूप कार्य करने का निर्देश जारी किया जेई निशा त्रिपाठी ने बताया कि महिला अस्पताल के पास चल रहे वि कास कार्यों का निरीक्षण के दौरान इंटरलॉकिंग के नीचे डाली जा रही गिट्टी मानक से कम मिली जिस के लिए संबंधित ठेकेदार को निर्देशित किया गया है कि इंटरलॉकिंग कार्य को गुणवत्तापूर्ण ढंग से क राया जाए उन्होंने बताया कि सड़क की दोनों सा इड की पटरी पर इंटरलॉकिंग के साथ ही बैंच लगा ने व अन्य कई कार्य कराए जाने हैं।निर्माण कार्य की सुस्त रफ्तार पर नगर पालिका परिषद की अ वर अभियंता ने ठेकेदार को कड़ी फटकार लगाते हुए मानक के अनुरूप जल्द से जल्द कार्य को पूरा कराने का निर्देश दिया है।गोण्डा नगर पालिका परि षद की अध्यक्ष उजमा राशिद का ड्रीम प्रोजेक्ट क हे जाने वाले इस कार्य को लेकर शुरुआती दौर में ही भ्रष्टाचार के घुन लगते नजर आ रहे है।

**गोण्डा नगर पालिका परिषद का मेट बना ठेकेदार**

गोंडा नगर पालिका परिषद में मेट का कार्यभार देखने वाले दिनेश नामक युवक पटेल नगर पूर्वी वार्ड में नाली का निर्माण पुराने ईट लगाकर कर रहा था जिसकी शिकायत मोहल्ला वासियों ने स्थानीय सभासद से की है सभासद अब्दुल्लाह अंसारी ने बताया कि मोहल्ले वासियों ने शिकायत की थी और उसका वीडियो भी भेजा था इसके संबंध में हमने जिला अधिकारी महोदय को अव गत कराया है। उन्होंने बताया कि कार्य करा रहे दिनेश मेट से जब कहा गया की नई ईंट लगाकर नाली निर्माण का कार्य करो जिस पर उन्होंने कहा जितना हमको ठेकेदार का निर्देश मिलेगा उतना ही हम करेंगे। बताते चले हैं कि नगर पालिका परिषद में मेट के पद पर तैनात दिनेश नगर पालिका, नगर पंचायत के अलावा डूडा में भी ठेकेदारी का कार्य करता है।नगर पालिका परिषद के अधिकारियों औ र ठेकेदार की अनियमितताओं पर सवाल खड़े हो रहे हैं।

# डीएम नेहा शर्मा के निर्देश पर ठेकेदार के खिलाफ एफआईआर दर्ज

कैनविज टाइम्स संवाददाता

गोंडा:जिलाधिकारी नेहा शर्मा ने ग्राम चौपाल 3.0 में प्राप्त शिकायत पर बड़ी कार्रवाई सुनिश्चित की गई है। नगर क्षेत्र कर्नलगंज के मौर्य नगर वार्ड-11 में सीवरेज एवं जल निकासी योजना के अंतर्गत हो रहे नाला निर्माण कार्य में गड़बड़ी पाए जाने पर जिलाधिकारी नेहा शर्मा के निर्देश पर ठेकेदार के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर दी गई है।यह कार्र वाई प्रशासन की ज़ीरो टॉलरेंस नीति का स्पष्ट उदा हरण है, जहां जनहित के कार्यों में लापरवाही कर ने वालों को तत्काल विधिक प्रक्रिया में लाया जा रहा है।

**मानकों की अनदेखी पर रोका गया कार्य**

नगर पालिका परिषद, कर्नलगंज द्वारा मौर्य नगर चौराहा से जेपी स्कूल तक सीमेंट-कंक्रीट सीसी नाला निर्माण का कार्य मास्टर इंटरप्राइजेज प्रो.मो हम्मद इब्बार को स्वीकृत किया गया था।कार्या देश दो जून 2025 को जारी किया गया था,जिसमें ती न माह की अवधि में कार्य पूर्ण करने की शर्त थी।

लेकिन ठेकेदार द्वारा नियमानुसार सीसी नाला के बजाय ईंट से निर्माण कार्य प्रारंभ कर दिया गया, जिसे नगर पालिका के अवर अभियंता द्वारा मौके पर जाकर तुरंत रुकवा दिया गया।इसके बावजूद ठेकेदार द्वारा न तो कार्य में सुधार किया गया और न ही उसे पुनः प्रारंभ किया गया।

**चौपाल में हुई शिकायत,डीएम ने दिए कार्रवाई के आदेश**

13 जून 2025 को जिलाधिकारी नेहा शर्मा की अध्यक्षता में कर्नलगंज क्षेत्र में ग्राम चौपाल 3.0 कार्यक्रम आयोजित हुआ,जिसमें स्थानीय नागरि कों ने उक्त निर्माण कार्य में अनियमितता की शिका यत की।मौके पर जांच में आरोप सही पाए ने पर जिलाधिकारी ने मौके पर ही संबंधित ठेकेदार के खिलाफ एफआईआर दर्ज करने के आदेश दि ए।

एफआईआर दर्ज, विधिक कार्यवाही शुरु

डीएम के निर्देश के अनुपालन में नगर पालिका परिषद के अवर अभियंता दिवाकर प्रजापति ने थाना कोतवाली कर्नलगंज में ठेकेदार के विरुद्ध विधिक शिकायत दर्ज कराई।शिकायत के साथ एनसीआरबी के आईआईएफ वन फॉर्म संलग्न करते हुए बताया गया कि ठेकेदार ने न केवल कार्य मानकों का उल्लंघन किया,बल्कि सरकारी धन और जनविश्वास के साथ भी खिलवाड़ किया। पुलिस द्वारा उक्त तहरीर पर एफआईआर दर्ज कर ली गई है, और मामले में आगे की कानूनी प्रक्रिया जारी है।जिलाधिकारी नेहा शर्मा की यह कार्रवाई जिले में विकास कार्यों की गुणवत्ता सुनिश्चित करने की दिशा में एक ठोस कदम है।उन्होंने स्पष्ट कर दिया है कि जनहित से जुड़े निर्माण कार्यों में किसी भी प्रकार की लापरवाही,भ्रष्टाचार या घटिया निर्मा ण को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

# जिलाध्यक्ष व विधायक ने गिनाया सरकार की उपलब्धियां

कैनविज टाइम्स संवाददाता

गोरखपुर । पिपराइच विधानसभा क्षेत्र नगर पंचायत पिपराइच में स्थित गुरू गोरक्षनाथ धर्मशाला में मंडल स्तरीय विकसित भारत संकल्प सभा का आयोजन हुआ। यह कार्यक्रम केंद्र सरकार के 'विकसित भारत का अमृतकाल 5 सेवा, सुशासन एवं गरीब कल्याण' के 11 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में आयोजित किया गया।

भाजपा जिलाध्यक्ष जनार्दन तिवारी व क्षेत्रीय विधायक महेन्द्र पाल सिंह ने कार्यक्रम की अध्यक्षता की। उन्होंने कहा कि मोदी सरकार के 11 वर्षों में देश ने अभूतपूर्व प्रगति की है। प्रधानमंत्री की दूरदर्शिता ने भारत को वैश्विक मंच पर नई पहचान दिलाई है। विधायक महेन्द्र पाल सिंह ने सरकार की प्रमुख योजनाओं का जिक्र किया। इनमें आयुष्मान भारत, उज्ज्वला योजना, पीएम आवास योजना, हर घर जल, स्वच्छ भारत मिशन और जनधन योजना शामिल हैं। उन्होंने बताया कि इन योजनाओं से समाज के सभी वर्गों को लाभ मिला है।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में भाजपा जिलाध्यक्ष जनार्दन तिवारी ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मजबूत, दूरदर्शी और निर्णायक नेतृत्व में देश ने विगत 11 वर्षों में अनेक ऐतिहासिक उपलब्धियाँ हासिल की हैं। इन वर्षों में सेवा, सुशासन और गरीब कल्याण को केंद्र में रखकर भारत ने हर क्षेत्र में प्रगति की नई ऊँचाइयों को छुआ है।कार्यक्रम में अध्यक्ष मंडल अध्यक्ष अनिल मद्धेशिया, ब्लॉक प्रमुख जनार्दन जायसवाल, पूर्व प्रमुख आनन्द शाही, पूर्व चेयरमैन जितेन्द्र जायसवाल, जिला पंचायत सदस्य प्रतिनिधि धर्मेन्द्र सिंह, पूर्व जिला पंचायत सदस्य संघर्षमणि उपाध्याय, किसान नेता लव सिंह, आचार्य संजय पाठक भारद्वाज, आशीष अग्रवाल, सहित अन्य कई लोग मौजूद थे।

## सामान लेने बाजार गई लडकी लापता,पुलिस ने किया बरामद



जरवल बहराइच कैनविज टाइम्स संवाददाता । मंगलवार को सायं चार बजे घर से बाजार घरेलु सामान लेने गई लडकी काफी देर बाद भी जब बाजार से वापस नही आयी तो परिवार वालों ने खोजबीन शुरू कर दी। लडकी के न मिलने पर पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया। चार दिन बाद पुलिस ने लडकी को बरामद कर लिया है। जरवल नगर पंचायत के एक मोहल्ला निवासी लडकी की मां ने पुलिस को बताया कि उसकी लडकी मंगलवार को सायं चार बजे सामान लेने बाजार गई थी। काफी देर तक वापस न आने पर मोहल्ले में तथा जरवल बाजार में ढूंढने पर भी लडकी नही मिली। रिश्तेदारों से फोन से सम्पर्क करके पता किया,लेकिन लड़की का कहीं पता नही चला।घर में रखे दो-तीन जोड़ी कपड़े तथा अलमारी में रखा 3500 रुपया भी गायब है। पुलिस ने लडकी की मां की तहरीर पर अज्ञात के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी थी, जरवल चौकी इंचार्ज देवेन्द्र प्रताप सिंह ने बताया कि लडकी को बरामद कर लिया गया है। मदरसा टोला निवासी इब्बे हसन पुत्र लायक को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है लडकी का चिकित्सीय परीक्षण कराकर विधिक कार्यवाही की जा रही है।

## अनियंत्रित होकर पलटा डीसीएम,बार-बार बचे चालक व खालासी

जरवल बहराइच कैनविज टाइम्स संवाददाता । लखनऊ बहराइच हाइवे पर एकलव्य स्कूल के सामने अनियंत्रित होकर डीसीएम पलट गया। जिसमे चालक और खलासी बाल बाल बच गए। जरवलरोड थाना क्षेत्र के अंतर्गत लखनऊ बहराइच हाईवे पर एकलव्य महाविद्यालय के सामने बीती रात तेज रफ्तार डीसीएम गाड़ी अनियंत्रित होकर खड्ड में पलट गई। गाड़ी पलटने से गाड़ी में मौजूद चालक व खालासी बाल बाल बच गए, प्रभारी निरीक्षक जरवलरोड संतोष कुमार सिंह ने बताया कि किसी को चोट नहीं लगी है।

## दिव्यांगजनों की समस्याओं के निस्तारण के लिए 19 जून को आयोजित होगी मोबाइल कोर्ट

बहराइच कैनविज टाइम्स संवाददाता । न्यायालय/कार्यालय राज्य आयुक्त, दिव्यांगजन, उ.प्र. द्वारा जारी पत्र के अनुसार जनपद के सुदूरवर्ती ग्रामीण क्षेत्रों में निवासरत दिव्यांगजनों की समस्याओं का निस्तारण कराएं जाने के उद्देश्य से महाराजा सुहेल देव स्वशासी राज्य चिकित्सा महाविद्यालय एवं महर्षि बालार्क चिकित्सालय बहराइच में अवस्थित ऑडीटोरियम में 19 जून 2025 को मोबाईल कोर्ट का आयोजन किया जायेगा। यह जानकारी देते हुए जिलाधिकारी मोनिका रानी द्वारा मोबाईल कोर्ट को सकुशल सम्पन्न कराये जाने के उद्देश्य से सभी सम्बन्धित अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश जारी किये गये हैं।

## छोटे शहर से बड़ा सपनाः नानपारा के ज़ैद हाशमी ने नीट 2025 में पाई बड़ी कामयाबी, बनेंगे डॉक्टर

नानपारा, बहराइच कैनविज टाइम्स संवाददाता । कहते हैं कि अगर इरादे बुलंद हों और मेहनत में सच्चाई हो, तो कोई भी सपना छोटा नहीं होता। इस कहावत को हकीकत में बदल कर दिखाया है यूपी के बहराइच अंतर्गत कस्बा नानपारा के होनहार बेटे मोहम्मद ज़ैद हाशमी ने, जिन्होंने नीट 2025 परीक्षा में शानदार प्रदर्शन करते हुए 530 अंक हासिल किए और ऑल इंडिया रैंक 23678 के साथ एमबीबीएस में दाखिला सुनिश्चित किया। ज़ैद हाशमी नानपारा के प्रतिष्ठित बर्तन व्यवसायी अशरफुल हुदा हाशमी के छोटे बेटे हैं। उनका बचपन से ही सपना था डॉक्टर बनकर लोगों की सेवा करना।छ सीमित संसाधनों, छोटे शहर की चुनौतियों के बावजूद ज़ैद ने कभी हार नहीं मानी और अपनी मेहनत, समर्पण और परिवार के विश्वास से अपने सपने को पंख दिए हैं। ज़ैद की शुरुआती शिक्षा नानपारा के सेंट पीटर इंटर कॉलेज में हुई। वहीं से उन्होंने मजबूत शैक्षणिक नींव रखी और आई.सी.एस.ई. बोर्ड की हाईस्कूल परीक्षा में 93.4 प्रतिशत अंक लाकर न सिर्फ स्कूल टॉप किया, बल्कि अपने माता-पिता और शहर का नाम रोशन किया। उनकी इस उपलब्धि पर पूरे परिवार में खुशी की लहर है। पिता अशरफुल हुदा हाशमी और माता ने भावुक होते हुए कहा कि, ज़ैद बचपन से ही अनुशासित और मेहनती रहा है। आज उसका सपना साकार होते देख आंखें गर्व से नम हैं। रिश्तेदार, शिक्षक, मित्र और स्थानीय समाजसेवी भी ज़ैद के घर पहुंचकर उन्हें बधाइयाँ दे रहे हैं और मिठाइयां खिलाकर मुंह मीठा करवा रहे है। हर कोई यही कह रहा है नानपारा के ज़ैद ने बता दिया कि बड़ा बनने के लिए बड़े शहर की नहीं, बल्कि बड़े जज्बे की ज़रूरत होती है। अब ज़ैद देश के उन लाखों युवाओं के लिए प्रेरणा बन चुके हैं, जो छोटे शहरों से निकलकर बड़ी उड़ान भरने का सपना देखते हैं। बधाई देने वालों में जीशान हाशमी, तकदीश हाशमी, अरफ़ात हाशमी, मुहीद हाशमी, यासिर हाशमी आदि लोग शामिल रहे।

# 11 वर्ष पूर्ण होने पर संकल्प सभा का हुआ आयोजन

कैनविज टाइम्स संवाददाता

कैसरगंज बहराइच । 288 विधानसभा कैसरगंज के मंडल कैसरगंज के भाजपा कार्यालय में विकसित भारत का अमृत काल के 11 वर्ष पूर्ण होने पर एक संकल्प सभा का आयोजन किया गया । कार्यक्रम में मुख्य अतिथि विधानसभा संयोजक एवं पूर्व विधानसभा प्रत्याशी भाजपा गौरव वर्मा एवं जिला उपाध्यक्ष सुबेद वर्मा रहे।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए हुए विधानसभा संयोजक गौरव वर्मा ने कहा कि 11 वर्ष में देश की सोच, स्वाभिमान, आत्मबल बदला है। कांग्रेस पर निशाना साधते हुए उन्होंने कहा कि पूर्व वित्त मंत्री पी चिदंबरम ने कहा था कि देश में डिजिटल ट्रांजेक्शन कैसे हो सकता है जबकि आज देश में मोदी सरकार के नेतृत्व में डिजिटल ट्रांजेक्शन में भारत देश दुनिया के पहले स्थान पर पहुंच गया है। मोदी सरकार के नेतृत्व में संकल्प से सिद्धि तक में देश के आम नागरिकों से



भाजपा व्यापक सहभागिता का आह्वान करती है, और इस माध्यम से देश का हर नागरिक देश के विकास के साथ संकल्पित है। कार्यक्रम का संचालन मंडल उपाध्यक्ष एवं कार्यक्रम संयोजक विनोद वर्मा ने किया तथा समापन मंडल अध्यक्ष कैसरगंज शिवानंद सिंह ने किया।

इस कार्यक्रम में पूर्व मंडल अध्यक्ष राम सतीश वर्मा, युवा मोर्चा मंडल अध्यक्ष अनिरुद्ध प्रताप सिंह, किसान मोर्चा मंडल अध्यक्ष मनोहर लाल वर्मा, पिछड़ा मोर्चा मंडल अध्यक्ष सत्यम सोनी, महिला मोर्चा मंडल अध्यक्ष निर्मला गौड़, मंडल उपाध्यक्ष बृजेश सिंह, मंडल मंत्री एवं सभासद प्रतिनिधि हीरालाल मौर्य, मंडल मंत्री विवेक शर्मा, संतोष गुप्ता शक्ति केंद्र संयोजक रुद्र प्रताप सिंह, बछराज सिंह, सुधीर सिंह, हिमांशु मिश्रा, मुन्नू लाल वर्मा, गजेंद्र सिंह सोशल मीडिया सहसंयोजक मंडल कैसरगंज अनिल सोनी अन्ना जी, आशु सोनी, त्रिभुवन लाल वर्मा, सत्य मित्र आर्य, बूथअध्यक्ष, संजीव जायसवाल, पवन कुमार जायसवाल, सत्रोहन प्रसाद वर्मा एवं भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# विवाहिता ने पति और ससुर के खिलाफ दहेज उत्पीड़न और मारपीट कर घर से निकालने का दर्ज कराया मुकदमा

कैनविज टाइम्स संवाददाता

गोरखपुर। थाना दुधारा ग्राम मुड़िला खुर्द जिला संतकबीरनगर निवासिनी उमा पांडेय पुत्री स्व श्रीकृष्ण पांडेय की तहरीर पर पुलिस ने पति सुन्दरम मिश्र और ससुर विन्देश्वरी मिश्र के खिलाफ बीएनएस की धारा 85,115(2),89,3/4 के तहत मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच में जुटी हुई है। थाना दुधारा ग्राम मुड़िला खुर्द संतकबीरनगर निवासिनी उमा पांडेय पुत्री स्व श्रीकृष्ण पांडेय ने हरपुर-बुदहट थाना पुलिस को तहरीर देकर बताया कि 26 मई 2023 को हमारी शादी हरपुर-बुदहट थाना क्षेत्र के ग्राम कबिसा निवासी सुन्दरम मिश्र पुत्र विन्देश्वरी मिश्र के साथ हिन्दू रीति रिवाज के साथ 5 लाख रुपए नगद, एक लाख अस्सी हजार रुपए की बुलेट मोटरसाइकिल , पांच लाख रुपए के सोने चांदी के गहने और दो लाख रुपए के घरेलू सामान देकर 31 मई 2023 को विदाई हुई थी। कुछ दिन तो ठीक ठाक चला उसके बाद फिर ससुरालियों ने पांच लाख रुपए अतिरिक्त दहेज की मांग करते हुए मुझे प्रताड़ित करने लगे। गर्भवती होने पर 25 मई 2024 को मेरा गर्भपात करा दिए, उसके बाद 16 मई 2025 को रात 9 बजे के करीब हमारे कमरे में घुस कर पति और ससुर दोनों लोग मिलकर मुझे लात मुक्का से मारपीट कर घर से बाहर निकाल दिए और मेरा सभी स्त्री धन करीब दस लाख रुपए रख लिए। इस संबंध में थानाध्यक्ष मदन मोहन मिश्र ने बताया कि उमा पांडेय की तहरीर पर पति और ससुर के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच की जा रही है।

# गन्ना के साथ गेंदा की सहफसली खेती किसान अनिल सिंह बन रहे प्रेरणा स्रोत

कैनविज टाइम्स संवाददाता



पीलीभीत। खुशी राम भार्गव जिला गन्ना अधिकारी पीलीभीत ने सहकारी गन्ना विकास समिति बीसलपुर और पीलीभीत के ग्राम मरौरी खास का भ्रमण किया गया।किसान अनिल सिंह ने पारंपरिक गन्ना खेती को नवाचार के साथ जोड़ते हुए गन्ना के साथ गेंदा की सहफसल लेकर एक प्रेरणादायक उदाहरण प्रस्तुत किया है।शरदकालीन गन्ना बोने के बाद श्री सिंह ने पहले गन्ने के साथ मटर की खेती की और मटर की फसल कटने के तुरंत बाद उसी खेत में फरवरी माह मे गेंदा लगाया।विशेष बात यह है कि गेंदा के फूलों की मांग स्थानीय बाज़ार में अत्यधिक है।जिससे यह फूल प्रतिदिन खेत से ही बिक जाता है। इससे श्री सिंह को नियमित आमदनी प्राप्त हो रही है, वहीं खेत की भूमि का भी अधिकतम उपयोग हो रहा है। गन्ना और गेंदा की इस सहफसली व्यवस्था से उन्हें पारंपरिक खेती की तुलना में कहीं अधिक लाभ प्राप्त हो रहा है।जिला गन्ना अधिकारी आर के भार्गव द्वारा बताया गया कि गेंदा की जड़ें मिट्टी को भुरभुरी बनाती हैं और उसमें कीट-प्रतिरोधक क्षमता भी विकसित करती हैं। जिससे गन्ने की फसल को भी अप्रत्यक्ष रूप से लाभ मिलता है। गेंदा के पौधों की खुशबू से कई प्रकार के कीट दूर रहते हैं जिससे रसायनिक कीटनाशकों की आवश्यकता कम हो जाती है।जिला गन्ना अधिकारी द्वारा इस मॉडल की सराहना की गई है और अन्य किसान भाइयों को भी गन्ने के साथ सहफसली खेती को अपनाने हेतु प्रेरित किया जा रहा है। कृषि विज्ञान केंद्र एवं गन्ना विभाग द्वारा इस मॉडल को प्रोत्साहित करने की योजना बनाई जा रही है। किसान अनिल सिंह का यह प्रयास अन्य किसानों के लिए एक नई दिशा और प्रेरणा बन गया है।जिससे एक ओर किसानों की आमदनी बढ़ेगी और दूसरी ओर खेती अधिक टिकाऊ और लाभकारी होगी। इस अवसर पर मनोज साहू ज्येष्ठ गन्ना विकास निरीक्षक,राजेश कुमार सचिव बीसलपुर,सुग्रीव पाठक

जीएम केन मकसूदपुर चीनी मिल,आरके सिंह गन्ना प्रबंधक,गन्ना किसान रबि गंगवार, गुरनाम सिंह, दिलबाग सिंह, नेमपाल, अवनीश,सर्वेश व अन्य लोग उपस्थित रहे हैं।

# बाबा नीब करौरी महाराज के स्थापना दिवस पर भंडारे का हुआ आयोजन



कैनविज टाइम्स संवाददाता

पूरनपुर। बाबा नीब करौली महाराज के स्थापना दिवस पर जगह-जगह प्याऊ और भंडारे का आयोजन किया गया।कार्यक्रम इसके अलावा अन्य जगह धार्मिक अनुष्ठान भी किए गए हैं।

रविवार पूरनपुर में रोटेरियन और समाजसेवी कौशलेंद्र भदोरिया ने उत्तराखंड के जनपद नैनीताल के भवाली कस्बे से नौ किलोमीटर मीटर दूर अल्मोड़ा मार्ग पर स्थित बाबा नीब करौली महाराज की स्थापना दिवस पर भंडारे का आयोजन किया गया। यहां कस्बे सहित दूरदराज के लोगों ने पूड़ी सब्जी हलवे सहित अन्य प्रसाद का आनंद लिया। इस दौरान चेयरमैन शैलेंद्र गुप्ता, गौरव पांडेय एडवोकेट, शिवम भदौरिया, पत्रकार सौरभ पांडेय, शैलेंद्र शर्मा, अकील अहमद, गुड्डू सिंह, शेखर सहित कई लोग मौजूद रहे। इसके अलावा पूरनपुर के ग्राम कुरैया खुर्द कलां में परमपूज्य बाबा श्री नीब करौली महाराज के कैंची धाम में स्थित मंदिर के स्थापना दिवस के शुभ अवसर पर उनके भक्तगणों ने नई मार्केट स्टेशन रोड मीठा जल व चना प्रसाद का भोग लगा कर वितरित किया गया। राहुल देवल किराना स्टोर के सामने राहगीरों को भी मीठा जल व चना प्रसाद वितरित किया गया। इस मौके पर बाबा नीम करौली महाराज के भक्तगण प्रसून दीक्षित, राहुल देवल, राहुल देवल देवल सुमित देवल कार्तिक देवल, गौरव पाण्डेय, सोनू शास्त्री कथा वाचक धर्मेन्द्र शर्मा (शर्मा क्लॉथ हाउस ) आनंद मिश्रा आदि लोग उपस्थित रहे।

## डीएम एवं मंत्री ने योग सप्ताह का किया शुभारंभ

पीलीभीत कैनविज टाइम्स संवाददाता। ललित हरि राजकीय आयुर्वेद महाविद्यालय एवं चिकित्सालय के ऑडिटोरियम में 11 वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अंतर्गत मुख्य अतिथि राज्यमंत्री गन्ना विकास एवं चीनी मिल संजय सिंह गंगवार ने दीप प्रज्वलित कर योग सप्ताह का शुभारंभ किया।कार्यक्रम में मुख्य अतिथि राज्य मंत्री संजय सिंह गंगवार विशिष्ट अतिथि जिलाधिकारी ज्ञानेंद्र सिंह उपस्थित रहे हैं।कार्यक्रम में मंत्री द्वारा जनपद में व्यापक रूप से योग कार्यक्रम आयोजित करने तथा 21 जून को समस्त जनपदवासियों को गांधी स्टेडियम में शामिल होने का आहवावान किया। कार्यक्रम के दौरान जिलाधिकारी ने अपने संबोधन में सभी को संबोधित करते हुए कहा कि अधिक से अधिक संख्या में योग दिवस कार्यक्रम में पहुंचकर अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस को सफल बनाएं। उन्होंने कहा कि प्रतिदिन योग करने से मानसिक तनाव कम होता है।मन प्रसन्न रहता है। तथा हम सबको नियमित योग करना चाहिए। कार्यक्रम में मुख्य विकास अधिकारी ,प्राचार्य प्रो सुदीप बेदार,आयुर्वेद यूनानी अधिकारी डॉ भारत ज्योति, जिला होम्योपैथी अधिकारी डॉ राजीव शर्मा उपस्थित रहे हैं।

## डीएम ने विकासखंड मरौरी में योग सप्ताह का किया शुभारंभ

पीलीभीत कैनविज टाइम्स संवाददाता। जिलाधिकारी ज्ञानेंद्र सिंह की अध्यक्षता में प्रातः 6:00 बजे ब्लॉक मरौरी योग सप्ताह का शुभारंभ किया गया। योग सप्ताह 15 जून से 21 जून तक विभिन्न योगाभ्यास कार्यक्रम किए जाएंगे। योग सप्ताह के अंतर्गत जनपद स्तर से लेकर तहसीलों,ब्लॉकों,ग्रामों योगाभ्यास कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे। दिनांक 21 जून 2025 को 11 वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस का भव्य आयोजन गांधी स्टेडियम में किया जाएगा। उक्त कार्यक्रम में ब्लॉक प्रमुख मरौरी सभ्यता वर्मा,खंड विकास अधिकारी मरौरी, क्षेत्रीय यूनानी अधिकारी सहित अन्य अधिकारियों के के द्वारा योगाभ्यास कार्यक्रम में प्रतिभा किया है।

## महाराणा प्रताप की मनाई गई जयंती

पूरनपुर कैनविज टाइम्स संवाददाता। महाराणा प्रताप की जयंती के अवसर पर क्षत्रिय समाज पूरनपुर के द्वारा शरबत प्याऊ का आयोजन किया गया है।महाराणा प्रताप जयंती के अवसर पर कोतवाली रोड पर हेल्थ केयर पैथोलॉजी के बाहर शरबत प्याऊ का आयोजन किया गया जिसमें क्षत्रिय समाज के कौशलेंद्र भदौरिया, तेज बहादुर सिंह,शेखर सिंह, शिवम भदौरिया सहित लोगों ने प्याऊ का आयोजन करवाया उससे पूर्व महाराणा प्रताप के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित करके उनके जीवन पर प्रकाश डाला गया उनके द्वारा किए गए कार्यों को याद किया गया कार्यक्रम प्रातः 10:30 बजे से प्रारंभ होकर दोपहर 2:00 तक चला जिसमें हजारों राहगीरों ने भीषण गर्मी में ठंडे शरबत का आनंद लिया है।

## पुलिया से टकराई बुलेट एक युवक की मौत दो गम्भीर रुप से घायल

शुकुल बाजार अमेठी कैनविज टाइम्स संवाददाता । थाना शुकुल बाजार क्षेत्र के पूर्वांचल एक्सप्रेस वे के सर्विस रोड पर स्थित गांव काजीपुर के पास तेज रफ्तार बुलेट पुलिया से टकरा गई जिससे एक युवक की मौके पर ही मौत हो गई जबकि दो साथी गम्भीर रूप से घायल हो गये।तीनों युवक एक ही गांव सराय माधव के रहने वाले बताये जा रहे हैं। हादसे के बाद गांव और परिजनों में कोहराम मच गया है।परिजनों की मानें तो तीनों युवक बुलट बाइक से घूमने निकले थे।काजीपुर गांव के पास बाइक अनियंत्रित होकर पुलिया से जा टकराई। जोरदार टक्कर की आवाज सुनकर आसपास के लोग मौके पर पहुंचे और एम्बुलेंस को सूचना दी। घायलों को तत्काल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र शुकुल बाजार लाया गया जहां चिकित्सकों ने रिंकू मौर्या उम्र पच्चीस वर्ष निवासी ग्राम सराय माधव थाना इन्हौना को मृत घोषित कर दिया।वहीं दुर्गेश उम्र बाइस और सौरभ उम्र बीस वर्ष की हालत गम्भीर होने के कारण उन्हें जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया है जहां पर दोनों का इलाज जारी है और दुर्गेश की हालत नाजुक बताई जा रही है जिसका इलाज लखनऊ के एक निजी अस्पताल में चल रहा है।इस सड़क हादसे की जानकारी मिलते ही शुकुल बाजार पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू कर दी। इस संबंध में थानाध्यक्ष अभिनेष कुमार ने बताया कि शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिये भेज दिया गया है और घायलों को जिला अस्पताल भेजा गया है।

## पारिवारिक विवाद में भाई ने भाई को पीटा

सुल्तानपुर कैनविज टाइम्स संवाददाता। शहर के चौक गल्ला मंडी में एक परिवारिक विवाद में भाई ने अपने भाई पर घर पर अवैध कब्जा करने का आरोप लगाया है। वह अपनी विकलांग मां को घर ले जाने गया था। भाई ने मां-बेटे को घर में प्रवेश करने से मना कर दिया। विरोध करने पर शनिवार रात राहुल, शुभम, आदित्य, शीतला प्रसाद, पप्पू, और रितेश ने लोहे की रॉड से आनंद कुमार पर हमला कर दिया। हमले में वह बेहोश हो गया। पीड़ित ने पुलिस में शिकायत दर्ज कराई। उनका आरोप है कि पुलिस ने 3 घंटे तक कोई कार्रवाई नहीं की। जिलाधिकारी के आवास पर जाने पर भी उनकी सुनवाई नहीं हुई। जानकारी के अनुसार आनंद कुमार छह भाइयों में से एक हैं। एक भाई की मृत्यु हो चुकी है। परिवार में तीन बहनें भी हैं। उनकी मां विकलांग हैं और चल-फिर नहीं सकतीं। आनंद अपनी मां की देखभाल करते हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि उनके भाई मकान को खाली कराकर किसी और को बेचना चाहते हैं। आनंद के पास कोई आय का स्रोत नहीं है। वह मां के साथ मकान में रहकर छोटी दुकानदारी करना चाहते हैं। पट्टीदारों के बीच चल रहे इस विवाद में भाइयों ने मकान में ताला लगा दिया है। नगर कोतवाल धीरज कुमार ने बताया मामला संज्ञान में है। तहरीर मिलने पर आवश्यक विधिक कार्रवाई की जाएगी।

## चिकित्सकीय लापरवाही से महिला की गई जान

सुल्तानपुर। जिला चिकित्सालय में चिकित्सकीय लापरवाही का एक मामला सामने आया है। तमेहड़ी निवासी आशा देवी को 14 जून को दोपहर एक बजे पेट दर्द की शिकायत पर अस्पताल लाया गया था। इमरजेंसी वार्ड में प्रारंभिक उपचार के बाद डॉक्टरों ने मरीज की स्थिति सामान्य बताते हुए उन्हें वार्ड में शिफ्ट कर दिया। रात को मरीज की हालत स्थिर रही। हालांकि, आज सुबह लगभग 8 बजे उन्हें फिर से तेज दर्द शुरू हुआ। मृतका के भाई रंजीत के अनुसार, दर्द की शिकायत पर नर्स को बुलाया गया। नर्स ने इंजेक्शन दिया, जिसके बाद आशा देवी की मृत्यु हो गई। परिजनों का आरोप है कि उन्होंने कई बार डॉक्टर को बुलाने का प्रयास किया, लेकिन वे नहीं आए। डॉक्टर तब तक नहीं पहुंचे जब तक मरीज की मृत्यु की सूचना नहीं मिली। परिजनों ने अस्पताल प्रशासन और चिकित्सक की लापरवाही का आरोप लगाते हुए कोतवाली नगर थाने में शिकायत दर्ज कराई है। उन्होंने मामले की जांच कर एफआईआर दर्ज करने की मांग की है। नगर कोतवाल धीरज कुमार ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम में भेजकर विधिक कार्रवाई की जा रही है। इस बावत सीएमएस डॉ. आनंद मिश्रा ने कहा कि आरोप गलत है।

# जवाहर नवोदय विद्यालय गौरीगंज में योग सप्ताह का हुआ शुभारम्भ

कैनविज टाइम्स संवाददाता



अमेठी । जवाहर नवोदय विद्यालय गौरीगंज के प्रांगण में रविवार को योग सप्ताह का शुभारम्भ किया गया। इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष राजेश अग्रहरि, जिलाधिकारी संजय चौहान ने फीता काटकर योग सप्ताह का शुभारम्भ किया।आज अधिकारियों, कर्मचारियों तथा जन सामान्य ने योगाभ्यास किया। योग प्रशिक्षकों द्वारा सभी को योगाभ्यास कराया गया तथा योग के विभिन्न आसन सिखाये गये। बताते चलें कि इक्कीस जून को आयोजित होने वाले ग्यारहवें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के उपलक्ष में शासन के निर्देश पर पन्द्रह से इक्कीस जून तक योग सप्ताह आयोजित कर सामूहिक योगाभ्यास कराए जाने के निर्देश दिए गए हैं, जिसके क्रम में आज प्रातः छह बजे से आठ बजे तक जवाहर नवोदय विद्यालय गौरीगंज में सामूहिक योगाभ्यास किया गया इसके साथ ही सभी तहसीलों, ब्लॉकों, सीएचसी, पीएचसी, हेल्थ वेलनेस सेंटर, अमृत सरोवर, नगरीय निकायों आदि जगहों पर भी सामूहिक योग्याभ्यास के कार्यक्रम आयोजित किए गए जन सामान्य को योग के महत्व के बारे में बताया गया। जवाहर नवोदय विद्यालय गौरीगंज में जिलाधिकारी ने सभी को नियमित रूप से योग करने के लिए प्रेरित किया, कहा कि योग के माध्यम से शरीर में होने वाली विभिन्न बीमारियों से बचा जा सकता है। इस अवसर पर योगाभ्यास के उपरांत जिला पंचायत अध्यक्ष, जिलाधिकारी, अपर जिलाधिकारी, भाजपा के जिलाध्यक्ष ने पौधरोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया।

# विधवा की भूमि पर अवैध रूप से कब्जा करने का प्रयास एसडीएम से की शिकायत मचा हड़कंप

कैनविज टाइम्स संवाददाता



पीलीभीत। कलीनगर तहसील क्षेत्र के ग्राम चकपुर ताल्लुके आनथंदपुर थाना माधोटाडा निवासी जागीर कौर ने उपलाधिकारी कलीनगर को दिए शिकायती प्रार्थना पत्र में कहा कि मेरे पति सुरेंद्र पाल सिंह उर्फ छिंदा सिंह पुत्र हरबंस सिंह निवासी चकपुर के नाम गाटा संख्या 80 व 28 ग्राम मंथना जप्ती में गाटा संख्या 646 व 648 है। जो की कलीनगर तहसील के अंतर्गत आती है।उक्त भूमि पीड़िता के पति के नाम राजस्व लिखो में दर्ज है। पीड़िता के पति की मृत्यु 12.04.2023 हो चुकी है। पीड़िता निःसंतान है।पीड़िता के जेठ इंद्रजीत सिंह पुत्र हरबंस सिंह व सुखदेव सिंह व चरणजीत सिंह पुत्र इंद्रजीत सिंह सुलखन सिंह पुत्र हरबंस सिंह निवासी चकपुर ने पीड़िता के मकान पर जबरदस्ती अवैध रूप से कब्जा करके पीड़िता को घर से भगा दिया है। और पीड़िता के पति वाली कृषि भूमि पर जबरन कब्जा करके धान लगाने का प्रयास कर रहे हैं।साथ ही पीड़िता को धमकी दी है। कि खेत पर आई तो जान से मार देंगे। पीड़िता के जीवन यापन का एकमात्र साधन उक्त कृषि भूमि ही है। पीड़िता अपनी जान बचाने को लेकर अपने भाई के घर पर रह रही है। उपरोक्त लोग पीड़िता की हत्या करने का प्रयास कर रहे हैं। यदि भविष्य में पीड़िता के साथ कोई भी अनहोनी घटना घटती है। तो उसकी जिम्मेदारी उपरोक्त लोगों की होगी पीड़ित विधवा महिला ने उप जिलाधिकारी कलीनगर को शिकायती प्रार्थना पत्र देकर उपरोक्त लोगों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई करने की मांग की है।

# अहमदाबाद हादसा दुःखद, पीड़ित परिवारों के प्रति गोमती मित्रों की गहरी संवेदनाएं

कैनविज टाइम्स संवाददाता



सुल्तानपुर। गोमती मित्र मंडल समिति ने अपने रविवारीय साप्ताहिक श्रमदान को अहमदाबाद हवाई जहाज हादसे में दिवंगत हुये यात्रियों को समर्पित करते हुए उनकी आत्मा की शांति के लिए मां गोमती के तट पर प्रार्थना की व दो मिनट का मौन रखा। प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि यह हादसा संभवतः देश के इतिहास का सबसे दुःखद हादसा होगा, जिन लोगों ने भी अपनों को खोया है उनके लिए इस कष्ट से उबर पाना आसान नहीं है,पीड़ित परिवारों के प्रति गोमती मित्र मंडल परिवार गहरी संवेदना रखता है। मीडिया प्रभारी ने बताया की शाम को होने वाली माँ गोमती की आरती में भी सभी उपस्थित श्रद्धालु दो मिनट का मौन रखते हुये उनकी आत्मा की शांति के लिये प्रार्थना करेंगे। श्रमदान प्रातः 06:00 बजे से शुरू कर 09:00 बजे समाप्त किया गया। भीषण गर्मी से सभी व्याकुल थे लेकिन फिर भी समर्पित व कर्तव्यनिष्ठ भाव के साथ सभी ने पूरा परिसर साफ कर शाम की आरती की तैयारी पूरी की। श्रमदान में प्रदेश अध्यक्ष, मीडिया प्रभारी, राकेश सिंह दद्दू, डॉ कुंवर दिनकर प्रताप सिंह, दाऊ जी कैलाशी, आलोक तिवारी, बिपिन सोनी, अजय प्रताप सिंह, मुन्ना पाठक, मुन्ना सोनी, राम बिलंचल मौर्या, रामकुमार मौर्या, रामु सोनी, अभय सोनी, अभय मिश्रा, अरुण गुप्ता, अमित पांडा आदि उपस्थित रहे।

# ताने से तंग आकर आत्महत्या का प्रयास, छानबीन शुरू

कैनविज टाइम्स संवाददाता



सुल्तानपुर। पूर्वांचल एक्सप्रेस-वे पर कल्याणपुर अंडरपास के पास एक महिला को लहूलुहान हालत में पाया गया। शनिवार रात करीब 9:30 बजे स्थानीय लोगों ने पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने महिला को तुरंत सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र अखंडनगर पहुंचाया। गंभीर स्थिति के कारण डॉक्टरों ने उसे अम्बेडकर नगर रेफर कर दिया।

पीड़िता की पहचान जफरपुर निवासी अर्चना (35) के रूप में हुई, जो संजय कुमार की पत्नी हैं। पुलिस को दिए अपने बयान में अर्चना ने बताया कि उसकी दादी उसे बच्चा न पैदा कर पाने के लिए ताने देती थीं। इसी कारण गुस्से में उसने ब्लेड से अपना गला काट लिया। उसने यह भी बताया कि घटना से पहले उसने अपने पति से बात की थी, जो मुंबई में रहते हैं। एसपी कुंवर अनुपम सिंह के निर्देश पर पुलिस ने आसपास के सीसीटीवी फुटेज की जांच की। सीओ कादीपुर विनय गौतम ने बताया कि महिला का इलाज जारी है। उनके अनुसार महिला की स्थिति स्थिर होने के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# पूर्वांचल एक्सप्रेस वे पर पिकअप और एम्बुलेंस की टक्कर में पांच लोगों की मौत

कैनविज टाइम्स संवाददाता



शुकुल बाजार अमेठी । थाना शुकुल बाजार क्षेत्र के पूर्वांचल एक्सप्रेस वे पर रविवार सुबह लगभग साढ़े पांच बजे खडी पिकअप के पीछे से हुई एम्बुलेंस की टक्कर में पांच लोगों की मौत हो गई जबकि एक की हालत नाजुक बताई जा रही है। एम्बुलेंस हरियाणा से शव लेकर बिहार जा रही थी। घटना की सूचना मिलते ही जिलाधिकारी और पुलिस अधीक्षक ने अस्पताल पहुंचकर मृतकों और घायलों के बारे में जानकारी हासिल कर स्थानीय पुलिस को दिशा निर्देश दिया है। बताते चलें कि गुड़गांव में राजमिस्त्री का काम करने वाले अशोक कुमार शर्मा की बीते दिनों एक सड़क दुर्घटना में मौत हो गई थी जिसकी खबर मिलने पर उसका बेटा सतीश कुमार दिल्ली से अपने दो रिश्तेदारों के साथ अपने पिता का शव लेकर बिहार राज्य के रामभद्रपुर जा रहा था। वह पूर्वांचल एक्सप्रेस वे पर पहुंचा ही था कि एक पिकअप सड़क के किनारे खड़ी कर उसका चालक विजय सिंह पंचर बनवा रहा था। बताते चलें कि पिकअप कानपुर से मछली लादकर सिलीगुड़ी जा रही थी। हरियाणा से शव लेकर बिहार जा रही एक एम्बुलेंस अनियंत्रित होकर खड़ी पिकअप में जा टकराई जिससे मौके पर ही पांच लोगों की मौत हो गई जबकि एक अन्य युवक गम्भीर रुप से घायल हो गया है।रविवार की सुबह एम्बुलेंस की टक्कर के बाद चीख पुकार सुनकर राहगीर और स्थानीय लोग मौके पर पहुंचे देखा तो लोग एम्बुलेंस में लोग फंसे हुये थे।उन्होंने किसी तरह चार लोगों को बाहर निकाला लेकिन ड्राइवर और आगे सीट पर बैठा शख्स फंसा रह गया। इन दोनों वाहनों में टक्कर इतनी जोरदार थी कि एम्बुलेंस क्षतिग्रस्त हो गई। चालक और आगे कि सीट पर बैठा व्यक्ति बीस मिनट तक तड़पता रहा।सूचना पर मौके पर पहुंची स्थानीय पुलिस और यूपीडा की टीम ने दरवाजा तोड़कर दोनों को बाहर निकाला जब तक दोनों की मौत हो चुकी थी बाकी चार लोगो को पुलिस ने सीएचसी शुकुल बाजार में भर्ती कराया जहां इलाज के दौरान और तीन लोगों की मौत हो गई। उक्त हादसा पूर्वांचल एक्सप्रेस वे के माइलस्टोन संख्या उनसठ के पास हुआ।हादसे में मरने वालों की पहचान राजकुमार शर्मा, रवि शर्मा, समस्तीपुर बिहार, एम्बुलेंस चालक सरफराज व सहयोगी आबिद निवासी हरियाणा के रूप में हुई है।इस घटना में शंभू राय समस्तीपुर बिहार घायल हो गये है। थाना शुकुल बाजार पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिये भेज दिया है।

## पॉस्को एक्ट के कैदी की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत

सुल्तानपुर जिला कारागार में एक कैदी की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। मृतक की पहचान दोस्तपुर थाना क्षेत्र के जयचंद्रपुर निवासी शब्बीर अहमद (35) के रूप में हुई है। शब्बीर को बीती रात सांस लेने में तकलीफ हुई। जेल प्रशासन ने उसे तुरंत राजकीय मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया। इलाज के दौरान उसकी मृत्यु हो गई। जेल प्रशासन ने परिजनों को सूचना दी और शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। शब्बीर पर वर्ष 2020 में मोतिगरपुर थाने में अपहरण, बलात्कार और पॉस्को एक्ट का मामला दर्ज हुआ था। विशेष न्यायाधीश ने 13 फरवरी 2023 को उसे दोषी करार देते हुए 10 वर्ष के कारावास की सजा सुनाई थी। मृतक के पिता रमजान अहमद ने बताया कि उन्हें सुबह जेल से फोन आया था। जब वे अस्पताल पहुंचे तो उनके बेटे की मौत हो चुकी थी। नगर कोतवाल के अनुसार शव का पोस्टमार्टम किया जा रहा है और आगे की कानूनी कार्रवाई की जा रही है।

## हमले से पस्त ईरान

सुनियोजित व ठोस खुफिया जानकारियों के साथ इस्राइल ने ईरान के परमाणु ठिकानों व शीर्ष सैन्य अधिकारियों पर बड़े सधे हमले किए हैं। ईरान के नतान्ज स्थित मुख्य परमाणु संवर्धन केंद्र को भी निशान बनाया गया। शुक्रवार की सुबह इस्राइल ने 'ऑपरेशन राइजिंग लायन' के जरिये वायु रक्षा प्रणाली व मिसाइलों को ध्वस्त करते हुए ईरान के हवाई क्षेत्र में सैकड़ों लड़ाकू जहाजों के जरिये भारी तबाही मचायी। इस्राइली खुफिया एजेंसी मोसाद की बड़ी भूमिका वाले इस ऑपरेशन के जरिये न केवल ईरान की मिसाइल क्षमता को कमजोर किया बल्कि हवाई रक्षा प्रणाली को भी बेअसर किया। जिसके बाद इस्राइली एयरफोर्स ने ताबड़तोड़ हमलों से ईरानी वायुक्षमता को बेदम कर दिया। लंबी खुफिया तैयारी के साथ इस्राइल ने ईरान के भीतर विस्फोटक ड्रोन बेस स्थापित किए और शुक्रवार तड़के इन ड्रोन ने ईरान के सैन्य ठिकानों में तबाही मचा दी। जिससे ईरान को भारी नुकसान उठाना पड़ा। इस्राइल ने ईरान के सुरक्षा प्रतिष्ठानों, सैन्य अधिकारियों और परमाणु कार्यक्रम से जुड़े वैज्ञानिकों व प्रमुख लोगों पर लंबी तैयारी के बाद सटीक हमले किए। कई बड़े अधिकारियों को उनके घरों में ही मार दिया गया। दरअसल, इस्राइल का मानना था कि ईरान परमाणु हथियार बनाने के करीब है। यहां तक कि परमाणु कार्यक्रम की निगरानी करने वाली संस्था आईएईए ने स्पष्ट शब्दों में ईरान पर परमाणु अप्रसार समझौते का उल्लंघन करने का आरोप लगाया था। हमले में सेना प्रमुख के अलावा ईरानी सेना की सबसे ताकतवर शाखा रिवोल्यूशनरी गार्ड्स के कमांडर हौसेन सलामी को भी मार डाला गया। हमले में न केवल यूरेनियम संवर्धन प्रतिष्ठान पर हमला किया गया, बल्कि कई परमाणु वैज्ञानिकों को भी मार दिया गया। ईरान ने इस्राइल पर नागरिक ठिकानों पर हमला करने के आरोप लगाए। उत्तर पूर्वी ईरान के अलावा नतांज परमाणु केंद्र पर भी धमाके सुने गए। जहां इस्राइल इन हमलों को अपने अस्तित्व को बचाने की कार्रवाई बता रहा है, वहीं ईरान जवाबी कार्रवाई कर शीघ्र बदला लेने की बात कर रहा है। वहीं दूसरी ओर इस्राइली प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने ईरान को चेताया है कि जब तक ईरान की ओर से खतरे की आशंका खत्म नहीं हो जाती, ये हमले आगे भी जारी रहेंगे। दरअसल, इस्राइल का मानना रहा है कि ईरान संवर्धित यूरेनियम से परमाणु हथियार बनाने के करीब है, जो उसके अस्तित्व के लिये चुनौती है। इस्राइल ने ईरान पर उसके क्षेत्र में सैकड़ों ड्रोन दागने के भी आरोप लगाये हैं। वहीं दूसरी ओर ईरान के सुप्रीम लीडर अयातुल्लाह अली खामेनेई ने अमेरिका व इस्राइल को गंभीर परिणाम भुगतने की चेतावनी दी है। दूसरी ओर ईरान के सरकारी मीडिया ने इस्लामिक रिवॉल्यूश्नरी गार्ड्स कोर के कमांडर इन चीफ हौसैन सलामी सहित पांच शीर्ष सैन्य अधिकारियों की मौत की बात स्वीकारी है। साथ ही दो महत्वपूर्ण परमाणु वैज्ञानिकों के मारे जाने की पुष्टि की गई है। दरअसल, ईरान अमेरिका व इस्राइल के दावों को खारिज करते हुए कहता रहा है कि उसका परमाणु कार्यक्रम शांतिपूर्ण उद्देश्यों के लिये है। जबकि अंतर्राष्ट्रीय परमाणु ऊर्जा एजेंसी की दलील है कि ईरान की बातों पर विश्वास नहीं किया जा सकता। वह संवर्धित यूरेनियम से जुड़े प्रश्नों के तार्किक जवाब नहीं दे पाया है। कहा जा रहा है कि ईरान के गुप्त परमाणु ठिकानों का पता चलने के बाद उसके परमाणु कार्यक्रम की मंशा संदिग्ध बन गई है। उसने संवर्धित यूरेनियम भंडार के बारे में सटीक जानकारी भी नहीं दी। आईएईए की एक रिपोर्ट में दावा किया गया कि ईरान इतना यूरेनियम संवर्धित कर चुका है कि वह नौ परमाणु बना सकता है। हालांकि, अमेरिकी विदेश मंत्री इस हमले में अमेरिका की सीधी भूमिका होने से इनकार कर रहे हैं। लेकिन राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने अपने सोशल मीडिया हैंडल के जरिये कहा है कि ईरान ने परमाणु कार्यक्रम पर समझौते के लिये अंतर्राष्ट्रीय प्रस्ताव को बार-बार खारिज किया है। बहरहाल, इस घटनाक्रम से मध्यपूर्व में इस्राइल-ईरान के बीच सीधे युद्ध की आशंका बढ़ गई है। कहा जा रहा है कि इस्राइल और हमास, हिजबुल्ला व हूती विद्रोहियों के बीच पहले से जारी संघर्ष से संवेदनशील बने इलाके में पूर्ण युद्ध की आशंका बढ़ गई है।

# पृथ्वी में जीवन का रक्षक ओजोन परत

**विश्व ओजोन परत संरक्षण दिवस पर विशेष**

**ओजोन परत का मुख्य कार्य पराबैंगनी (यूवी) विकिरण को अवशोषित करना है, जो कि सूर्य से आता है। यह विकिरण जीवित प्राणियों के लिए बहुत हानिकारक हो सकता है, क्योंकि यह डीएनए को नुकसान पहुंचा सकता है और त्वचा कैंसर जैसी बीमारियों का कारण बन सकता है। ओजोन परत का कार्य पृथ्वी और उसमें रहने वाले जीव जगत की रक्षा करने का अत्यंत ही महत्वपूर्ण है। यह पृथ्वी के चारों ओर ओजोन की परत को संरक्षित रखता है, जो कि सूर्य से आने वाली हानिकारक पराबैंगनी विकिरण को अवशोषित करती है। यह परत पृथ्वी पर जीवन के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है क्योंकि यह मानव, पशु और पौधों को पराबैंगनी विकिरण के हानिकारक प्रभावों से बचाती है। यह सूर्य से आने वाली पराबैंगनी विकिरण को अवशोषित करके पृथ्वी की सतह तक पहुंचने से रोकती है। वहीं यह पराबैंगनी विकिरण से होने वाले नुकसान से पृथ्वी पर जीवन को बचाती है, जैसे कि त्वचा कैंसर, मोतियाबिंद, और प्रतिरक्षा प्रणाली में कमी। ओज़ोन परत के कारण ही धरती पर जीवन संभव है। यह परत सूर्य के उच्च आवृत्ति के पराबैंगनी प्रकाश की 90-99% मात्रा, जो पृथ्वी पर जीवन के लिये हानिकारक होती है, उसे अवशोषित कर लेती है। इसका मतलब है ओजोन परत हमारे पृथ्वी के पर्यावरण और जीव जगत के लिए सुरक्षा कवच का महत्वपूर्ण कार्य करता है जिसे हमें बचाना और सुरक्षित रखना भी इतना ही आवश्यक है जितना इसके क्षय प्रक्रिया को रोकना। पृथ्वी के वायुमंडल का 91% से अधिक ओज़ोन यहां मौजूद है। यह मुख्यतः स्ट्रैटोस्फियर (समताप मंडल) के निचले भाग में पृथ्वी की सतह के ऊपर लगभग 10 किमी से अधिक तथा पृथ्वी से लगभग 30 किलोमीटर की दूरी तक स्थित है, यद्यपि इसकी मोटाई मौसम और भौगोलिक दृष्टि से बदलती रहती है। इसके अणु एक ढाल की तरह काम करते हैं जो हमें सौर विकिरण से बचाते हैं। जब विकिरण ओजोन परत तक पहुंचता है, तो यह ओजोन अणुओं से होकर गुजरता है और ये विकिरण के हिस्से को अंतरिक्ष में वापस भेजने के लिए जिम्मेदार होते हैं, इस तरह हम तक पहुंचने वाला विकिरण कम से कम हो जाता है। ओजोन परत का क्षय का अर्थ है यह एक वायुमंडलीय छिद्र है जो बड़ी मात्रा में पराबैंगनी प्रकाश को प्रवेश करने देता है और यह ध्रुवों, अंटार्कटिक महाद्वीप और आर्कटिक महासागर पर स्थित है, जो दोनों गोलार्दों में वसंत के दौरान विशेष रूप से बड़ा होता है और जिसके परिणामस्वरूप ग्रीष्म ऋतु लंबी हो जाती है।**

ओजोन परत का संरक्षण बहुत महत्वपूर्ण है, क्योंकि इसके नुकसान से जीवित प्राणियों के लिए कई प्रकार के खतरे उत्पन्न हो सकते हैं।ओजोन परत पृथ्वी के वायुमंडल में एक पतली परत होती है, जो कि ओजोन (ग3) नामक गैस से बनी होती है। यह परत वायुमंडल के स्ट्रेटोस्फियर में स्थित होती है, जो कि पृथ्वी की सतह से लगभग 20-30 किलोमीटर की ऊंचाई पर होती है। ओजोन परत का मुख्य कार्य पराबैंगनी (यूवी) विकिरण को अवशोषित करना है, जो कि सूर्य से आता है। यह विकिरण जीवित प्राणियों के लिए बहुत हानिकारक हो सकता है, क्योंकि यह डीएनए को नुकसान पहुंचा सकता है और त्वचा कैंसर जैसी बीमारियों का कारण बन सकता है। ओजोन परत का कार्य पृथ्वी और उसमें रहने वाले जीव जगत की रक्षा करने का अत्यंत ही महत्वपूर्ण है। यह पृथ्वी के चारों ओर ओजोन की परत को संरक्षित रखता है, जो कि सूर्य से आने वाली हानिकारक पराबैंगनी विकिरण को अवशोषित करती है। यह परत पृथ्वी पर जीवन के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है क्योंकि यह मानव, पशु और पौधों को पराबैंगनी विकिरण के हानिकारक प्रभावों से बचाती है। यह सूर्य से आने वाली पराबैंगनी विकिरण को अवशोषित करके पृथ्वी की सतह तक पहुंचने से रोकती है। वहीं यह पराबैंगनी विकिरण से होने वाले नुकसान से पृथ्वी पर जीवन को बचाती है, जैसे कि त्वचा कैंसर, मोतियाबिंद, और प्रतिरक्षा प्रणाली में कमी। ओज़ोन परत के कारण ही धरती पर जीवन संभव है। यह परत सूर्य के उच्च आवृत्ति के पराबैंगनी प्रकाश की 90-99% मात्रा, जो पृथ्वी पर जीवन के लिये हानिकारक होती है, उसे अवशोषित कर लेती है। इसका मतलब है ओजोन परत हमारे पृथ्वी के पर्यावरण और जीव जगत के लिए सुरक्षा कवच का महत्वपूर्ण कार्य करता है जिसे हमें बचाना और सुरक्षित रखना भी इतना ही आवश्यक है जितना इसके क्षय प्रक्रिया को रोकना। पृथ्वी के वायुमंडल का 91% से अधिक ओज़ोन यहां मौजूद है। यह मुख्यतः स्ट्रैटोस्फियर (समताप मंडल) के निचले भाग में पृथ्वी की सतह के ऊपर लगभग 10 किमी से अधिक तथा पृथ्वी से लगभग 30 किलोमीटर की दूरी तक स्थित है, यद्यपि इसकी मोटाई मौसम और भौगोलिक दृष्टि से बदलती रहती है। इसके अणु एक ढाल की तरह काम करते हैं जो हमें सौर विकिरण से बचाते हैं। जब विकिरण ओजोन परत तक पहुंचता है, तो यह ओजोन अणुओं से होकर गुजरता है और ये विकिरण के हिस्से को अंतरिक्ष में वापस भेजने के लिए जिम्मेदार होते हैं, इस तरह हम तक पहुंचने वाला विकिरण कम से कम हो जाता है। ओजोन परत का क्षय का अर्थ है यह एक वायुमंडलीय छिद्र है जो बड़ी मात्रा में पराबैंगनी प्रकाश को प्रवेश करने देता है और यह ध्रुवों, अंटार्कटिक महाद्वीप और आर्कटिक महासागर पर स्थित है, जो दोनों गोलार्दों में वसंत के दौरान विशेष रूप से बड़ा होता है और जिसके परिणामस्वरूप ग्रीष्म ऋतु लंबी हो जाती है। हालांकि यह छेद वायुमंडल में ओजोन के प्राकृतिक उतार-चढ़ाव के कारण है, लेकिन यह मानवीय गतिविधियों के कारण भी होता है जो गैसों का उत्सर्जन करते हैं जो समताप मंडल में पहुँच जाते हैं और ओजोन अणुओं को ख़राब कर देते हैं, जिससे ओजोन परत में इस छेद का आकार और प्रभाव बढ़ जाता है। यह एक पर्यावरणीय और स्वास्थ्य समस्या है, क्योंकि सौर विकिरण की अधिकता किसी भी प्रकार के जीवन के लिए ख़तरा है। ओजोन परत को किसी भी तरह के नुकसान के परिणाम कई गुना हैं। हानिकारक ओड्स, ओजोन परत में छेद कर सकते हैं, जिससे यूवी किरणें सीधे पृथ्वी पर आ सकती हैं। यूवी विकिरण के लंबे समय तक संपर्क में रहने से मानव जीवन को खतरा होता है। और अधिकांश जानवरों, पौधों और सूक्ष्म जीवों को गंभीर रूप से नुकसान पहुंचता है। इसके अलावा, कई ओजोन-क्षयकारी पदार्थ भी शक्तिशाली ग्रीनहाउस गैसें हैं जो वायुमंडल में जमा होने और ग्रह को गर्म करने पर जलवायु परिवर्तन में योगदान करती हैं। ओजोन परत की खोज 1913 में फ्रांसीसी वैज्ञानिक चार्ल्स फैब्री और हेनरी बुसोन ने की थी। उन्होंने पाया कि वायुमंडल में एक परत होती है जो कि ओजोन गैस से बनी होती है और यह परत यूवी विकिरण को अवशोषित करती है।ओजोन परत के नुकसान से कई प्रकार के हानिकारक प्रभाव पड़ सकते हैं-1.त्वचा कैंसर- ओजोन परत के नुकसान से पराबैंगनी विकिरण (यूवी) की मात्रा में वृद्धि होती है, जिससे त्वचा कैंसर का खतरा बढ़ जाता है। 2. आंखों की समस्याएं-यूवी विकिरण से आंखों में समस्याएं हो सकती हैं, जैसे कि मोतियाबिंद और आंखों की जलन। 3.फ़ेफड़ों की समस्याएं-यूवी विकिरण से फ़ेफड़ों की समस्याएं हो सकती हैं, जैसे कि अस्थमा और फ़ेफड़ों का कैंसर। 4. पौधों और फसलों को नुकसान-यूवी विकिरण से पौधों और फसलों को नुकसान पहुंच सकता है, जिससे खाद्य उत्पादन में कमी आ सकती है। 5. जलीय जीवन को नुकसान- यूवी विकिरण से जलीय जीवन को नुकसान पहुंच सकता है, जिससे मछलियों और अन्य जलीय जीवों की संख्या में कमी आ सकती है। 6. वायुमंडलीय परिवर्तन- ओजोन परत के नुकसान से वायुमंडलीय परिवर्तन हो सकते हैं, जैसे कि तापमान में वृद्धि और मौसम पैटर्न में बदलाव। 7. मानव स्वास्थ्य पर प्रभाव- ओजोन परत के नुकसान से मानव स्वास्थ्य पर कई प्रकार के प्रभाव पड़ सकते हैं, जैसे कि त्वचा की समस्याएं, आंखों की समस्याएं और फ़ेफड़ों की समस्याएं। इन सभी प्रभावों को देखते हुए ओजोन परत के संरक्षण के लिए तत्काल कार्रवाई करना आवश्यक है। ओजोन परत की रक्षा करने के लिए कई कदम उठाए जा सकते हैं:1. क्लोरोफ्लोरोकार्बन (सीएफसी) के उपयोग को कम करना-सीएफसी ओजोन परत को नुकसान पहुंचाने वाले रसायनों में से एक हैं। इनका उपयोग रेफ्रिजरेटर, एयर कंडीशनर और अन्य उपकरणों में किया जाता है। 2. हाइड्रोफ्लोरोकार्बन (एचएफसी) के उपयोग को सीमित करना- एचएफसी भी ओजोन परत को नुकसान पहुंचाने वाले रसायनों में से एक हैं। इनका उपयोग रेफ्रिजरेटर, एयर कंडीशनर और अन्य उपकरणों में किया जाता है। 3. ओजोन-मित्री तकनीक को अपनाना-ओजोन-मित्री तकनीक में सीएफसी और एचएफसी के बजाय अन्य रसायनों का उपयोग किया जाता है जो ओजोन परत को नुकसान नहीं पहुंचाते हैं। 4. ऊर्जा-कुशल उपकरणों का उपयोग करना-ऊर्जा-कुशल उपकरणों का उपयोग करने से ऊर्जा की खपत कम होती है और ओजोन परत को नुकसान पहुंचाने वाले रसायनों के उपयोग में भी कमी आती है। 5. वाहनों से निकलने वाले प्रदूषकों को कम करना- वाहनों से निकलने वाले प्रदूषक ओजोन परत को नुकसान पहुंचा सकते हैं। इसलिए, वाहनों से निकलने वाले प्रदूषकों को कम करने के लिए वाहनों को नियमित रूप से मेंटेनेंस करना और स्वच्छ ईंधन का उपयोग करना महत्वपूर्ण है। 6. कूड़ा-कचरा प्रबंधन में सुधार करना-कूड़ा-कचरा प्रबंधन में सुधार करने से ओजोन परत को नुकसान पहुंचाने वाले रसायनों के उपयोग में कमी आ सकती है। 7. जागरूकता फैलाना- ओजोन परत के महत्व और इसके संरक्षण के बारे में जागरूकता फैलाना महत्वपूर्ण है। इससे लोग ओजोन परत की रक्षा करने में अपनी भूमिका निभा सकते हैं। इन कदमों को उठाकर हम ओजोन परत की रक्षा कर सकते हैं और इसके संरक्षण में अपनी भूमिका निभा सकते हैं। - सुरेश सिंह बैस 'शाश्वत'

## वैश्विक-युद्ध का नया त्रिकोण? इजरायल, ईरान और अमेरिका

**संजीव ठाकुर**

अब अंतर्राष्ट्रीय परिदृश्य में नया और खतरनाक मोड़ ले लिया है नए संदर्भ में इजरायल ईरान और अमेरिका की भूमिका काफी खतरनाक और संदिग्ध हो गई है युद्ध का जुनून ईरान द्वारा परमाणु ईंधन यूरेनियम के भंडारण तथा उपयोग को लेकर अमेरिका तथा इसराइल के सिर पर चढ़कर बोलने लगा है स 13 जून को इजराइल का ईरान पर बड़ा हमला दोनों शत्रुओं के बीच कई दशकों पुरानी दुश्मनी का नतीजा है। इसराइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतनाहु काफी लंबे समय से ईरान को अपना सबसे बड़ा दुश्मन और खतरा बताते आ रहे हैं। इसराइल ने ईरान पर हमले की योजना इसराइल हमास युद्ध के दौरान बना ली थी और इस हमले के नेपथ्य में इसराइल के विरुद्ध छद्म युद्ध रहा है। ईरान ने यमन में हूती विद्रोहियों और लेबनान में हिजबुल्ला को व्यापक समर्थन देकर इसराइल के लिए सुरक्षा के कई खतरे पर सवाल खड़े कर दिए थे। यह उग्रवादी अक्सर इजरायल में तोड़फोड़ हत्या और अनेकों आक्रमण में शामिल रहे हैं। ईरान ने 1979 की इस्लामी क्रांति के तुरंत बाद से ही अमेरिका और इसराइल को अपना सबसे बड़ा तथा मुख्य विरोधी तथा दुश्मन मानता रहा है तभी से यह त्रिकोणीय संघर्ष और तनाव ताजा हमलो के रूप में सामने आया है। इसराइल और अमेरिका ने लगातार दो दशकों से कई बार ईरान पर परमाणु हथियार विकसित करने तथा इसे इसराइल तथा अमेरिका के विरुद्ध इस्तेमाल करने की धमकी के रूप में आरोप लगाया है। गौरतलब है कि अमेरिका और इजरायल की ईरान से दुश्मनी काफी पुराने समय से पकती रही है जिसके फल स्वरुप इजरायल ने ईरान के परमाणु और सैन्य ठिकानों पर ताबड़तोड़ हमले किए जिससे सेना उप प्रमुख समेत ईरानी फौज के बीस महत्वपूर्ण कमांडर मारे गए हैं इसके अलावा ईरान के 6 परमाणु वैज्ञानिक भी मौत के घाट उतार दिए गए। इसराइल ने ऑपरेशन लॉयन के तहत 200 लड़ाकू विमान से ईरान के लगभग 100 ठिकानों को तबाह किया है जिसका बहुत बड़ा कारण ईरान के सुप्रीम नेता खोमनई द्वारा इसराइल को कड़ी सजा देने की चेतावनी बताया गया है। वैसे अब इसराइल के इस बड़े हमले से पश्चिम एशिया में दो कट्टर दुश्मनों के बीच व्यापक तथा भयानक युद्ध की आशंका बढ़ गई है। ईरान ने इस हमले के जवाब में सो बमवर्षक ड्रोन इसराइल पर दागे थे जिसे इजरायल फौजों ने नाकाम भी कर दिया है। यरूसलम की समाचार एजेंसी के अनुसार इसराइल के ईरानी हमले पर ईरान के तीन शीर्ष फौजी के कमांडर मारे गए हैं इसमें ईरानी सशस्त्र बलों के चीफ ऑफ स्टाफ जनरल मोहम्मद बाघेरी, और महत्वपूर्ण तथा शक्तिशाली अर्धसैनिक बल रिवॉल्यूशनरी गार्ड्स के प्रमुख हुसैन सलामी तथा ईरान की बैलिस्टिक मिसाइल कार्यक्रम के प्रमुख जनरल आमिर अली की मौत हो चुकी है। इसके अलावा ईरानी सुरक्षा बलों के 17 प्रमुख एवं वरिष्ठ कमांडर भी मारे गए हैं । यह अत्यंत उल्लेखनीय है कि ईरान इजरायल के ईरान पर हमले से वरिष्ठ वैज्ञानिकों के मरने से ईरान के परमाणु कार्यक्रम को एक बहुत बड़ा झटका लगा है इन वैज्ञानिकों की मौत से परमाणु बम बनाने के ईरानी सपनों की भी मौत हो गई है। ईरानी के सर्वोच्च नेता राष्ट्रपति अयातुल्लाह अली खामनेई ने कहा कि दुश्मन को बहुत पछताना पड़ेगा उन्होंने अपने एक बयान में कहा कि इसराइल ने ईरान में हमले करके जो अपराध कर अपना खूनी हाथ दिखाया है उसके लिए उसे बहुत पछताना पड़ेगा इसराइल को इसकी बहुत बड़ी कीमत चुकानी पड़ेगी हम अब चुप नहीं बैठेंगे और इसराइल इस ईरान के बदले को सदियों तक याद रखेगा। अंतर्राष्ट्रीय रक्षा विशेषज्ञों के अनुसार इसराइल और ईरान की लड़ाई परमाणु ईंधन यूरेनियम के ईरान द्वारा जमा किए जाने पर हुई है इसराइल के प्रधानमंत्री ने कहा है कि ईरान को किसी भी कीमत पर जमा किए गए यूरेनियम से परमाणु बम बनाने नहीं दिया जाएगा यह इजरायल की पीढ़ियों के लिए खतरा बन गया है और जब तक ईरान इस बात से सहमत नहीं होगा कि वह परमाणु बम नहीं बनाएगा यह ऑपरेशन राइजिंग लायन जारी रहेगा। इधर इजराइल में आपातकाल घोषित कर दिया गया तथा इसराइल ने दुनिया भर में अपने सभी दूतावासों को बंद कर दिया है उन्होंने आशंका व्यक्त की है कि ईरान इजरायल के आवासीय परिसरों में हमला कर सकता है। दूसरी तरफ डोनाल्ड ट्रंप ने इसराइल के पक्ष में अजीबो-गरीब बयान दिया है उन्होंने ईरान को चेतावनी देते हुए समझाया है कि समझौते के लिए अभी भी सही समय है नहीं तो परिणामतः इसराइल के हमले और तेज तथा बदतर होंगे। उन्होंने आगे कहा कि जिन ईरानी नेताओं ने बढ़ चढ़कर बहादुरी दिखाई थी वे सब इजरायल के हमले से मारे गए अभी भी समय है संभल जाओ।

### सेहत मंत्र

## बवासीर से ना हों परेशान, इलाज के लिए करें एलोवेरा का उपयोग

बवासीर को यूं तो एक स्वास्थ्य समस्या माना जाता है, लेकिन वास्तव में यह काफी कष्टकारी होती है। इस समस्या में आपकी गुदा व मलाशय की नसों में सूजन आ जाती है। जिसके कारण व्यक्ति को दर्द, खुजली या कभी?कभी गुदा से खून भी निकलता है। बवासीर का एक मुख्य कारण कब्ज है। यह समस्या आमतौर पर उन लोगों में अधिक देखने को मिलती है, जिन्हें लंबे समय तक बैठकर काम करना पड़ता है। हालांकि इस समस्या से निजात पाने के लिए आप डॉक्टर को दिखा सकते हैं, लेकिन कुछ घरेलू उपायों की मदद से भी इसका इलाज किया जा सकता है। बवासीर के इलाज के लिए एलोवेरा का इस्तेमाल सालों से किया जाता रहा है। दरअसल, इसमें एंटी?इंफलेमेटरी गुण पाए जाते हैं, जो जलन को कम करने में मदद करते हैं। बवासीर के इलाज के लिए आपको एलोवेरा के पौधे से जेल निकालकर उसका ही उपयोग करना चाहिए। हालांकि इस नुस्खे को आजमाने वाले कहते हैं कि कुछ लोगों को एलोवेरा से एलर्जी होती है। इसलिए पहले आप इसे अपने बाजू पर रगड़कर पहले चेक कर लेना चाहिए। अगर आपको कोई प्रतिक्रिया नहीं होती है तो आप इसका इस्तेमाल आसानी से कर सकते हैं। बवासीर की समस्या में अक्सर गुदा मार्ग में सूजन आ जाती है। ऐसे में सूजन से राहत पाने के लिए आईस पैक या कोल्ड कंप्रेस का इस्तेमाल करना एक अच्छा विचार है। बड़े बुजुर्गों के अनुसार, जलन या सूजन होने पर कोल्ड कंप्रेस एक बेहद ही प्रभावी उपचार साबित हो सकता है। इसलिए बवासीर के इलाज के लिए भी कपड़े या पेपर टॉवल के अंदर बर्फ लपेंटे और प्रभावित स्थान पर कुछ देर के लिए रखें। हालांकि इस नुस्खे को आजमाते समय कभी भी बर्फ को सीधे ही इस्तेमाल ना करें। नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ डायबिटीज एंड डाइजेस्टिव एंड किडनी डिजीज के अनुसार, स्टूल सॉफ्टनर या फाइबर सप्लीमेंट जैसे साइलियम कब्ज से राहत दिलाने और स्टूल को नरम बनाने में मदद कर सकते हैं और इससे तेज, दर्द रहित मल त्याग करने में आसानी होती है।

### धर्म मंत्र

## यज्ञोपवीत का समझिये महत्व

यज्ञोपवीत जिसे हमें सामान्यतः जनेऊ के नाम से जानते हैं, यह कोई महज साधारण धागा नहीं है बल्कि हिन्दू धर्म में इसके साथ कई विशेष मान्यताएँ जुड़ी हुई हैं। पौरागिण ग्रंथों में उल्लेख मिलता है कि तपस्वियों, सप्त ऋषि तथा देवगणों ने कहा है कि यज्ञोपवीत ब्राह्मण की शक्ति है। ब्राह्मणों का यह आभूषण स्वर्ण या मोतियों का बना हुआ नहीं है, ना ही यह मोतियों से बना हुआ है। साधारण धागे से बना हुए इस पवित्र यज्ञोपवीत के माध्यम से ही देवता, ऋषियों और पितृ का ऋण चुकाया जाता है। हिन्दू धर्म में विभिन्न संस्कारों में से एक संस्कार यज्ञोपवीत धारण करना भी है। यज्ञोपवीत संस्कार का कार्यक्रम बेहद वृहद स्तर पर आयोजित किये जाते हैं क्योंकि इसे धारण करने के बाद व्यक्ति को शक्ति के साथ ही शुद्ध चरित्र मिलता है और वह कर्तव्य परायणता के बोध से विभोर हो जाता है। यज्ञोपवीत संस्कार के आयोजन के लिए भी शुभ मुहूर्त देखा जाता है, यज्ञोपवीत परम पवित्र है, प्रजापति ईश्वर ने इसे सबके लिए सहज ही बनाया है। यह आयुवर्धक, स्फूर्तिदायक, बंधन से छुड़ाने वाला और पवित्रता देने वाला है। यह बल और तेज भी देता है। इस यज्ञोपवीत के परम श्रेष्ठ तीन लक्ष्य हैं- सत्य व्यवहार की आकांक्षा, अग्नि के समान तेजस्विता और दिव्य गुणों की पवित्रता इसके द्वारा भली प्रकार प्राप्त होती है। आज के युग में अकसर यह देखने को मिलता है कि माता-पिता के कहने पर युवा यज्ञोपवीत संस्कार तो करवा लेते हैं लेकिन उसे पहनते नहीं हैं या पहनते हैं तो इसे धारण करने संबंधी नियमों का पालन नहीं करते। यह ध्यान रखना चाहिए कि यदि आपका यज्ञोपवीत संस्कार हो गया है तो सदा इसे धारण करें और शिखा में गांठ लगाएं, बिना शिखा और बिना यज्ञोपवीत वाला जो धार्मिक कर्म करता है, वह निष्फल हो जाते हैं।

### पर्यटन



## विश्व धरोहर में शामिल है ऐतिहासिक एवं सांस्कृतिक जल दुर्ग गागरोन

ऐतिहासिक एवं सांस्कृतिक रूप से देश के जल दुर्गों में दक्षिणी राजस्थान में मध्यप्रदेश राज्य की सीमा से लगते जिले झालवाड़ में स्थित गागरोन का दुर्ग जल दुर्ग का बेहतरीन उदहारण है। इतिहास की कई गाथाएं अपने में समेटे इस दुर्ग को यूनेस्को ने अपनी प्राकृतिक, सांस्कृतिक एवं ऐतिहासिक साइट की श्रेणी में विश्व धरोहर में शामिल कर इसके महत्व को प्रतिपादित किया है। आइये ! आप भी जानिए इस दुर्ग के बारे में, क्यों वर्षो से यह दुर्ग सैलानियों के आकर्षण का केंद्र बना हुआ है। गागरोन दुर्ग झालावाड से मात्र तीन किलोमीटर दूरी पर कालीसिंध, परवन एवं आयड़ नदियों के संगम पर स्थित है। दुर्ग तीन ओर से पानी से धिरा है। सड़क मार्ग से जाने पर यह 14 किलोमीटर दूरी पर पड़ता है। इसका निर्माण समय-समय पर 8 वी से 18 वीं शताब्दी के मध्य किया गया। दुर्ग के चारों तरफ विशाल खाई, नदियां एवं सुदृढ़ प्राचीर इसे सुरक्षा प्रदान करते हैं। दुर्ग तक पहुँचने के लिए नदी में एक पुल बनाया गया है। दुर्ग पर शुंग, मालवों, गुप्तों, राष्ट्रकूटों, खींचियों का शासन रहा। अल्लाउद्दीन खिलजी इसे कई वर्षो तक घेरे रखने के बाद भी जीत नहीं सका। अकबर ने यह दुर्ग बीकानरे के पृथ्वीराज राठौड़ को दे दिया। भक्त शिरोमणी रामानंद के शिष्य संता पीपा भी इस दुर्ग के शासक रहें, जिन्होंने अपना राजपाठ त्याग कर दुर्ग अपने भाई अचलदास खींची को सौंप दिया। वर्ष 1436 ई. में राजा की रानी उमादेवी की सुंदरता के कारण उसे पाने के लिए सुल्तान महमूद खिलजी (मालवा) ने काफी समय दुर्ग को घेरे रखा। शत्रु को हराने का उपाय न सूझा तो स्त्रियों ने जौहर कर लिया एवं पुरूष रण में मारे गये। अचलदास खिचीं की वचनिका नामक काव्य रचना से पता चलता है कि उमा रानी ने चालीस हजार महिलाओं के साथ जौहर किया। अगले वर्ष अचलदास के पुत्र पाल्हणसी ने अपने मामा कुंभा की सहायता से दुर्ग पर आक्रमण कर अधिकार कर लिया। राठौड़ों के पतन के बाद दुर्ग बूंदी के शासकों हाड़ाओं के अधीन आ गया एवं यहीं से कोटा रियासत के अधीन हो गया।

# योग सप्ताह का सपत्नीक एमएलसी अंगद सिंह ने किया शुभारंभ

कैनविज टाइम्स संवाददाता

बाराबंकी। अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के श्रृंखला में जीआईसी आडिटोरियम में आज 15 जून से 21 जून तक आयोजित योग सप्ताह का शुभारंभ मुख्य अतिथि सदस्य विधान परिषद अंगद सिंह उनकी धर्मपत्नी श्रीमती पूनम सिंह एवं सहअतिथि जिला पंचायत सदस्य डॉ अवधेश कुमार वर्मा व ज्वाइंट मजिस्ट्रेट तेजस कृष्ण प्रसाद द्वारा संयुक्त रूप में किया गया । इस अवसर पर पी डी राकेश कुमार सिंह एवं क्षेत्रीय आयुर्वेदिक एवं यूनानी अधिकारी डॉ वीनम यादव जिला होम्योपैथिक चिकित्साधिकारी डॉ अर्चना श्रीवास्तव कार्यक्रम के नोडल अधिकारी डॉ अविनाश चंद्र योगाचार्य शशि कुमार अवस्थी उपस्थित रहे और सामूहिक रुप से दीप प्रज्ज्वलित किया। अधिक से अधिक जनमानस ने जीआईसी ऑडिटोरियम में आकर योग प्रशिक्षक कमल किशोर व उनके सहयोगी सहायक योग प्रशिक्षिका स्वीटी मौर्य द्वारा कराई गई योग क्रियाओं में सहयोगी बने और पूरा-पूरा आनंद लिया। मंच संचालन योगाचार्य शशी कुमार अवस्थी द्वारा बहुत ही अच्छे प्रकार से किया गया। योग के अंत में सभी ने योग को अपनाने की प्रतिज्ञा भी ली तत्पश्चात चिकित्साधिकारी डॉ डीके चौहान , डॉ किरन सिंह एवं डा राजेश कुमार ने योग के महत्व पर प्रकाश डाला कार्यक्रम में आए मुख्य अतिथि एवं सहअतिथि द्वारा जन सामान्य को अपने उद्बोधन द्वारा योग के प्रति जागरूक किया गया । जीआईसी ऑडिटोरियम से पदयात्रा का शुभारंभ किया गया यह पदयात्रा जीआईसी ऑडिटोरियम से चलकर अंबेडकर चौराहा तक पहुंची जिसके बीच में लगातार योग का प्रचार प्रसार और उसका जीवन में महत्व के विषय में विस्तार से जन सामान्य को अवगत कराया गया और आयुष विभाग द्वारा की जा रही योग संबंधी ऑनलाइन प्रतियोगिता के विषय में भी जानकारी दी गई इस प्रकार अंत में कार्यक्रम का समापन किया गया कार्यक्रम हर्ष और आनंद के साथ संपन्न हुआ और क्षेत्रीय आयुर्वेदिक एवं यूनानी अधिकारी डॉ वीनम यादव द्वारा सभी का आभार प्रकट किया गया इस अवसर पर जनपद के समस्त आयुर्वेदिक यूनानी एवं होम्योपैथिक चिकित्साधिकारीगण अपने समस्त स्टाफ के साथ मौजूद रहे और कार्यक्रम को सफल बनाने में सहयोग दिया ।





## कागजों में सिमटा विधायक राज प्रसाद का आदेश, निरंकुश बने विकास अधिकारी

कैनविज टाइम्स संवाददाता

कूरेभार, सुलतानपुर। जिम्मेदार अधिकारियों के निरंकुशता के कारण जयसिंहपुर सदर विधायक राज प्रसाद उपाध्याय का आदेश कागजों में दम भर रहा है। यह मामला विकास खंड कूरेभार में स्थित ग्राम मानिकपुर में कीचड़ युक्त सड़क से जुड़ा हुआ है। जबकि स्थानीय ग्रामीणों की मांग पर जनहित को ध्यान में रखते हुए विधायक राज प्रसाद उपाध्याय ने खंड विकास अधिकारी कों अविलंब सड़क निर्माण के लिए पत्र भी लिखा है। इसके बावजूद भी मामला ठंडे बस्ते में पड़ा हुआ हैं। जिसके कारण ग्रामीणों और बच्चों के लिए वर्षों से कच्ची सड़क बड़ी मुसीबत बन गई है। ज्ञात हो कि करीब दो हजार बच्चों और तीन सौ घरों की आबादी वाले इस गांव में जाने के लिए कच्चे रास्ते में कीचड़ और बड़े बड़े गड्ढे बने हुए है। देखा जाय तो भ्रष्टाचार और कमीशन खोरी की भेंट चढ़ी नाली, महीने भर के अंदर टूट कर विखर है। गजऊ राय का पुरवा ग्राम पंचायत मानिकपुर को जाने वाले दो रास्ते है, लेकिन दुर्भाग्य से यह दोनों रस्ते पूर्णतः बदहाल और खराब हो गया है। चाचा नेहरू विद्यायल से होकर जाने वाले रास्ते पर वर्षों से तो एक अदद खड़ंजा भी नसीब नहीं हुआ। हल्की बरसात में हजारों बच्चे और ग्रामीण कीचड़ से होकर आवागम करने को मजबूर हैं। वहीं दूसरे रास्ते पर खड़ंजा बिछा था जिसे उखाड़कर बीच में नाली बनाई गई। लेकिन यह नाली भी भ्रष्ट्राचार की भेंट चढ़ गई और महीने भर में नाली की दीवार और छत दर्जनों जगह टूट गई। जिसके बाद सरकारी धन तो खर्च हुआ लेकिन सैकड़ों ग्रामीणों आना जाना बाधित हो गया है। जल भराव और कीचड़ से भरी इस सड़क की समस्या को लेकर जितेंद्र मौर्य अभिषेक सिंह, प्रबंधक मिर्ज़ा अल्ताफ बेग, कल्लू शर्मा, मनोज शर्मा, पंकज शर्मा, योगेश पांडेय, पवन पाठक, रोहित, छोटू पांडेय, समेत सैकड़ों ग्रामीणों ने आक्रोश जताया है। यही नहीं भाजपा मंडल कूरेभार के मंडल अध्यक्ष राजमणि मौर्य, भाजपा युवा मोर्चा के जिला महामंत्री गौरव मौर्य, भाजपा युवा मोर्चा के मंडल कूरेभार अध्यक्ष अभिषेक सिंह विक्कू, भाजपा नेता नीतीश अग्रहरि द्वारा विधायक राज प्रसाद उपाध्याय से सड़क बनाने की मांग करने के बावजूद भी सड़क नहीं बन पा रही है। ऐसी स्थिति में भाजपा की सरकार में इन भाजपाइयों की स्वयं ही कोई सुनवाई नहीं हो रही है। तो जनता की समस्याओं के निस्तारण का क्या होता होगा, यह तो भगवान ही मालिक है।

## देश में विकास का माडल बन रहा है यूपी : सतीश

कैनविज टाइम्स संवाददाता

सिरौलीगौसपुर बाराबंकी। केन्द्र में भाजपा सरकार के 11 वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में विकसित भारत संकल्प सभा आयोजित कर जन कल्याण कारी योजनाओं की जानकारी ग्रामीणों तक पहुचाई जा रही है।

रविवार को ग्राम पंचायत महमूदाबाद में आयोजित संकल्प सभा में उत्तर प्रदेश सरकार के राज्य मंत्री सतीश चंद्र शर्मा ने शिरकत की। उन्होंने केंद्र और राज्य सरकार की नीतियों और विकास कार्यों पर प्रकाश डाला। मंत्री ने कहा कि मोदी सरकार ने पिछले 11 वर्षों में गरीबी, भ्रष्टाचार और जातिवाद जैसी समस्याओं से प्रभावी तरीके से निपटा है।



उन्होंने प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना, आयुष्मान भारत, प्रधानमंत्री आवास योजना, हर घर जल योजना और डिजिटल इंडिया जैसी योजनाओं का जिक्र किया। मंत्री ने बताया कि इन योजनाओं से आम नागरिक आत्मनिर्भर बन रहे हैं।

योगी सरकार की उपलब्धियों का जिक्र करते हुए मंत्री ने कहा कि उत्तर प्रदेश में कानून व्यवस्था, बुनियादी ढांचे, स्वास्थ्य और शिक्षा में सुधार हुआ है। उन्होंने कहा कि यूपी अब देश में विकास का मॉडल बन रहा है।

कार्यक्रम के अंत में उपस्थित लोगों ने विकसित भारत के निर्माण में योगदान का संकल्प लिया। कार्यक्रम में मंडल अध्यक्ष पवन वर्मा, पूर्व मंडल अध्यक्ष मुलायम सिंह यादव, पुष्पेंद्र शुक्ला अंशु, अनिल वर्मा,विकेश वर्मा, चंद्रभान रावत, प्रदीप द्विवेदी, लवलेश पंडित,लवकुश वर्मा, अमित वर्मा,ललित वर्मा, सूरज लाल यादव, नीलू वर्मा, शैलेंद्र शुक्ला, अनिल वर्मा गुड्डू, समेत कई गणमान्य व्यक्ति और स्थानीय नागरिक मौजूद रहे।

## साकेंद्र ने गिनाई मोदी सरकार की उपलब्धिया

कैनविज टाइम्स संवाददाता




निंदूरा बाराबंकी। विधानसभा कुर्सी के निंदूरा मण्डल में प्रेरणा रिजॉर्ट में विकसित भारत के 11 साल पर आयोजित संकल्प सभा में मुख्य अतिथि कुर्सी विधायक साकेंद्र प्रताप वर्मा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत ने पिछले 11 वर्षों में विकास के क्षेत्र में काफी प्रगति की है।इस अवसर पर श्री वर्मा ने सरकार की उपलब्धियां गिनाई ,कहा कि सरकार ने महिलाओं, किसानों, युवाओं, मजदूरों और वंचितों के उत्थान के लिए कई योजनाएं शुरू की हैं। गरीबों को घर, शौचालय, बिजली, रसोई गैस, मुफ्त राशन और स्वास्थ्य सेवा प्रदान की गई है।आज सबका साथ सबका विकास के मूल मंत्र के आधार पर गरीब कल्याण की योजनाएं समाज के हर तबके तक बिना किसी भेदभाव के पहुंच रही है। इस मौके पर अरुण सिंह, विनय मौर्य, विकास श्रीवास्तव , विशाल सिंह , प्रदीप रावत, श्रीश रावत ,सुनील विश्वकर्मा व राजन सिंह सहित सैकड़ों लोग उपस्थित रहे।

## नाबालिग लड़की को लेकर युवक फरार, परिजनों ने की पुलिस से कार्रवाई की मांग

सिद्धौर बाराबंकी कोठी थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम सरायमीर निवासी एक व्यक्ति ने स्थानीय पुलिस को तहरीर देकर आरोप लगाया है कि उसकी नाबालिग पुत्री को एक युवक बहला-फुसलाकर भगा ले गया है।

शिकायतकर्ता के अनुसार, शनिवार को परिवार के सभी सदस्य खेत पर कार्य करने गए थे। शाम करीब 7 बजे जब वे वापस लौटे, तो देखा कि उसकी नाबालिग बेटी घर पर नहीं है। काफी खोजबीन के बाद जानकारी मिली कि असंद्रा थाना क्षेत्र के जलालपुर निवासी मनीष कुमार पुत्र रामसेवक उसे बहला-फुसलाकर अपने साथ ले गया है।

पीड़ित पिता ने कोठी थाने में प्रार्थना पत्र देकर युवक के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है।

### शिक्षाविद का देहावसान शोक की लहर

रामनगर बाराबंकी। यूनियन इंटर कॉलेज के सेवानिवृत्त शिक्षक वरिष्ठ प्रवक्ता एवं कलाकार श्याम मनोहर गुप्ता के आकस्मिक निधन से क्षेत्र में शोक की लहर है।वे शिक्षा और संस्कृति के क्षेत्र में समर्पित रहे और विद्यार्थियों के प्रिय मार्गदर्शक थे।उनके निधन पर समाज शिक्षा जगत और स्थानीय लोगों ने गहरा दुख प्रकट करते हुए श्रद्धांजलि अर्पित की और ईश्वर से दिवंगत आत्मा की शांति हेतु प्रार्थना की।

### मोदी के नेतृत्व में भारत ने हर क्षेत्र में की उन्नति- उपेन्द्र

बाराबंकी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार के सेवा, सुशासन और गरीब कल्याण के 11 वर्ष पूर्ण होने पर रविवार को विकास खंड सिद्धौर के सभागार में विकसित भारत संकल्प सभा का आयोजन किया गया।कार्यक्रम मैं बतौर मुख्य अतिथि पधारे निवर्तमान सांसद उपेंद्र रावत ने कहा कि बीते 11 वर्षों में भारत ने हर क्षेत्र में उल्लेखनीय प्रगति की है। उन्होंने कहा कि मोदी सरकार ने गरीबी, भ्रष्टाचार, जातिवाद और परिवारवाद जैसी चुनौतियों को पीछे छोड़ देश को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाया है। सभा को ब्लॉक प्रमुख आरती रावत ने भी संबोधित किया। सभा के अंत में उपस्थित सभी लोगों ने विकसित भारत के निर्माण में योगदान देने का संकल्प लिया। इस अवसर पर जिला उपाध्यक्ष प्रमोद तिवारी, मंडल अध्यक्ष प्रवीण सिंह, सिद्धौर चेयरमैन रमंता रावत, आशुतोष अवस्थी, ग्राम प्रधान सत्यनाम सिंह वर्मा, चेयरमैन प्रतिनिधि लल्लू रावत, डा. राजेंद्र प्रसाद वर्मा, प्रमोद वर्मा, हनुमान वर्मा, संदीप पांडे सहित सैकड़ों कार्यकर्ता व गणमान्य नागरिक मौजूद रहे।

### नशा तिजारतियों पर आर पीएफ की बड़ी कार्रवाई

रामनगर बाराबंकी। रेलवे सुरक्षा बल लखनऊ मंडल ने ऑपरेशन नारकोस के तहत मादक पदार्थ तस्करों के खिलाफ बड़ी कार्रवाई की।बुढ़वल रेलवे थाना प्रभारी अजमेर सिंह यादव व एनसीबी लखनऊ की संयुक्त टीम ने गुप्त सूचना पर बीते शनिवार रात गरीब रथ एक्सप्रेस 12536 के कोच जी 16 में छापा मारा।छापेमारी में रायपुर से लखनऊ जय रहे बिहार राज्य के ग्राम मुसहरी थाना धन्हा जिला पश्चिमी चंपारण निवासी सुखल बैठा 65 व उसकी पत्नी लीलावती देवी 55 के पास से 30 किलो गांजा बरामद किया गया।जिसकी कीमत अंतरराष्ट्रीय बाजार में लगभग 30 लाख रुपये आंकी गई है दोनों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है।

### किशोर बाइक चालक की टक्कर से बालक मरणासन्न

बेलहरा बाराबंकी। मोहम्मदपुर खाला थाना क्षेत्र अंतर्गत शिवराजपुर निवासी नरेंद्र सिंह का नाबालिग पुत्र सूरज सिंह (15) बाइक लेकर बेलहरा से घर जा रहा था तभी रास्ते में लकौड़ा गांव निवासी राम सांवले का 13 वर्षीय बेटा विवेक सड़क के किनारे खड़ा था और उसके पिता पास के खेत में सिंचाई कर रहे हैं तभी बाइक चालक ने विवेक को जोरदार टक्टर मार दी। हादसे में दोनों घायल हो गए। स्थानीय लोगों की मदद से एंबुलेंस द्वारा दोनों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र फतेहपुर में भर्ती कराया गया जहां पर विवेक के दोनों पैरों में फैक्चर होने के कारण डॉक्टरों ने उसे जिला अस्पताल के लिए रेफर कर दिया।

### मेंथा टंकी फटी , झुलसा किसान, मौत

सिरौलीगौसपुर बाराबंकी।मेंथा की पेराई के दौरान टंकी फटने से झुलसे युवक की इलाज के दौरान मेडिकल कॉलेज लखनऊ में मौत हो गई। बीते मंगलवार की शाम को मेंथा पेराई के दौरान फटी टंकी की चपेट में आने से युवक गंभीर रूप से झुलसे गया था। युवक का शव रविवार को गांव पहुंचा तो परिजनों में कोहराम मच गया।बदोसराय थाना क्षेत्र के मोहरिया गांव निवासी वीरेंद्र कुमार वर्मा बीते मंगलवार को अपनी ही मेंथा टंकी पर खुद की मेंथा की पेराई कर रहे थे । रात में करीब नौ बजे उसका बड़ा लड़का शिवा वर्मा 17 वर्ष टंकी के बगल बैठकर घास फूस की झोंकाइ कर रहा था।तभी टंकी का नीचे का आधा हिस्सा(पेंदा) फट गया।उससे निकली आग और गर्म वाष्प की चपेट में आने से युवक बुरी तरह से झुलस गया था ।जिसे परिजन आनन फानन संयुक्त चिकित्सालय सिरौलीगौसपुर ले गए।जहां से उसे जिला अस्पताल भेजा गया। वहां पर भी सुधार नहीं हुआ तो केजीएमयू लखनऊ के लिए रेफर किया गया। जहां पर उसका 5 दिन तक उपचार किया गया इसी दौरान रविवार सुबह किशोर की मौत हो गई। मौत के बाद परिजनों ने किशोर के शव का लखनऊ में पोस्टमार्टम कराया।इसके बाद घर लेकर पहुंचे तो परिजनों का रो रो कर बुरा हाल रहा।मृतक के पिता वीरेंद्र के दो बेटे थे जिसमें से बड़े बेटे शिवा की मौत हुई है। पिता मुख्य रूप से किसान हैं और बेटे उनका खेती-बाड़ी में हाथ बटाते थे।बड़े बेटे की मौत के बाद पूरा परिवार टूट गया है।

## मोदी के नेतृत्व में भारत पहुंचा बहुत आगे- शरद



कैनविज टाइम्स संवाददाता

सिरौलीगौसपुर बाराबंकी । 2047 तक भारत को विकसित राष्ट्र बनाने के लिए प्रधानमंत्री ने संकल्प लिया है इसे पूरा करने में आप सभी लोग एक जुट होकर भाजपा के साथ खड़े हो। यह बात सिरौलीगौसपुर के निरीक्षण भवन में सरकार के सेवा सुशासन एवं गरीब कल्याण के 11 वर्ष पूर्ण होने पर विकसित भारत संकल्प सभा को संबोधित करते हुए पूर्व विधायक शरद अवस्थी में कहीं। उन्होंने कहा कि भाजपा की केंद्र सरकार के बीते 11 वर्षों में भारत बहुत आगे पहुंच चुका है ऐसे 10 दोनों अंतर्राष्ट्रीय वह राष्ट्रीय मुद्दे रहे हैं उन्हें प्रधानमंत्री ने सफलता पूर्वक हल करके भारत को एक नये आयाम पर पहुंचाया है। उन्होंने कहा कि गरीबों की बेटियों की शादी के लिए सरकार ने ?100000 निश्चित किया है। वक्त कानून में संशोधन करके सरकार ने एक बड़ी उपलब्धि जनता के सामने रखी है इसे बुलाया नहीं जा सकता इसलिए अतिरिक्त उन्होंने गरीबों एवं किसानों के लिए की गई दर्जनों योजनाओं का जिक्र किया। इस मौके पर मंडल अध्यक्ष संदीप रावत संतोष पांडे अमित पांडे दयाशंकर शुक्ल नीरज वर्मा राकेश वर्मा राम सागर कनौजिया प्रहलाद कनौजिया उमेश निगम सहित दर्जनों कार्यकर्ता व पदाधिकारी मौजूद रहे।

## रात्रि में संदिग्ध युवकों ने ढाबे में लगाई आग, लाखों का नुकसान

सिद्धौर बाराबंकी । कोठी थाना क्षेत्र के जैदपुर मार्ग स्थित नूरपुर मोड़ के पास संचालित संध्या नॉनवेज ढाबा को देर रात अज्ञात युवकों द्वारा आग के हवाले

**पीड़ित ने पुलिस से की न्याय की मांग, मामला जांच के घेरे में**

कर दिया गया। घटना शुक्रवार देर रात लगभग 12:30 बजे की बताई जा रही है, जब कुछ युवक चार पहिया वाहन और बाइक से ढाबे पर पहुंचे और अंदर सो रहे मजदूरों को बाहर निकालने के बाद ढाबे में आग लगा दी। देखते ही देखते पूरा ढाबा जलकर राख हो गया, जिससे लाखों रुपये का नुकसान हुआ है। ढाबा संचालक उदय ने



पुलिस में शिकायत दर्ज कराते हुए दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, शुक्रवार रात लगभग 10 बजे चार युवक ढाबे पर भोजन करने पहुंचे थे। भोजन के दौरान किसी बात को लेकर उनकी कहासुनी ढाबा संचालक उदय से हो गई, जिसके बाद युवक वहां से चले गए। उदय ढाबा बंद कर अपने घर नूरपुर लौट गया, जबकि ढाबे पर तीन मजदूर सो रहे थे। रात्रि करीब 12:30 बजे कुछ लोग वाहन लेकर पहुंचे और मजदूरों से तुरंत ढाबा खाली करने को कहा। मजदूर कुछ समझ पाते, उससे पहले ही युवकों ने ढाबे में आग लगा दी। आग इतनी तेजी से फैली कि पल भर में पूरा ढाबा चपेट में आ गया और छप्पर सहित सारा सामान जलकर राख हो गया। घटना की सूचना मजदूरों ने तत्काल ढाबा संचालक को दी। जब तक संचालक मौके पर पहुंचता, तब तक सब कुछ जल चुका था। पीड़ित की तहरीर पर कोठी पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है। इस संबंध में थाना प्रभारी जितेन्द्र प्रताप सिंह ने बताया कि मामला प्रथम दृष्टया संदिग्ध प्रतीत हो रहा है, जांच की जा रही है। साक्ष्यों के आधार पर उचित कार्रवाई की जाएगी।

# भारत 'सुरक्षित हाथों', क्लार्क ने इंग्लैंड के खिलाफ कुलदीप चुना एक्स-फैक्टर

एजेंसी

नई दिल्ली (भारत)। ऑस्ट्रेलिया के पूर्व कप्तान माइकल क्लार्क का मानना है कि भारत सुरक्षित हाथों में है और इंग्लैंड को हराने के लिए उसके पास पर्याप्त प्रतिभा है, लेकिन यह सब इस बात पर निर्भर करेगा कि युवा दिखने वाली टीम कठिन माने जाने वाले क्षेत्र में सीरीज में अपनी छाप कैसे छोड़ती है। 20 जून को हेडिंग्ले में शुरू होने वाली पांच मैचों की सीरीज से एक महीने से अधिक समय पहले बल्लेबाजी के उस्ताद रोहित शर्मा और विराट कोहली के टेस्ट प्रारूप को अलविदा कहने के बाद भारत ने एक नए युग की ओर पहला कदम बढ़ाया है। शुभमन गिल को रोहित का उत्तराधिकारी माना गया और उन्हें टेस्ट कप्तान नियुक्त किया गया जबकि ऋषभ पंत उनके उप-कप्तान होंगे। इन दो बल्लेबाजों के अलावा भारत ऑफ स्पिनर रविचंद्रन अश्विन के बिना मैदान पर उतरेगा जिन्होंने ऑस्ट्रेलिया में बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी के बीच में ही संन्यास ले लिया था और अनुभवी तेज गेंदबाज मोहम्मद शमी जिन्हें सीरीज के लिए फिट



नहीं माना गया था। अनुपस्थित सितारों के अलावा भारत को जसप्रीत बुमराह की सीमित उपलब्धता का अधिकतम लाभ उठाने के लिए एक खाका तैयार करना होगा। भारत के पास श्रृंखला में अपने तेज गेंदबाज को सिर्फ तीन बार इस्तेमाल करने की नीति का पालन करने का विकल्प है। अभी तक अनिश्चितता के बादल छाए हुए हैं कि बुमराह किन तीन टेस्ट मैचों में खेलने के लिए उपलब्ध होंगे। क्लार्क ने कहा, 'ठीक है, हां मैं उन्हें एक मौका देता हूं, लेकिन यह इंग्लैंड जाने वाली टीम की अपेक्षा बहुत कम अनुभव वाली टीम है। रोहित शर्मा और विराट कोहली का न होना बहुत बड़ी बात है। खिलाड़ी आते हैं, खिलाड़ी जाते हैं, लोग रिटायर होते हैं और खेल आगे बढ़ता है। इसलिए इसका मतलब यह नहीं है कि नया कप्तान भारत के लिए सबसे बुरी बात है। मैं ऐसा नहीं कह रहा हूं। कोई रिटायर होता है और इससे किसी और को मौका मिलता है। उन्होंने कहा, 'मेरे लिए मुख्य बात भारतीय गेंदबाजी आक्रमण है। इसलिए हम सभी जानते हैं कि बुमराह (जसप्रीत) पांच टेस्ट मैच नहीं खेलेंगे। तो, वह कौन से टेस्ट मैच खेलेंगे? क्या वह लगातार पहले तीन मैच खेलेंगे? आप यह सीरीज जीत जाते हैं, और आखिरी दो मैच मायने नहीं रखते। मुझे नहीं लगता कि ऐसा होने वाला है। मुझे लगता है कि उन्हें पांच टेस्ट मैच खेलने के कारण उनके शरीर को नुकसान होगा। और फिर मैंने शमी (मोहम्मद) को भी टीम में नहीं देखा। मुझे लगता है कि ऑस्ट्रेलियाई सीरीज में उनका न खेलना बहुत बड़ी बात थी और अगर वह और फिट बुमराह ऑस्ट्रेलिया में होते तो यह सीरीज बहुत अलग होती। लेकिन फिर भारत में बहुत प्रतिभा है। आप जानते हैं, मुझे लगता है कि प्रतिभा के मामले में भारत हमेशा सुरक्षित हाथों में रहेगा। बस यह है कि इनमें से कुछ खिलाड़ी इस सीरीज में कितनी जल्दी अपनी छाप छोड़ पाते हैं। इंग्लैंड में पांच टेस्ट मैच बहुत मुश्किल क्रिकेट है, और उन्हें इस बात का ध्यान रखना चाहिए। कुछ सितारों की सीमित या न के बराबर उपलब्धता के बावजूद भारत ने अनुभव की जगह प्रतिभा को शामिल करने के लिए कुछ नए चेहरे लाए हैं। साई सुदर्शन, अभिमन्यु ईश्वरन, नितीश कुमार रेड्डी, अर्शदीप सिंह और यशस्वी जायसवाल कुछ ऐसे खिलाड़ी हैं जो इंग्लैंड में भारत के लिए पहली बार सफ़ेद जर्सी पहनकर मैदान में उतरेंगे। गेंदबाजी विभाग में बुमराह के अलावा प्रसिद्ध कृष्णा, मोहम्मद सिराज, आकाश दीप और अर्शदीप अपनी तेज गति से इंग्लिश बल्लेबाजों की परीक्षा लेंगे। बाएं हाथ के कलाई के स्पिनर कुलदीप पांच टेस्ट के लिए चुने गए एकमात्र फ्रंटलाइन बॉल-ट्वीकर हैं, जो क्लार्क के लिए 'एक्स-फैक्टर' होंगे। उन्होंने कहा, 'यह बहुत अच्छा आक्रमण है। देखिए, मुझे लगता है कि भारतीय टीम में श्रृंखला जीतने के लिए पर्याप्त प्रतिभा है। यह सिर्फ अनुभव है। जैसा कि मैंने कहा, मैंने पाया कि भारत में खेलना और इंग्लैंड में टेस्ट मैच क्रिकेट खेलना दो सबसे कठिन काम हैं। वे दो सबसे बड़ी श्रृंखलाएं हैं, लेकिन जीतने के लिए अन्य दो सबसे कठिन स्थान हैं। इंग्लैंड उन स्थानों में से एक है जहां आपको आत्मविश्वास की आवश्यकता होती है, आपको खुद पर विश्वास की आवश्यकता होती है, और वहां की परिस्थितियों में खेलना और वहां सफलता प्राप्त करना आम तौर पर आपको वह देता है। इसलिए, इनमें से बहुत से खिलाड़ियों के लिए, उन परिस्थितियों में पांच टेस्ट मैचों की श्रृंखला खेलना उनका पहला मौका होगा।'

# स्टीव स्मिथ ने उंगली में लगी चोट से कुछ हफ्तों में उबरने की जताई उम्मीद



एजेंसी

नई दिल्ली। ऑस्ट्रेलिया क्रिकेट टीम के अनुभवी बल्लेबाज स्टीव स्मिथ को उम्मीद है कि वह दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ विश्व टेस्ट चैंपियनशिप (डब्ल्यूटीसी) फाइनल के दौरान उंगली में लगी चोट से कुछ हफ्तों में उबर जाएंगे। स्मिथ को फाइनल मैच के तीसरे दिन फिल्डिंग के दौरान कैच पकड़ते समय यह चोट लगी थी। आईसीसी ने स्मिथ के हवाले से लिखा कि मैं अब आठ सप्ताह तक स्प्लिंट में रहूंगा और शायद कुछ सप्ताह में खेल सकूंगा। उन्होंने कहा कि यह मेरी कार्यक्षमता और मेरी क्षमता पर निर्भर करेगा। स्मिथ ने कहा कि मैं हेलमेट पहने काफी करीब खड़ा था। हमारी योजना करीब खड़े होने की थी। मैं मिचेल स्टार्क की गेंदबाजी के एंगल के कारण गेंद को देख नहीं पाया। यह मुश्किल था, गेंद मेरे हाथ में ठीक से नहीं आई। सौभाग्य से हाथ में कोई फ्रैक्चर नहीं था। स्मिथ लॉर्ड्स (लंदन) में खेले गए डब्ल्यूटीसी फाइनल के तीसरे दिन दक्षिण अफ्रीका टीम के कप्तान टेंबा बावुमा का स्लिप में कैच पकड़ने की कोशिश में चोटिल हुए थे।

# भारतीय जूनियर महिला हॉकी टीम ने ऑस्ट्रेलिया को 2-1 से हराया

एजेंसी

कोंटिच। भारतीय जूनियर महिला हॉकी टीम ने यूरोप दौरे में अपना अजेय क्रम जारी रखते हुए चौथे मुकाबले में ऑस्ट्रेलिया पर 2-1 से रोमांचक जीत दर्ज की। भारतीय जूनियर महिला टीम ने शनिवार को को खेले गये मुकाबले में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ शानदार प्रदर्शन करते हुए जीत दर्ज की। मैच की शुरुआत में ऑस्ट्रेलिया के लिए जोसी लॉटन ने (पांचवें) मिनट में पेनल्टी कॉर्नर को गोलकर अपनी टीम को बढ़त दिलाई। भारतीय टीम की नंदिनी ने थोड़ी देर बाद ही आठवें मिनट में इसका जवाब देते हुए गोलकर स्कोर 1-1 से बराबर कर दिया। इसके बाद पहले क्वार्टर के आखिर में भारतीय टीम की उप कप्तान



हिना बानो ने (14वें) मिनट में मिले पेनल्टी कॉर्नर को गोल में बदल कर स्कोर 2-1 कर दिया। इसके बाद दोनों टीमें गोलकरने के कई मौके भुना नहीं पायी। भारतीय टीम की रक्षापंक्ति ने ऑस्ट्रेलियाई हमलों को विफलकर अपनी टीम को जीत दिला दी। भारतीय टीम की यह लगातार चौथी जीत है। भारतीय जूनियर महिला टीम अब 17 जून को नीदरलैंड के खिलाफ मैदान में उतरेगी।

# दक्षिण अफ्रीका की महिला टीम ने वेस्टइंडीज को 40 रनों से हराया

एजेंसी

केव हिल। सुने लूस (76), नोंडुमिसो शंघासे (55) की शानदार अर्धशतकीय पारियों के बाद एन. म्लाबा (चार विकेट) की बेहतरीन गेंदबाजी की बदौलत दक्षिण अफ्रीका की महिला टीम ने दूसरे एकदिवसीय मुकाबले में वेस्टइंडीज को 40 रनों से हराया दिया। इसी के साथ दक्षिण अफ्रीका ने तीन मैचों की सीरीज में 1-1 से बराबरी कर ली है। वेस्टइंडीज की टीम ने शनिवार रात खेले गये मुकाबले में टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया। बल्लेबाजी करने उतरी दक्षिण अफ्रीका के लिए कप्तान लॉरा वुलफार्ट और तेजमिन ब्रिट्स की सलामी जोड़ी ने पहले विकेट के लिए 51 रन जोड़े। 16वें ओवर में हेली मैथ्यूज ने लॉरा वुलफार्ट (28) को आउटकर वेस्टइंडीज को पहली सफलता दिलाई। 19वें ओवर में ऐफी फ्लेकर ने तेजमिन ब्रिट्स (26) को आउटकर पवेलियन भेज दिया। इसके बाद









नोंडुमिसो शंघासे और सुने लूस की जोड़ी ने दक्षिण अफ्रीका की पारी को संभाला। दोनों बल्लेबाजों के बीच तीसरे विकेट लिए 85 रनों की साझेदारी हुई। 30वें ओवर में हैली मैथ्यूज ने नोंडुमिसो शंघासे को आउटकर इस साझेदारी का अंत किया। नोंडुमिसो शंघासे ने 48 गेंदों में चार चौके और दो छक्के लगाते हुए (55) रनों की पारी खेली। मैरीजान कैप्प (32), सिनालो जाफ्टा(दो) रन बनाकर आउट हुई। 43वें ओवर में आलिया ऑलेन ने सुने लूस को आउट किया। सुने लूस ने 65 गेंदों में आठ चौकों की मदद से (76) रन बनाये। एनरी डर्कसन (37), क्लोई ट्राइऑन (28) फ्लेचर का शिकार बनी। दक्षिण अफ्रीका की टीम ने निर्धारित 50 ओवरों में नौ विकेट पर 309 रन का चुनौतीपूर्ण स्कोर खड़ा किया। वेस्टइंडीज की ओर से एफी फ्लेचर ने चार विकेट लिये। हेली मैथ्यूज को दो विकेट मिले। करिश्मा रामहैरक और आलिया ऑलेन ने एक-एक बल्लेबाज को आउट किया। 310 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी वेस्टइंडीज की महिला टीम दक्षिण अफ्रीकी गेंदबाजी आक्रमण के आगे निर्धारित 50 ओवरों में 269 के स्कोर पर सिमट गई और 40 रनों से मुकाबला हार गई। वेस्टइंडीज के लिए कप्तान हेली मैथ्यूज ने सर्वाधिक (56) रनों की पारी खेली। शमैन कैंपबेल ने (53) रन बनाये।

दक्षिण अफ्रीकी गेंदबाजी आक्रमण के आगे शिनेल हेनरी (39), जायडा जेम्स (18), जैनिलिया ग्लास्गो, स्टेफनी टेलर और किआना जोसेफ (17) रन बनाकर आउट हुई। ऐफी फ्लेचर ने (नाबाद 19) रनों की पारी खेली। दक्षिण अफ्रीका के लिए एन म्लाबा ने 10 ओवरों में 33 रन देकर चार विकेट लिये। मैरीजान कैप्प ने छह ओवर में 42 रन देकर दो विकेट झटके। अयांडा हलुबी, नडीन डी क्लर्क, क्लोई ट्राइऑन, एन शंघासे ने एक-एक बल्लेबाज को आउट किया।

# लद्दाख प्रतिनिधिमंडल ने सीतारमण से मुलाकात की, पर्यटन क्षेत्र के लिए विशेष राहत की मांग

एजेंसी

लेह। पहलगाम आतंकवादी हमले के बाद पर्यटकों के आगमन में भारी गिरावट से जूझ रहे पर्यटन क्षेत्र की कंपनियों समेत विभिन्न प्रतिनिधिमंडलों ने यहां वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण से मुलाकात की। प्रतिनिधिमंडलों ने केंद्र शासित प्रदेश लद्दाख में पर्यटन और संबद्ध क्षेत्रों के लिए विशेष राहत की वकालत की। एक अधिकारी ने रविवार को यह जानकारी दी। प्रतिनिधिमंडलों ने वित्त वर्ष 2025-26 के लिए बजट आवंटन बहाल करने की भी मांग की और अनुरोध किया कि बजट अनुमान और संशोधित अनुमान को सितंबर-अक्टूबर के बजाय दिसंबर तक के व्यय के आधार पर अंतिम रूप दिया जाए, ताकि क्षेत्र की वास्तविक खर्च क्षमता को दर्शाया जा सके। अधिकारी ने बताया कि सीतारमण शनिवार को चार दिवसीय दौरे पर लेह पहुंचीं। सीतारमण लेह पैलेस में 'प्रकाश एवं ध्वनि प्रदर्शनी' में शामिल हुईं तथा शांति स्तूप का दौरा किया। इसके अलावा, उन्होंने लद्दाख स्वायत्त पर्वतीय विकास परिषद (एलएएचडीसी) के चेयरमैन एवं मुख्य कार्यकारी पार्षद ताशी ग्यालसन के नेतृत्व में विभिन्न प्रतिनिधिमंडलों से मुलाकात की। उन्होंने कहा कि प्रतिनिधिमंडलों में ऑल लद्दाख ट्रैवल एंड ट्रेड अलायंस, ऑल लद्दाख होटल एंड गेस्ट हाउस एसोसिएशन (एएलजीएचए), ऑल लद्दाख टूर ऑपरेटर्स एसोसिएशन (एएलटीओए), ऑल लद्दाख ट्रांसपोर्ट एसोसिएशन (एएलटीए), मर्चेंट एसोसिएशन, बाइकर एसोसिएशन, टैक्सी यूनियन और पर्यटन से संबंधित अन्य निकायों के प्रमुख हितधारक भी शामिल थे। लद्दाख के विभिन्न पर्यटन और व्यापार क्षेत्रों के प्रतिनिधिमंडल ने 22 अप्रैल को पहलगाम में हुए आतंकवादी हमले के बाद पर्यटकों की संख्या में आई उल्लेखनीय गिरावट पर बढ़ती चिंता को रेखांकित किया। हमले में 26 लोग मारे गए थे।

# भारत आर्थिक शक्ति के रूप में उभर रहा: पर नौकरी, सुधारों के मोर्चे पर स्थिति अच्छी नहीं: सुब्बाराव

एजेंसी

नयी दिल्ली। भारतीय रिजर्व बैंक के पूर्व गवर्नर डी सुब्बाराव ने कहा है कि नरेन्द्र मोदी सरकार के 11 साल के कार्यकाल के दौरान मजबूत आर्थिक वृद्धि, राजकोषीय स्थिति और महंगाई दर में नरमी के साथ भारत आज आर्थिक शक्ति के रूप में उभर रहा है, लेकिन अच्छी नौकरी सृजित करने, विनिर्माण और अगली पीढ़ी के सुधारों को आगे बढाने के मोर्चे पर स्थिति अच्छी नहीं है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अगुवाई में 2014 में जब राष्ट्रीयज जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) की सरकार सत्ता में आई थी, उस समय आर्थिक वृद्धि धीमी थी, महंगाई बढ़ी हुई थी, डॉलर के मुकाबले रुपये की विनिमय दर अस्थिर थी और राजकोषीय तथा चालू खाते का घाटा ऊंचा बना हुआ था तथा फंसे कर्ज की समस्या थी। सुब्बाराव ने कहा, ''आज, 11 साल बाद, आर्थिक वृद्धि मजबूत है, मुद्रास्फीति नरम हुई है, रुपया स्थिर है, बाह्य क्षेत्र मजबूती दिखा रहा है, राजकोषीय स्थिति बेहतर है और फंसे कर्ज की समस्या समाप्त हो गयी है। हालांकि, शुल्क बाधाओं और बिगड़ते भू-राजनीतिक तनावों से कई वैश्विक बाधाएं और अनिश्चितताएं उत्पन्न हुई हैं, बावजूद इसके भारत एक आर्थिक शक्ति के रूप में उभर रहा है जो महत्वपूर्ण है। उन्होंने कहा, ''पिछले 11 वर्षों में यह एक उल्लेखनीय बदलाव है, यह खुशी का कारण है, लेकिन जश्न मनाने का नहीं३। अन्य बातों के साथ हम रोजगार, विनिर्माण और आर्थिक सुधारों को आगे बढ़ाने में विफल रहे हैं। एक सवाल के जवाब में सुब्बाराव ने कहा, ''निश्चित रूप से जीडीपी (सकल घरेलू उत्पाद) बढ़ रही है, और हम आगे बढ़े हैं। आज हम चार ट्रिलियन (4,000 अरब डॉलर) की अर्थव्यवस्था हैं। जब मोदी सरकार ने सत्ता संभाली थी तब हम 11वें स्थान पर थे। आज हम दुनिया की पांचवीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था हैं। हम इस साल चौथी सबसे बड़ी और 2027 में तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन जाएंगे। उन्होंने कहा, ''लेकिन जीडीपी सिर्फ एक पैमाना है। आप जानते हैं, हम एक बड़ी अर्थव्यवस्था हैं, हमारी आबादी 1.4 अरब है। लेकिन सचाई है कि प्रति व्यक्ति आय के हिसाब से, हम अब भी एक गरीब देश हैं, जो किसी देश की बेहतरी का एक मापदंड है। प्रति व्यक्ति आय लगभग 2,800 डॉलर (2,878 डॉलर) है, हम इस मामले में 136वें (196 देशों में) स्थान पर हैं। हम ब्रिक्स में सबसे गरीब हैं। हम जी-20 में सबसे गरीब हैं। और हमारे पास दुनिया के किसी भी अन्य देश की तुलना में अधिक गरीब लोग हैं। उल्लेखनीय है कि अर्थव्यवस्था का प्रमुख पैमाना आर्थिक वृद्धि और मुद्रास्फीति होती है। पिछले 11 साल में अगर मोदी सरकार के कार्यकाल में औसत वास्तविक वृद्धि दर (कोविड महामारी 2020-21 में आर्थिक वृद्धि में गिरावट के बावजूद) 6.2 प्रतिशत, जबकि मुद्रास्फीति पांच प्रतिशत रही है।

# ओएनजीसी के कुएं में तीन दिन बाद भी गैस रिसाव जारी, 70 परिवारों को सुरक्षित स्थान पर भेजा गया

एजेंसी

शिवसागर। असम के शिवसागर जिले में ऊर्जा क्षेत्र की प्रमुख कंपनी ऑयल एंड नैचुरल गैस कॉरपोरेशन (ओएनजीसी) के एक कुएं में गैस का रिसाव चौथे दिन भी जारी रहा। अधिकारियों ने रविवार को यह जानकारी देते हुए बताया कि 70 परिवारों को राहत शिविर में पहुंचाया गया है। उन्होंने बताया कि ओएनजीसी के निदेशक (प्रौद्योगिकी एवं फील्ड सेवाएं) विक्रम सक्सेना के नेतृत्व में एक टीम ने शनिवार को कुआं संख्या आरडीएस 147 का परिचालन नियंत्रण अपने हाथ में ले लिया, जहां रिसाव शुरू हुआ था। एक अधिकारी ने बताया, कुएं को नष्ट करने की प्रक्रिया जारी है और हमने इसके लिए सभी आवश्यक उपकरण जुटा लिए हैं। संकट प्रबंधन दल (सीएमटी) रिसाव को नियंत्रित करने के लिए युद्धस्तर पर काम कर रहा है। उन्होंने बताया कि कुएं में अभी तक आग नहीं लगी है और इस घटना में कोई हताहत नहीं हुआ है। यह गैस रिसाव 12 जून को भाटियापार के बारीचुक में ओएनजीसी के रुद्रसागर तेल क्षेत्र के रिग नंबर एसकेपी 135 के कुआं नंबर आरडीएस 147ए में हुआ था। एक निजी फर्म एसके पेट्रो सर्विसेज, सार्वजनिक क्षेत्र की 'महारत्न' कंपनी की ओर से कुएं का संचालन कर रही थी। जिला प्रशासन के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि इस घटना से करीब 1,500 लोग प्रभावित हुए हैं। उन्होंने कहा, þउन्हें गैस की गंध आ रही है और वे अपना चूल्हा या कुछ भी नहीं जला पा रहे हैं। हम उन्हें पका हुआ भोजन उपलब्ध करा रहे हैं और स्थिति पर लगातार नजर रख रहे हैं। जिला प्रशासन ने सोशल मीडिया मंच फ़ेसबुक पर कहा कि इस क्षेत्र से 70 परिवारों को निकटवर्ती बनगांव में स्थापित राहत शिविर में स्थानांतरित कर दिया गया है तथा उनकी सुविधा और खुशहाली सुनिश्चित करने के लिए सभी आवश्यक प्रबंध किए जा रहे हैं।

# फ़ेड के नीतिगत निर्णय और भू-राजनीतिक तनाव का बाजार पर रहेगा असर

एजेंसी

**शेयर समीक्षा**

मुंबई। इजरायल और ईरान तनाव को लेकर निवेशकों के सुरक्षित गंतव्य का रुख करने से स्थानीय स्तर पर हुई भारी बिकवाली के दबाव में बीते सप्ताह एक प्रतिशत से अधिक लुढ़के घरेलू शेयर बाजार पर अगले सप्ताह अमेरिकी फ़ेडरल रिज़र्व के नीतिगत निर्णय और मध्य-पश्चिम के भू-राजनीतिक तनाव का असर रहेगा। बीते सप्ताह बीएसई का तीस शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 1070.39 अंक अर्थात 1.3 प्रतिशत का गोता लगाकर सप्ताहांत पर 81118.60 अंक पर आ गया। इसी तरह नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी 284.45 अंक अर्थात 1.14 प्रतिशत की गिरावट के साथ 24718.60 अंक पर बंद हुआ। समीक्षाधीन सप्ताह में बीएसई की दिग्गज कंपनियों के विपरीत मझौली और छोटी कंपनियों के शेयरों में कम बिकवाली हुई। इससे मिडकैप 415.23 अंक अर्थात 0.91 प्रतिशत लुढ़ककर सप्ताह के अंतिम कारोबारी दिवस पर 45681.28 अंक और स्मॉलकैप 69.97 अंक यानी 0.13 प्रतिशत कमजोर रहकर 53370.29 अंक रह गया। विश्लेषकों के अनुसार, इस हफ्ते भारतीय शेयर बाजारों में काफी उतार-चढ़ाव देखने को मिला और आखिर में बाजार गिरावट के साथ बंद हुए। शुरुआत में बाजार में तेजी रही क्योंकि अमेरिका और चीन के बीच व्यापार को लेकर बातचीत में सुधार की उम्मीद थी। लेकिन, इजरायल ने ईरान की परमाणु संयंत्रों पर हमला कर दिया, जिससे दुनिया भर में तनाव बढ़ गया और बाजार की हालत बिगड़ गई। इस वजह से निवेशकों ने सोना और अमेरिकी बॉन्ड जैसी सुरक्षित चीजों में पैसा लगाना शुरू कर दिया। वहीं, कच्चे तेल की कीमतें भी बढ़कर 76 डॉलर प्रति बैरल के ऊपर पहुंच गईं, क्योंकि आपूर्ति में रुकावट की आशंका फिर से पैदा हो गई है। स्थानीय स्तर पर उपभोक्ता मूल्य सूचकांक (सीपीआई) आधारित खुदरा महंगाई 75 महीने के निचले स्तर पर आ गई है, जो अच्छी खबर है। लेकिन, अगर पश्चिम एशिया में तनाव और बढ़ता है, तो तेल की महंगाई फिर से देश में महंगाई बढ़ा सकती है। सेक्टर की बात करें तो ऑटो, रियल एस्टेट और बैंकिंग जैसे सेक्टरों में मुनाफा कमाया गया जबकि आईटी और फार्मा कंपनियों को रुपये की कमजोरी से फायदा हुआ। अब निवेशकों की नजर अमेरिका के फ़ेडरल रिजर्व की 17-18 जून को होने वाली अगली बैठक पर है। माना जा रहा है कि इस बार ब्याज दरों में कोई बदलाव नहीं होगा, लेकिन फ़ेड आगे क्या कदम उठाएगा, उस पर सभी की नजर रहेगी। ऊंची कीमतों और अंतरराष्ट्रीय तनाव के चलते निवेशकों को फिलहाल सतर्क रहने की सलाह दी जा रही है। अमेरिका और चीन के बीच लंदन में होने वाली व्यापार वार्ता से वैश्विक स्तर पर तनाव कम होने की उम्मीद स



# सेंसेक्स की शीर्ष 10 सबसे मूल्यवान कंपनियों में से आठ का बाजार पूंजीकरण 1.65 लाख करोड़ रुपये घटा

एजेंसी

नयी दिल्ली। स्थानीय शेयर बाजार में सुस्ती के रुख के बीच बीते सप्ताह सेंसेक्स की शीर्ष 10 सबसे मूल्यवान कंपनियों में से आठ के बाजार पूंजीकरण (मार्केट कैप) में सामूहिक रूप से 1,65,501.49 करोड़ रुपये की गिरावट आई। सबसे अधिक नुकसान एचडीएफसी बैंक को हुआ। पिछले सप्ताह बीएसई का 30 शेयरों वाला सेंसेक्स 1,070.39 अंक या 1.30 प्रतिशत टूट गया। समीक्षाधीन सप्ताह में सिर्फ टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज (टीसीएस) और इन्फोसिस के बाजार मूल्यांकन में बढ़ोतरी हुई। वहीं रिलायंस इंडस्ट्रीज, एचडीएफसी बैंक, भारती एयरटेल, आईसीआईसीआई बैंक, भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई), भारतीय जीवन बीमा निगम (एलआईसी), बजाज फाइनेंस और हिंदुस्तान यूनिलीवर लिमिटेड के बाजार मूल्यांकन में गिरावट आई। सप्ताह के दौरान एचडीएफसी बैंक का बाजार पूंजीकरण 47,075.97 करोड़ रुपये घटकर 14,68,777.88 करोड़ रुपये रह गया। आईसीआईसीआई बैंक का बाजार मूल्यांकन 30,677.44 करोड़ रुपये घटकर 10,10,375.63 करोड़ रुपये पर आ गया। रिलायंस इंडस्ट्रीज की बाजार हैसियत 21,516.63 करोड़ रुपये घटकर 19,31,963.46 करोड़ रुपये रही। वहीं भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) का मूल्यांकन 18,250.85 करोड़ रुपये घटकर 7,07,186.89 करोड़ रुपये रह गया। हिंदुस्तान यूनिलीवर लिमिटेड के बाजार पूंजीकरण में 16,388.4 करोड़ रुपये की गिरावट आई और यह घटकर 5,44,893.71 करोड़ रुपये पर आ गया। भारती एयरटेल का मूल्यांकन 15,481.22 करोड़ रुपये घटकर 10,50,413.33 करोड़ रुपये रहा। एलआईसी की बाजार हैसियत 13,693.62 करोड़ रुपये घटकर 5,93,379.66 करोड़ रुपये पर आ गई।

उत्साहित निवेशकों की स्थानीय स्तर पर हुई चौतरफा लिवाली की बदौलत सोमवार को सेंसेक्स 256.22 अंक की छलांग लगाकर 82,445.21 अंक और निफ्टी 100.15 अंक उछलकर 25103.20 अंक पर पहुंच गया। विश्व बाजार के मिलेजुले रुख के बीच स्थानीय स्तर पर वित्तीय सेवाएं, दूरसंचार, और रियल्टी समेत आठ समूहों में हुई बिकवाली से शेयर बाजार की पिछले लगातार चार दिनों की तेजी मंगलवार को थम गई। सेंसेक्स 53.49 अंक गिरकर 82,391.72 अंक रह गया वहीं नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी मामूली बढ़त के साथ 25104.25 अंक पर सपाट बंद हुआ।


# देश में कोरोना के सक्रिय मामलों में गिरावट, 10 और मरीजों की मौत

एजेंसी

नयी दिल्ली। भारत में कोविड-19 के कुल सक्रिय मामलों की संख्या रविवार को 7,400 से घटकर 7,383 हो गयी।

पिछले 24 घंटों के दौरान सक्रिय मामलों में 17 की कमी आयी है। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय की ओर से आज सुबह आठ बजे जारी आंकड़ों के अनुसार इस संक्रमण से 10 लोगों ने जान गंवायी है। इसके बाद कोरोना वायरस से मरने वाले लोगों की संख्या बढ़कर 97 हो गयी हैं। पिछले 24 घंटों के दौरान कोविड-19 से दिल्ली में तीन, केरल में पांच और महाराष्ट्र में दो लोगों की मौत हुयी है। इन सभी को गंभीर स्वास्थ्य समस्याएं थीं।

दिल्ली और मध्य प्रदेश में नये संक्रमण 10-10 बढ़कर क्रमशः 682 और 130 हुये, जबकि केरल में 102 मामलों की कमी आयी, हालांकि केरल का कुल मामले सबसे ज्यादा 2007 है।



सरकारी वेबसाइट के अनुसार पश्चिम बंगाल, अरुणाचल प्रदेश, चंडीगढ़, छत्तीसगढ़, गोवा, हिमाचल प्रदेश, मिजोरम, पुड्डुचेरी और त्रिपुरा में कोविड-19 नये मामले दर्ज नहीं किये गये हैं। इस वायरस से दिल्ली में जिन तीन लोगों की मौत हुयी है, उनमें 57 वर्ष की एक महिला, 83 वर्षीय महिला और 57 वर्षीय पुरुष शामिल हैं। वहीं, केरल में 86 वर्षीय पुरुष, 79 वर्षीय पुरुष, 70 वर्षीय पुरुष, 73 वर्षीय पुरुष और 92 वर्षीय महिला ने इस संक्रमण के कारण जान गंवायी है। महाराष्ट्र 56 वर्षीय पुरुष और 32 वर्षीय पुरुष ने इसके कारण जान गंवायी है। स्वास्थ्य विशेषज्ञों ने उच्च जोखिम वाले लोगों से भीड़भाड़ में मास्क पहनने और नियमित स्वास्थ्य जांच करने की सलाह दी है।

# विमान दुर्घटना में मारे गए यात्रियों के बीमा, मुआवजे के लिए हेल्पडेस्क शुरू

एजेंसी

अहमदाबाद। अहमदाबाद में एअर इंडिया विमान दुर्घटना में मारे गए यात्रियों के बीमा और मुआवजा का भुगतान करने के लिए जिला प्रशासन के सहयोग से सिविल अस्पताल में हेल्प डेस्क शुरू की गई है। साथ ही युद्ध स्तर पर राहत और बचाव कार्य किए जा रहे हैं। स्वास्थ्य विभाग ने ट्रॉमा सेंटर में 100 स्वास्थ्यकर्मियों सहित कुल 855 से अधिक स्टाफ को राहत-बचाव कार्य में लगाया है।

मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल के निर्देश पर संबंधित जिलों के कलेक्टरों ने विमान दुर्घटना में मृतकों के परिजनों से संपर्क कर वैधानिक उत्तराधिकारियों को बीमा या मुआवजे की सहायता दिलाने के लिए लेखा अधिकारियों, अन्य अधिकारियों को नोडल अधिकारी के रूप में नियुक्त किया है। जिला प्रशासन इस कार्य में प्रभावित लोगों की हरसंभव सहायता कर रहा है। बीमा क्लेम प्रक्रिया को सुचारू बनाने के लिए अस्पताल में संयुक्त काउंटर (जॉइंट सेल) स्थापित करने का आदेश दिया गया था। जनरल इंश्योरेंस काउंसिल की ओर से न्यू इंडिया एश्योरेंस कंपनी को लीड जनरल इंश्योरर और लाइफ इंश्योरेंस काउंसिल की ओर से एचडीएफसी लाइफ को लीड लाइफ इंश्योरर नियुक्त किया गया है।

जिला प्रशासन के सहयोग से सिविल अस्पताल में न्यू इंडिया एश्योरेंस, एचडीएफस लाइफ और एलआईसी के हेल्पडेस्क बनाए गए हैं, ताकि मृतकों और अन्य प्रभावित लोगों के बीमा दावे आसानी और शीघ्रता से प्रक्रिया में लाए जा सकें और उन्हें उचित मार्गदर्शन मिल सके। साथ ही परिजनों को संबंधित बीमा कंपनियों के नोडल अधिकारियों की जानकारी भी दी जा रही है। बीमा कंपनियों को यात्री सूची और अन्य आवश्यक जानकारी प्रदान कर जिला प्रशासन क्लेम शीघ्र निपटाने के प्रयास कर रहा है। डीएनए सैंपलिंग के लिए कुल 12 टीमें शिफ्टवार कार्यरत हैं, जो मिलान की प्रक्रिया में लगी हैं। साथ ही परिजनों को मानसिक सहारा देने के लिए काउंसलिंग की भी व्यवस्था की गई है। स्वास्थ्य विभाग ने ट्रॉमा सेंटर में 100 स्वास्थ्यकर्मियों सहित कुल 855 से अधिक स्टाफ को राहत-बचाव कार्य में लगाया है। अब तक मृतकों के 250 रिश्तेदारों से ब्लड सैंपल लिए गए, जिनमें से 62 डीएनए मिलान किये जा चुके हैं। इनमें से 27 शव परिजनों को सौंपे जा चुके हैं। इसके अतिरिक्त बिना डीएनए मिलान वाले 8 शव कल परिजनों को सौंपे गए। इस प्रकार अब तक कुल 35 शव सौंपे जा चुके हैं। वर्तमान में केवल 3 मृतकों के परिजनों के सैंपल लेना बाकी है, जो अभी यूके में रह रहे हैं और अगले 2-3 दिनों में सैंपल देने आने वाले हैं। शव सौंपने की प्रक्रिया के लिए जिला प्रशासन ने 250 से अधिक नोडल और सहायक नोडल अधिकारियों की नियुक्ति की है। इसके साथ ही प्रक्रिया की निगरानी के लिये सुपरवाइजर अधिकारियों को भी नियुक्त किया गया है। इन अधिकारियों के जरिये परिजनों से संपर्क कर शव की सुपुर्दगी, अंतिम संस्कार स्थल तक एम्बुलेंस और पुलिस एस्कॉर्ट सहित आवश्यक दस्तावेज़ और बरामद वस्तुओं की सुपुर्दगी तक सभी चरणों में सहायता प्रदान की जा रही है।

एअर इंडिया की टीम भी सिविल अस्पताल में 24x7 मौजूद है। जैसे-जैसे परिजन आ रहे हैं, उनके लिए आवश्यक हवाई यात्रा की व्यवस्था निःशुल्क की जा रही है।

## कार्य स्थल में महिला सुरक्षा पर परिचर्चा

नयी दिल्ली। असंगठित क्षेत्र की कामकाजी महिलाओं के लिए कार्यस्थल पर सुरक्षा के मुद्दे को लेकर रविवार को एक परिचर्चा का आयोजन किया गया। राष्ट्रीय राजधानी में आयोजित की गई इस परिचर्चा में महिला अधिकारों से संबंधित आठ संस्थाओं की 32 महिला प्रतिनिधियों ने भाग लिया। परिचर्चा का आयोजन महिला अधिकारों से जुड़े स्वयंसेवी संगठन 'पारदर्शिता' ने किया गया।

परिचर्चा में मुख्य तौर पर घरों में काम करने वाली महिलाओं को अधिकारों को लेकर विचार विमर्श किया गया। उन्हें कार्यस्थल पर यौन उत्पीड़न (रोकथाम, निषेध एवं निवारण) कानून, 2013 के प्रावधानों की विस्तार से जानकारी दी गयी। परिचर्चा में कहा गया कि सुरक्षित कार्यस्थल प्रत्येक कामकाजी महिला का मौलिक अधिकार है और सरकार को इस संबंध मे ठोस पहल करनी चाहिए। कानून के तहत सभी जिलों में स्थानीय शिकायत समिति का गठन एवं नोडल अधिकारियों की नियुक्ति की जानी चाहिए। इस दौरान महिला अधिकारों और सुरक्षा पर दिल्ली में चलाये जा रहे जागरूकता अभियान से भी अवगत कराया गया। परिचर्चा में निर्माण मजदूर अधिकार अभियान के थानेश्वर दयाल आदिगौड़ , घरेलू कामकाजी महिला संगठन की रेखा सिंह, बाल विकास धारा के विकास पाठक और दिल्ली वेस्ट वर्कर्स फ़ेडरेशन के शंभुनाथ ने भाग लिया। इसके बाद बाल विकास धारा ने दिल्ली के विभिन्न क्षेत्रों में कूड़ा बीनने वाले लोगों के साथ एक बैठक का आयोजन किया। इसमें कूड़ा बीनने वाले लगभग 30 लोगों ने भाग लिया।

## अठावले ने अहमदाबाद विमान दुर्घटना का पाकिस्तान से कोई संबंध होने से किया इंकार

एजेंसी



बेंगलुरु। केंद्रीय मंत्री रामदास अठावले ने रविवार को अहमदाबाद विमान दुर्घटना और पाकिस्तान या पहलगाम आतंकी घटना के बीच किसी भी तरह के तात्कालिक संबंध से इंकार किया, लेकिन इस बात पर जोर दिया कि बीच हवा में अचानक दोनों इंजनों के फ़ेल हो जाने से गंभीर संदेह पैदा होता है, जिसकी गहन जांच होनी चाहिए।

यहां पत्रकारों से बात करते हुए रिपब्लिकन पार्टी ऑफ इंडिया (ए) के प्रमुख ने कहा, ल्लऐसा नहीं लगता कि इस घटना का पहलगाम या पाकिस्तान में हुई घटना से कोई संबंध है। लेकिन पूरी जांच से ही इसके पीछे की सच्चाई सामने आ पाएगी। श्री अठावले ने तकनीकी खराबी की जांच के लिए तुरंत एक विशेषज्ञ समिति नियुक्त करने के लिए केंद्रीय नागरिक उड्डयन मंत्रालय की सराहना की। उन्होंने कहा, ल्लसमिति इस बात का अध्ययन कर रही है कि ऐसी असामान्य खराबी कैसे हुई। आम तौर पर, अगर एक इंजन फ़ेल होता है, तो पायलट निकटतम हवाई अड्डे पर जाता है। लेकिन यहां, टेक-ऑफ के दौरान अचानक दोनों इंजन फ़ेल हो गए। यह बेहद संदिग्ध है। कई सवाल उठाते हुए श्री अठावले ने पूछा कि क्या कैप्टन ने कोई चेतावनी मिस की, क्या रखरखाव में कोई चूक हुई और एक मिनट के भीतर दो इंजन कैसे फ़ेल हो सकते हैं। उन्होंने पूछा, क्या विमान उड़ान भरने के लिए फिट था? क्या तकनीशियन ने इसकी ठीक से जांच की? उन्होंने कहा कि विशेषज्ञ समिति हर पहलू की जांच कर रही है और निष्कर्ष प्रस्तुत होने के बाद जवाबदेही तय की जाएगी। उन्होंने कहा, ल्लतभी हम जान पाएंगे कि क्या गलत हुआ और कौन जिम्मेदार था।

## मोदी के नेतृत्व में 11 वर्षों में देश के हर क्षेत्र का सर्वांगीण विकास हुआ : संजय सेठ

एजेंसी

रांची। केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ ने रविवार को कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के सेवा, सुशासन और गरीब कल्याण के 11 वर्ष पूर्ण हुए हैं। उन्होंने कहा प्रधानमंत्री के नेतृत्व में इन 11 वर्षो में देश के हर क्षेत्र का सर्वांगीण विकास हुआ है। गरीब, किसान, महिला, नौजवान, विद्यार्थी सहित संपूर्ण परिवार के कल्याण और उत्थान के लिए मोदी सरकार ने कार्य किया है।



केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री सेठ रांची महानगर कार्यालय में सेवा सुशासन और गरीब कल्याण के 11 वर्ष पूर्ण होने पर रविवार को प्रेस वार्ता को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि परिवार के साथ राष्ट्र की भी उत्तरोत्तर प्रगति हो, इस दिशा में प्रधानमंत्री के नेतृत्व में लंबी लकीर खींची गई है। इंफ्रास्ट्रक्चर के क्षेत्र में कई बड़े कार्य हुए हैं। रांची को भी मोदी सरकार ने अनेक उपलब्धियां दीं। चाहे रातू रोड का एलिवेटेड कॉरिडोर हो। चाहे रांची के आधा दर्जन रेलवे स्टेशनों का अमृत स्टेशन के तहत विकास, दर्जनों रेलवे अंडरपास और ओवर ब्रिज, वंदे भारत सहित कई नई ट्रेन, पूर्वी भारत का सबसे बड़ा पुस्तकालय की सौगात, भारतमाला परियोजना, रांची बोकारो एक्सप्रेस वे ऐसे कई कार्य हुए, जिससे झारखंड के विकास को नई गति प्रदान हुई है। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि झारखंड भी देश के विकास के साथ कदम से कदम मिलाकर चल रहा है। कल्पना से परे झारखंड के कई गांव मुख्य सड़कों से जुड़े। कई परिवारों को बिजली मिली। निःशुल्क इलाज मिला। मुफ्त अनाज मिला। गरीबों को पक्के छत मिले। मोदी सरकार का कार्यकाल विकसित भारत की मजबूत नींव रखने वाला कार्यकाल है। साथ ही मोदी के 11 साल के उपलब्धियां की प्रदर्शनी भी लगाई गई, जिसका उद्घाटन केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ और विधायक सी पी सिंह ने संयुक्त रूप से किया। इस अवसर पर रांची महानगर के महामंत्री बलराम सिंह, जितेंद्र वर्मा प्रमुख रूप से मौजूद रहे।

### केरल हवाई अड्डे पर आपात स्थिति में उतरा ब्रिटिश लड़ाकू विमान

**नयी दिल्ली।** ब्रिटेन की नौसेना के शक्तिशाली लड़ाकू विमान एफ-35 को शनिवार देर रात केरल के अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर आपात स्थिति में उतरना पड़ा। उधर वायु सेना ने आपात स्थिति में इसे सामान्य घटना बताया है। सूत्रों के अनुसार ब्रिटिश नौसेना के इस लड़ाकू विमान ने हिन्द प्रशांत क्षेत्र में तैनात ब्रिटेन के एक विमान वाहक पोत से शनिवार रात नियमित उडान भरी थी लेकिन खराब मौसम और ईंधन की कमी के कारण विमान ने भारत में उतरने की अनुमति मांगी। भारतीय अधिकारियों ने इसे केरल के अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर उतरने की अनुमति दे दी। अनुमति मिलने के बाद यह दस बजे के करीब केरल अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर उतरा। वायु सेना ने इसे आपात स्थिति में सामान्य घटना बताया है। वायु सेना के प्रवक्ता ने रविवार को कहा कि एफ-35 के भारत में उतरने की यह एक सामान्य घटना है। भारतीय वायुसेना को इस घटनाक्रम की पूरी जानकारी थी और उसने उड़ान सुरक्षा कारणों से विमान की मदद की। इस मामले में सभी तरह की सहायता प्रदान की जा रही है और भारतीय वायुसेना सभी संबंधित एजेंसियों के साथ समन्वय कर रही है। उल्लेखनीय है कि इस विमान ने हाल ही में भाारतीय नौसेना के साथ एक सैन्य अभ्यास में भी हिस्सा लिया था। यह विमान केरल हवाई अड्डे पर ईंधन भरे जाने के इंतजार में है। ईंधन भरे जाने के बारे में भारत और ब्रिटेन के संबंधित अधिकारियों के बीच बातचीत हो रही है।

### प्रसिद्ध पूर्णागिरि मेला का समापन, 20 लाख से अधिक श्रद्धालुओं ने किये दर्शन

**चंपावत/नैनीताल।** भारत-नेपाल सीमा पर पिछले तीन माह से चल रहे उत्तर भारत के सुप्रसिद्ध मां श्री पूर्णागिरि मेले का रविवार को विधिवत समापन हो गया है। मेले के समापन अवसर पर मुख्य अतिथि जिलाधिकारी नवनीत पांडे ने कहा कि मेले में लगभग 20 लाख से अधिक श्रद्धालुओं ने मां पूर्णागिरी के दर्शन किए। जिलाधिकारी ने मेले को सफल बनाने के लिए सभी अधिकारियों, कार्मिकों, पुलिस प्रशासन, होमगार्ड, पीआरडी जवानों मंदिर समिति और पर्यावरण मित्रों आदि का विशेष धन्यवाद ज्ञापित किया। उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि मुख्यमंत्री द्वारा मां पूर्णागिरी मेले के बेहतर आयोजन तथा मेला क्षेत्र में विभिन्न सुविधाएं मुहैया कराए जाने हेतु विभिन्न घोषणाएं की गई है जिन पर कार्य गतिमान है। आने वाले समय में श्रद्धालुओं को और बेहतर सुविधाएं यहां मिल सकेंगी। उन्होंने कहा कि पार्किंग, संचार सुविधा के साथ ही पूर्णागिरी मंदिर क्षेत्र में आधारभूत सुविधाओं के विकास हेतु मास्टर प्लान तैयार किया जा रहा है।

## पेज एक का शेष

### यूपी में माफिया...

हर वर्ग और क्षेत्र का प्रतिनिधित्व सुनिश्चित किया गया। शाह ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश में पुलिसबल के आधुनिकीकरण की दिशा में किए गए प्रयासों की भी चर्चा की। उन्होंने कहा कि भारतीय न्याय संहिता, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता, और भारतीय साक्ष्य संहिता जैसे नए कानूनों के लागू होने से अगले पांच वर्षों में देश में ऐसी व्यवस्था बनेगी, जिसमें किसी भी एफआईआर से लेकर सुप्रीम कोर्ट तक का न्याय तीन साल के भीतर मिल सकेगा। इसके अलावा, सीसीटीएनएस (क्राइम एंड क्रिमिनल ट्रैकिंग नेटवर्क एंड सिस्टम्स), आईसीजेएस (इंटर-ऑपरेबल क्रिमिनल जस्टिस सिस्टम) और फॉरेंसिक साइंस जैसी तकनीकों ने पुलिस व्यवस्था को और मजबूत किया है। अमित शाह ने अपने संबोधन में देश के आर्थिक और सामाजिक प्रगति पर भी प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि पिछले 11 वर्षों में 25 करोड़ लोग गरीबी रेखा से बाहर आए हैं और 60 करोड़ लोगों को गैस सिलेंडर, शौचालय, नल से जल, मुफ्त इलाज और किसानों को आर्थिक सहायता जैसी योजनाओं का लाभ मिला है। उन्होंने बताया कि 2014 में भारत विश्व की 11वीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था था, लेकिन आज यह चौथे स्थान पर है और 2027 तक यह तीसरे स्थान पर पहुंच जाएगा। शाह ने कहा कि मोदी सरकार ने 143 से अधिक शहरों में मेट्रो ट्रेन, 150 से अधिक हवाई अड्डे, और नई शिक्षा नीति जैसे कदमों से हर युवा को अवसर प्रदान किए हैं। अमित शाह ने नवनियुक्त कार्मिकों से कहा कि वे अमृत काल में यूपी पुलिस का हिस्सा बन रहे हैं और 2047 तक जब भारत विश्व में सर्वप्रथम स्थान पर होगा, तब यूपी का योगदान सबसे बड़ा होगा। उन्होंने युवाओं से सुरक्षा, सेवा और संवेदनशीलता के मंत्र के साथ आगे बढ़ने का आह्वान किया। शाह ने कहा कि यूपी पुलिस का डर गुंडों और माफियाओं पर सख्त होना चाहिए, लेकिन गरीब, पिछड़े, और आदिवासी समुदायों के लिए पुलिस को मसीहा के रूप में दिखना चाहिए। अंत में, अमित शाह ने यूपी पुलिस के नवनियुक्त कार्मिकों से पूरे मन से सेवा करने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि करीब चार लाख सदस्यों वाले इस पुलिसबल का हिस्सा बनना गर्व की बात है। उन्होंने योगी आदित्यनाथ को एक बार फिर धन्यवाद देते हुए कहा कि उनकी पारदर्शी और समावेशी नीतियों ने यूपी पुलिस को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाया है।

### 2017 से पहले यूपी में पुलिस...

नहीं किया गया। प्रदेश में भर्तियों में दलित, पिछड़े, जनजातीय, गरीब, बेटियों सबको समान अवसर मिला है। यह नया उत्तर प्रदेश है, जहां मेरिट के आधार पर हर युवा को न्याय मिल रहा है। यूपी पुलिस में 60,244 पुलिसकर्मियों की भर्ती एवं नियुक्ति पत्र वितरण कार्यक्रम ऐसे समय में हो रहा है, जब प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के देश सेवा, सुशासन और गरीब कल्याण के 11 वर्ष के कार्यकाल ने नए भारत के रूप में प्रत्येक भारतीय के जीवन में परिवर्तन लाने का काम किया है। योगी आदित्यनाथ ने कहा कि पिछले 8 वर्षों में प्रदेश के युवाओं को साढ़े आठ लाख से अधिक सरकारी नौकरियां दी गईं है। वहीं अकेले यूपी पुलिस में करीब सवा दो लाख भर्तियां की गई हैं। यह केवल संख्या नहीं, बल्कि प्रदेश को दंगा मुक्त, भय मुक्त और निवेश समर्थ प्रदेश बनाने की दिशा में हमारी प्रतिबद्धता का प्रमाण है। इसी के साथ डबल इंजन की सरकार ने परीक्षा की शुचिता और पारदर्शिता क्या होती है, इसका उदाहरण पेश किया है। उन्होंने कहा कि इस भर्ती में गरीब से गरीब परिवार का बेटा भी शामिल हुआ है। अब वह भी सिपाही बनकर प्रदेश की जनता की सेवा में योगदान दे पाएगा। योगी ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 'स्मार्ट पुलिसिंग' के सूत्र स्ट्रिक्ट एंड सेंसटिव, मॉर्डन एंड मोबाइल, अलर्ट एवं अकाउंटिबल, रिलायबल एंड रिस्पॉन्सिबल और टैक्नो सैवी एंड ट्रेंड का हवाला देते हुए कहा कि उत्तर प्रदेश ने इन सिद्धांतों को जमीनी हकीकत बना दिया है। मुख्यमंत्री ने केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के प्रति आभार प्रकट करते हुए कहा कि वर्ष 2017 में जब हमने भर्ती प्रक्रिया शुरू की थी, तब केंद्री गृह मंत्री ने पैरामिलिट्री और मिलिट्री ट्रेनिंग संसाधन उपलब्ध कराने में बड़ी भूमिका निभाई थी। अब हमने राज्य में ही 60,000 से अधिक पुलिस ट्रेनिंग की क्षमता विकसित कर ली है। उन्होने कहा कि वर्तमान में प्रदेश में 8 नए फॉरेंसिक लैब चालू हो चुके हैं जबकि 6 और निर्माणाधीन हैं। सभी 75 जिलों में दो-दो मोबाइल फॉरेंसिक वैन तैनात की जा चुकी हैं। साथ ही 75 जिलों में साइबर थाने और 1,994 पुलिस थानों में साइबर हेल्प डेस्क की स्थापना की गई है। यह सभी व्यवस्था जुलाई 2024 से लागू होने वाले तीन नए आपराधिक कानूनों (भारतीय न्याय संहिता 2023, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 और भारतीय साक्ष्य अधिनियम 2023) के अनुरूप हैं।

### ईरान में इजराइली...

तनाव कम करने और व्यापक युद्ध से बचने का तत्काल आह्वान किया है। चीन के विदेश मंत्री ने कहा कि परमाणु स्थलों पर हमले ने एक ''खतरनाक मिसाल कायम की है। इजराइल को व्यापक रूप से पश्चिम एशिया में एकमात्र परमाणु संपन्न देश माना जाता है। इसने कहा कि पिछले दो दिनों में ईरान पर उसके सैकड़ों हमलों में ईरान के परमाणु कार्यक्रम से जुड़े कई शीर्ष जनरल, नौ वरिष्ठ वैज्ञानिक और विशेषज्ञ मारे गए हैं। संयुक्त राष्ट्र में ईरान के राजदूत ने कहा है कि 78 लोग मारे गए और 320 से अधिक घायल हुए हैं। संयुक्त राष्ट्र की परमाणु निगरानी संस्था ने ईरान को परमाणु हथियार विकसित करने से रोकने संबंधी दायित्वों का पालन नहीं करने के लिए बृहस्पतिवार को फटकार लगाई थी। ईरान के परमाणु कार्यक्रम को नष्ट किए जाने को अपनी सर्वोच्च प्राथमिकता बता चुके इजराइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने कहा कि इजराइल के अब तक के हमले उन हमलों की तुलना में कुछ नहीं हैं जो आने वाले दिनों में उसकी सेना करेगी। ईरान की अर्ध-सरकारी समाचार एजेंसी ने बताया कि एक इजराइली ड्रोन ने ईरानी प्राकृतिक गैस प्रसंस्करण संयंत्र पर हमला किया जिसके बाद ''एक जोरदार विस्फोट'' हुआ, जो ईरान के तेल और प्राकृतिक गैस के ठिकाने पर पहला इजराइली हमला है। इजराइल की सेना ने इस पर कोई टिप्पणी नहीं की है। फिलहाल यह पता नहीं चल पाया है कि 'साउथ पार्स' प्राकृतिक गैस क्षेत्र में कितना नुकसान हुआ है। ऐसी जगहों के चारों ओर हवाई रक्षा प्रणालियां होती हैं, जिन्हें इजराइल निशाना बनाता रहा है। इजराइली सेना ने रविवार को ईरानियों को ''सैन्य हथियार उत्पादन कारखानों'' को तत्काल खाली करने की चेतावनी दी जिसके बाद नए हमलों की आशंका बढ़ गई है। सैन्य प्रवक्ता कर्नल अविचे अद्राई ने 'एक्स' पर ईरान को फारसी भाषा में चेतावनी जारी की। अद्राई ने पूर्व में गाजा पट्टी में इजराइल-हमास युद्ध के बीच गाजा पट्टी, लेबनान और यमन में अन्य हमलों का संकेत दिया था। उनकी यह चेतावनी ईरान के विदेश मंत्री अब्बास अराघची के उस बयान के बाद आई है जिसमें उन्होंने कहा था कि अगर इजराइल अपने हमले बंद कर दे तो तेहरान भी इजराइल पर अपने हमले बंद कर देगा।

### पूर्व मुख्यमंत्री...

वहां से उन्हें हेलीकॉप्टर के जरिए राजकोट ले जाया जाएगा। अहमदाबाद से लंदन जाने वाला एयर इंडिया का विमान गुरुवार को मेघानीनगर में दुर्घटनाग्रस्त हो गया था। उस दौरान पायलट और क्रू मेंबर्स के साथ फ्लाइट में कुल 242 लोग मौजूद थे, जिनमें से एक विजय रुपाणी भी थे। वह अपनी बेटी से मिलने लंदन जा रहे थे। प्लेन क्रैश में मरने वालों का आंकड़ा 275 पहुंच गया है। आज सुबह तक 248 शवों के डीएनए सैंपल लिए गए। इनमें से 31 की शिनाख्त हो गई है और 20 शव परिजन को सौंपे गए हैं। उनके डेथ सर्टिफिकेट भी उपलब्ध कराए गए। एम्बुलेंस के जरिए सिक्योरिटी के साथ शवों को उनके गृहनगर पहुंचाया जा रहा है। इसके लिए 230 टीमें बनाई गई हैं, जो मृतकों के परिजनों के सीधे संपर्क में हैं। 192 एम्बुलेंस और वाहन स्टैंडबाय पर हैं। हादसे में जान गंवाने वाले विदेशी नागरिकों में से 11 के परिजन आज अहमदाबाद पहुंच सकते हैं। शवों को रखने के लिए 170 ताबूत बनाने का ऑर्डर दिया गया है। इनमें से करीब 100 ताबूत वडोदरा से अहमदाबाद लाए गए हैं। बाकी के ताबूत बनाने का काम जारी है।

### केंद्र ने वैज्ञानिक...

हैं, जिन्हें सामान्य वित्तीय नियमों (जीएफआर) में बदलावों से लाभ मिलेगा क्योंकि इन बदलावों से पारंपरिक खरीद में आने वाली बाधाएं दूर कर दी गयी हैं। विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी मंत्री जितेंद्र सिंह ने कहा कि इसका उद्देश्य उपलब्ध ढांचे के भीतर नवाचार को यथासंभव स्वतंत्रता देना है। उन्होंने कहा कि सरकारी खरीद में पारदर्शिता सुनिश्चित करने के लिए जीईएम पोर्टल शुरु किया गया था, लेकिन अनुसंधानकर्ताओं की आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए संभवतः तंत्र विकसित नहीं हो पाया है। सिंह ने यहां प्रेसवार्ता में कहा, ''जब हम वैश्विक भूमिका निभाने की ओर अग्रसर हैं, तो हमें वैश्विक मापदंडों का पालन करना होगा। हमारे मानक वैश्विक मानकों से संबंधित होने चाहिए। जीएफआर में विशेष प्रावधानों में संशोधन के अनुसार, विभिन्न अनुसंधान एवं विकास संस्थानों के कुलपति और निदेशक अब अनुसंधान उद्देश्यों के लिए दो लाख रुपये तक के वैज्ञानिक उपकरण और उपभोग्य वस्तुएं बिना किसी 'कोटेशन' के खरीद सकेंगे, जबकि पहले यह सीमा एक लाख रुपये थी। क्रय समिति द्वारा वस्तुओं की खरीद के लिए वित्तीय सीमा मौजूदा 10 लाख रुपये से बढ़ाकर 25 लाख रुपये कर दी गई है। सीमित निविदा जांच (एलटीई) और विज्ञापित निविदा जांच का उपयोग करके वस्तुओं की खरीद के लिए वित्तीय सीमा मौजूदा 50 लाख रुपये से बढ़ाकर एक करोड़ रुपये कर दी गई है।

### उत्तराखंड में हेलीकॉप्टर...

साथ एसडीआरएफ की छह टीमें, एनडीआरएफ की आठ टीम और 22 पुलिसकर्मी शामिल थे। ये सभी राहत एवं बचाव दल घटनास्थल गौरीकुंड से लगभग पांच किलोमीटर ऊपर स्थित गौरी में खड़क नामक स्थान पर पहुँचे जहाँ तलाश और बचाव अभियान जारी है। उन्होंने बताया कि हादसे का शिकार लोगों के शव बुरी तरह से जल गए हैं। श्री रजवार ने बताया कि हेलीकाप्टर में कुल सात लोग सवार थे। जिनमें पायलट सहित 06 वयस्क और 01 बच्चा हैं। सभी की हादसे में मृत्यु हो गई। मृतकों की पहचान कैप्टन राजबीर सिंह चौहान, पायलट, निवासी जयपुर, विक्रम रावत, कर्मचारी, बदरीनाथ केदारनाथ मंदिर समिति, निवासी रासी ऊखीमठ, (45), विनोद देवी, निवासी उत्तर प्रदेश, (66) , तृष्टि सिंह उत्तर प्रदेश, (19) , राजकुमार पुत्र सुरेश जायसवाल, निवासी महाराष्ट्र, (41) , श्रद्धा पत्नी राजकुमार जायसवाल, निवासी महाराष्ट्र, (35) , काशी पुत्री राजकुमार, निवासी महाराष्ट्र, बालिका (02) के रूप में हुई है। उन्होंने बताया कि पूरे क्षेत्र को घेर लिया गया है। फॉरेंसिक टीम तथा डीएनए सेंपलिंग टीम भी मौके पर पहुंच चुकी है। श्री रजवार ने बताया कि प्रभावितों के परिवार के लिए हेल्पलाइन नम्बर जारी किए गए हैं। इसके लिए राज्य आपातकालीन प्रचालन केन्द्र 0135-2710334, 9058441404 1070 (टोल फी) तथा रूद्रप्रयाग हेल्पलाइन नम्बर- 8958757335, 01364-233727 जारी किए गए हैं।

### जी-7 में आतंकवाद...

की प्राथमिकताओं पर विचारों के आदान-प्रदान में मदद करेगा। मैं भागीदार देशों के नेताओं के साथ बातचीत करने के लिए भी उत्सुक हूं। उन्होंने कहा, '18 जून को मैं क्रोएशिया गणराज्य की अपनी यात्रा और राष्ट्रपति ज़ोरान मिलानोविच और प्रधानमंत्री आंद्रेज प्लेनकोविक के साथ बैठकों की प्रतीक्षा कर रहा हूं। हमारे दोनों देश सदियों पुराने घनिष्ठ सांस्कृतिक संबंधों का आनंद लेते हैं। किसी भारतीय प्रधानमंत्री की क्रोएशिया की पहली यात्रा के रूप में यह आपसी हित के क्षेत्रों में द्विपक्षीय सहयोग के लिए नए रास्ते खोलेगी। प्रधानमंत्री ने कहा, 'तीन देशों की यह यात्रा सीमा पार आतंकवाद के खिलाफ हमारी लड़ाई में भारत को उनके दृढ़ समर्थन के लिए भागीदार देशों को धन्यवाद देने और आतंकवाद के सभी रूपों और अभिव्यक्तियों से निपटने के लिए वैश्विक समझ को प्रेरित करने का भी एक अवसर है।

### यूपी में आकाशीय बिजली...

पहुंचा, तभी बारिश शुरू हो गई। बारिश से बचने के लिए वह पुल के पास एक पेड़ के नीचे खड़ा हो गया। इसी दौरान तेज गर्जना के साथ बिजली गिरी, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। जबकि दुर्गा प्रसाद सुबह 5:30 बजे घर से नित्यक्रिया के लिए खेत की तरफ गए थे। इसके बाद वह वापस नहीं लौटे। उनका शव गांव के पास ही एक निर्माणाधीन राइस मिल की बाउंड्रीवॉल के पास पड़ा मिला।

### पुल ढहने से दो ...

तलाश कर रही हैं। एनडीआरएफ के जवान दीपक तिवारी ने बताया कि इस घटना की सूचना मिलते ही उनकी दो टीमें मौके पर पहुंची हैं और राहत और बचाव कार्य शुरु कर दिया है। मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने बताया कि इंद्रायणी नदी का पुल ढह जाने से कई लोगों के बह जाने की प्राथमिक जानकारी मिली है। इस घटना में कुछ लोग घायल हैं, उन्हें अस्पताल पहुंचाया गया है। मौके पर जिलाधिकारी की टीम मौजूद हैं और मौके पर एंबुलेंस की भी व्यवस्था की गई है। इस पुल को खतरनाक घोषित करके पुल पर न जाने की चेतावनी भी दी गई थी। आज रविवार होने से पुल पर अधिक लोग पहुंचे थे, इससे पुल ढ़ह गया।

# मुख्यमंत्री नीतीश ने औद्योगिक क्षेत्र सिकंदरपुर, बिहटा की विभिन्न औद्योगिक इकाईयों का किया निरीक्षण

कैनविज टाइम्स संवाददाता

पटना। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने आज बिहटा के सिकंदरपुर औद्योगिक क्षेत्र स्थित विभिन्न औद्योगिक इकाईयों का निरीक्षण किया। इस दौरान मुख्यमंत्री ने सबसे पहले आरके शर्ट्स यूनिट के निर्माण केन्द्र का निरीक्षण किया। साथ ही यहां तैयार किये जा रहे विभिन्न किस्म के शर्ट्स के निर्माण कार्यों को देखा और कार्यरत महिलाओं से बातचीत कर पूरी व्यवस्था की जानकारी ली। इसके पश्चात मुख्यमंत्री ने डीवी रंजन बैग कलस्टर द्वारा तैयार की जा रही बैग की निर्माण इकाई को देखा। इस दौरान वहां कार्यरत लोगों ने मुख्यमंत्री को बैग के निर्माण की पूरी प्रक्रिया तथा निर्मित बैग को दिखाया। इसके पश्चात मुख्यमंत्री ने अत्याधुनिक इंटीग्रेटेड इरैडिएशन सेंटर का निरीक्षण किया। इस दौरान पैकेज हाउस, कोल्ड स्टोरेज का जायजा लिया और वहां की व्यवस्थाओं की जानकारी ली। निरीक्षण के दौरान मुख्यमंत्री ने कहा कि बहुत खुशी की बात है कि इस इंडस्ट्रीयल एरिया में कई औद्योगिक इकाइयां उत्पादों का निर्माण कर रही हैं। राज्य के युवक-युवतियों को रोजगार उपलब्ध कराने तथा उनमें उद्यमिता को बढ़ावा देने के लिए मुख्यमंत्री उद्यमी योजना की शुरुआत की गई है जिसके तहत यहां सभी वर्गों के लोग उद्यम की ओर आकर्षित हो रहे हैं और अपना रोजगार शुरू कर रहे हैं। राज्य में उद्योग के लिए अनुकूल माहौल है और राज्य सरकार उद्यमियों को हर प्रकार की सुविधा मुहैया करा रही है।हम युवाओं को रोजगार के लिए प्रोत्साहित कर रहे हैं और उन्हें सुविधाएं उपलब्ध करा रहे हैं। उल्लेखनीय है कि आरके शर्ट्स यूनिट में वर्तमान में 180 से अधिक स्थानीय युवक-युवतियां कार्यरत हैं, जो मशीन



संचालन, डिजाइनिंग, सिलाई एवं पैकेजिंग जैसे कौशल कार्यों में संलग्न हैं। भविष्य में यह यूनिट लगभग 1200 कर्मियों को रोजगार देगी। आरके शर्ट्स प्राइवेट लिमिटेड को 2024 में शर्ट निर्माण हेतु 37,056 वर्ग फुट में फैला शेड नंबर बी-1 आवंटित किया गया था। अप्रैल 2025 से इस यूनिट में उत्पादन प्रारंभ हो चुका है। डीवी रंजन बैग क्लस्टर हस्तनिर्मित, कैनवास, एवं कॉर्पोरेट गिफ्टिंग बैग्स के निर्माण में संलग्न है। यह इकाई महिला नेतृत्व वाले उद्यम का उत्कृष्ट उदाहरण है, जहां 80 प्रतिशत से अधिक कर्मचारी महिलाएं हैं। इन महिलाओं को स्वयं सहायता समूहों एवं स्थानीय एनजीओ के माध्यम से प्रशिक्षित किया गया है। यह क्लस्टर प्रतिदिन 500 से अधिक बैग्स का उत्पादन करता है, जिन्हें भारत के विभिन्न बाजारों में आपूर्ति की जाती है। 58.15 करोड़ की लागत से निर्मित अत्याधुनिक इंटीग्रेटेड इरैडिएशन सेंटर को फलों, सब्जियों, मसालों, हर्बल उत्पादों, मांस एवं मछली जैसी कृषि उत्पादों की शेल्फ-लाइफ बढ़ाने, सुरक्षा सुनिश्चित करने एवं निर्यात की दृष्टि से तैयार करने हेतु स्थापित किया गया है। अब तक इस केंद्र से लीची एवं जर्दालु आम का सफलतापूर्वक यूएई और कतर जैसे अंतर्राष्ट्रीय बाजारों में निर्यात हो चुका है। इसके अतिरिक्त हाल ही में 'गिफ्ट फ्रॉम बिहार' पहल के अंतर्गत 2,000 से अधिक प्रीमियम जर्दालु आम के बॉक्स राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय अतिथियों को उपहार स्वरूप भेजे गए हैं।

## उत्तराखंड में हेलीकॉप्टर दुर्घटनाओं पर सख्त मुख्यमंत्री धामी, एसओपी बनाने के दिए निर्देश

कैनविज टाइम्स संवाददाता

देहरादून। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने राज्य में हेलीकॉप्टर दुर्घटनाओं को गंभीरता से लिया है। उन्होंने हेलीकॉप्टर संचालन को लेकर कड़े निर्देश जारी किए हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश में हेली सेवाओं के संचालन के लिए सख्त एसओपी तैयार की जाए, जिसमें हेलीकॉप्टर की तकनीकी स्थिति की पूर्ण जांच और उड़ान से पूर्व मौसम की सटीक जानकारी लेना अनिवार्य किया जाए। मुख्यमंत्री ने मुख्य सचिव को निर्देशित किया है कि तकनीकी विशेषज्ञों की एक समिति का गठन किया जाए, जो हेली संचालन की सभी तकनीकी व सुरक्षा पहलुओं की गहन समीक्षा कर एसओपी तैयार करेगी। यह समिति यह सुनिश्चित करेगी कि हेली सेवाओं का संचालन पूरी तरह से सुरक्षित, पारदर्शी और निर्धारित मानकों के अनुसार हो। यह भी निर्देश दिए हैं कि राज्य में पूर्व में हुई हेलीकॉप्टर दुर्घटनाओं की जांच के लिए गठित उच्च स्तरीय समिति पूर्व आज के हेली क्रैश की भी गहनता से जांच कर अपनी रिपोर्ट देगी। यह समिति प्रत्येक घटना के कारणों की गहराई से जांच करेगी और दोषी व्यक्तियों या संस्थाओं की पहचान कर उनके विरुद्ध सख्त कार्रवाई की संस्तुति करेगी। मुख्यमंत्री धामी ने कहा कि राज्य में हेली सेवाओं का महत्व तीर्थाटन, आपदा प्रबंधन और आपातकालीन सेवाओं के लिए अत्यधिक है, इसलिए इनमें सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जाएगी। उल्लेखनीय है कि आज (रविवार) सुबह केदारनाथ से गुप्तकाशी लौट रहा हेलिकॉप्टर गौरीकुंड के ऊपरी तरफ गौरी माई खर्क में क्रैश हो गया। इस हादसे में पायलट समेत सात लोगों की मौत हो गई। मरने वालों में एक बच्चा भी शामिल है। खराब मौसम को हेलिकॉप्टर दुर्घटना का कारण माना जा रहा है।

## कैंची धाम में पाबंदियों के बावजूद उमड़े श्रद्धालु



कैनविज टाइम्स संवाददाता

नैनीताल। उत्तराखंड के नैनीताल जनपद में रविवार को बाबा नीब करौरी महाराजजी द्वारा 1962 में स्थापित कैंची धाम का 63वां वार्षिक स्थापना दिवस मेला अत्यधिक श्रद्धा, उत्साह व भक्तिभाव के साथ मनाया जा रहा है। यहां सुबह पांच बजे से ही धाम के कपाट खुलने के साथ श्रद्धालु राम भक्त हनुमान के भक्त बाबा नीम करौरी महाराज की सजीव सी लगने वाली आदमकद कंबल ओढ़े बैठी अवस्था वाली मूर्ति के दर्शन कर रहे हैं और बाबा के प्रिय मालपुवों का प्रसाद प्राप्त कर रहे हैं। इस दौरान धाम के दोनों ओर श्रद्धालुओं की लगभग 3 किलोमीटर लंबी कतारें नजर आयी हैं।

इस दौरान छाये कोहरे से आती फुहारें जैसे श्रद्धालुओं की थकान व परेशानियों को दूर करती हुई आस्था को बढ़ा रही थी और श्रद्धालु ल्लबाबा नीब करौरी महाराज की जयङ्क व जय हनुमान-जय श्री राम के उद्घोषों के साथ श्रद्धा पूर्वक बाबा के दर्शन कर रहे हैं। अलबत्ता कैंची धाम में श्रद्धालुओं की संख्या पिछले वर्षों के सापेक्ष व विशेषकर इस वर्ष रविवार को मेला पड़ने के कारण अपेक्षित ढाई-तीन लाख से काफी कम नजर आयी है। इसे व्यवस्थाओं का बेहतर कहें या पुलिस-प्रशासन के द्वारा वाहनों को रोकने आदि के बारे में कई दिनों से किये जा रहे प्रचार का असर, मंदिर के बाहर से लेकर मंदिर के भीतर तक भीड़ नहीं दिखाई दी। अपराह्न 3 बजे तक 80 हजार श्रद्धालुओं के ही कैंची धाम पहुंच पाने का समाचार है। जनपद के एसएसपी प्रह्लाद नारायण मीणा की ओर से एक दिन पूर्व संदेश दिया गया था कि स्थानीय लोग अपने पहचान पत्र दिखाकर दोपहिया वाहनों से आवागमन कर सकेंगे। लेकिन बाहरी लोगों को किसी भी तरह के निजी या किराये के दोपहिया वाहनों से आने की अनुमति नहीं होगी। किंतु आज स्थानीय लोगों को भी दोपहिया वाहनों से सुबह से ही कैंची धाम नहीं जाने दिया गया।जबकि रविवार को दिन में लगभग एक बजे नैनीताल पुलिस की ओर से अपडेट किया गया कि नैनीताल से दोपहिया वाहनों से लोग सेनेटोरियम तक और हल्द्वानी से भीमताल पार्किंग तक आ सकते हैं। वहां से शटल सुविधा उपलब्ध होगी। भवाली से आगे किसी भी दोपहिया वाहन को कैंची धाम जाने की अनुमति नहीं होगी। उधर कैंची धाम में भवाली की ओर से आने वाली शटल टैक्सियों को वन विभाग की चौकी तक आने दिया गया। यहां से कुछ दूर अन्नपूर्णा ढाबा से श्रद्धालुओं की कतार मंदिर तक यानी लगभग 2 किमी तक लगी, और कभी से इससे अधिक बढ़ती नजर नहीं आयी। दूसरी ओर खैरना की ओर लगभग आधा किमी लंबी कतार दिखाई दी। मंदिर में व्यवस्थाएं काफी बेहतर दिखीं। श्रद्धालुओं को बाबा नीब करौरी की मूर्ति सहित कहीं भी भेंट चढ़ाने यानी सिर झुकाने जितनी देरी के लिये भी रुकने नहीं दिया गया और मंदिर के दूसरी ओर से मालपुवों के दो पैकेट एवं एक पैकेट सब्जी के प्रसाद के साथ बाहर निकाला गया। मंदिर में पानी एवं सफाई की व्यवस्था के साथ लोगों के जूते-चप्पल रखने की व्यवस्था भी बेहतर रही, अलबत्ता कई श्रद्धालु शौचालय की समस्या से परेशान दिखे।

## भविष्य के लिए मजबूत नींव साबित होगा प्रशिक्षण में हासिल किया गया ज्ञान : ख्यालीराम

कैनविज टाइम्स संवाददाता




भागलपुर। सैनिक स्कूल गणपतराय सालारपुरिया सरस्वती विद्या मंदिर नरगाकोठी भागलपुर में चल रहा नवीन आचार्य प्रशिक्षण वर्ग रविवार को संपन्न हो गया। इस मौके पर ख्यालीराम ने कहा कि आपने यहां जो ज्ञान और कौशल हासिल किया, वह आपके भविष्य के लिए मजबूत नींव साबित होगा। उन्होंने कहा कि विद्या भारती रूपी गंगा में डुबकी लगाकर मस्तिष्क रूपी लोटा में ज्ञान रूपी गंगाजल लेकर अपने घर, परिवार, विद्यालय, समाज, अपने देश जैसे स्थल को पवित्र करने का प्रयास करना है। हमें कार्य क्षेत्र में ऐसे बालक बालिकाओं का निर्माण करना है। जिसमें मां जीजाबाई जैसा मातृत्व, लक्ष्मीबाई जैसा नेतृत्व, देवी अहिल्याबाई जैसा कृतित्व, भगिनी निवेदिता जैसा राष्ट्रभक्ति, मीरा जैसी भक्ति भाव एवं त्याग की प्रतिमूर्ति पन्नाधाय जैसा हो। प्रदीप कुमार कुशवाहा ने कहा कि आने के साथ प्रशिक्षण लेने का संकल्प लिए थे और आज प्रतिज्ञा किए हैं विद्या भारती के अनुरूप कार्य क्षेत्र में कार्य करने का। विद्या भारती का कार्य ईश्वरीय कार्य है और आप यहां आचार्य बने हैं यह ईश्वरीय कृपा है। अपने यहां 20 दिनों तक प्रशिक्षण लिया किंतु असली प्रशिक्षण आपका तब शुरू होगा जब कार्य क्षेत्र में बच्चों के साथ कार्य करेंगे। डॉ चंद्रभूषण सिंह ने कहा कि आपने प्रशिक्षण प्राप्त कर आचार्य पद को अंगीकार स्वीकार किया है। आप विद्या भारती के उद्देश्यों को पूर्ण कर एक सच्चा देशभक्त शिक्षित नागरिक बालकों को बनाएंगे यही विश्वास है। उमाशंकर पोद्दार द्वारा अतिथियों का परिचय कराया गया तथा प्रशिक्षणार्थियों को विद्या भारती के प्रतिज्ञा का शपथ दिलाया गया। आज नवीन आचार्य प्रशिक्षण वर्ग द्वारा प्रज्ञा पत्रिका, सेवा स्थायित्व वर्ग द्वारा मुक्तांचल पत्रिका ,कार्यरत आचार्य द्वारा पुष्प पत्रिका का निर्माण किया गया था जो हस्तलिखित पत्रिका है। उक्त तीनों पत्रिका का विमोचन मंचासीन अधिकारियों द्वारा किया गया। इस अवसर पर वर्ग के मीडिया प्रभारी राकेश नारायण अंबष्ट, ब्रह्मदेव प्रसाद, रमेश मणि पाठक, वीरेंद्र कुमार, सतीश कुमार सिंह, परमेश्वर कुमार विद्यालय के प्रधानाचार्य अमरेश कुमार, चंद्रशेखर कुमार, आकाश कुमार, सुजीत कुमार गुप्ता, शशि भूषण मिश्र, रिचा कुमारी ,सुप्रिया कुमारी, राखी कुमारी एवं सभी प्रशिक्षणार्थी उपस्थित थे।

## फिल्मी चकाचौंध के सपने लिए घर से भागीं दो नाबालिग लड़कियों को पुलिस ने खोजा

नई दिल्ली। क्राइम ब्रांच की टीम ने दो नाबालिग लड़कियों को खोजकर परिवार से मिलवाया है। दोनों बीते दिनों अपने घर से लापता हो गई थीं। दोनों लड़कियों की उम्र 13 वर्ष है और वे खानपुर व नेब सराय की रहने वाली हैं। क्राइम ब्रांच के डीसीपी आदित्य गौतम ने रविवार को बताया कि इस संबंध में 10 जून थाना नेब सराय में बच्चियों की गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज करवाई गई थी। मामले को गंभीरता से लेते हुए बच्चियों की तलाश शुरू की। 12 जून को महिला कांस्टेबल रेनू को एक अहम सुराग मिला। जिसके आधार पर टीम ने दिल्ली के मदनगीर इलाके में अभियान चलाया। टीम की मुस्तैदी के चलते दोनों बच्चियों को सुरक्षित रेस्क्यू कर लिया गया। पूछताछ में लड़कियों ने बताया कि वे फिल्मी दुनिया की चकाचौंध से प्रेरित होकर मुंबई जाने की योजना बना रही थीं। ताकि वे अभिनय के क्षेत्र में अपना करियर बना सकें।

## अश्लील वीडियो बनाकर वायरल करने के मामले में दो गिरफ्तार

कैनविज टाइम्स संवाददाता




पूर्वी चंपारण। किशोरी के साथ गलत काम करने के बाद उसका अश्लील वीडियो व फोटो वायरल करने के मामले में पुलिस ने दो युवको को गिरफ्तार किया है।

घटना को लेकर मोतिहारी नगर थाना के एक मुहल्ला निवासी किशोरी की पिता ने नगर थाना में एफआईआर दर्ज करायी है।इसमें बंजरिया थाना क्षेत्र के सिधिया सागर निवासी ओजैर आलम, सोहैल आलम सहित तीन लोगों को आरोपित किया गया है। पीड़िता के पिता ने आवेदन में कहा है कि उसकी पुत्री की शादी की चर्चा ओजैर आलम के साथ चल रही थी। इस बीच ओजैर आलम उसकी पुत्री का मोबाइल नंबर, इंस्टाग्राम का यूजर आई डी व पासवर्ड बहला-फुसलाकर ले लिया। करीब तीन माह पूर्व जब उसकी पुत्री कोचिंग जा रही थी।इसी बीच आरोपित ने उसकी पुत्री को कोल्ड ड्रिंक्स में कुछ मिलाकर पिला दिया। बेहोशी की हालत में गलत संबंध बनाया तथा उसका वीडियो व फोटो खींच लिया। कुछ दिन बाद जब उसे पता चला कि आरोपित औजेर आलम हथियार की खरीद फरोख्त के साथ ही अन्य अपराधिक कार्य में संलिप्त रहता है, तो उसने शादी करने से इंकार कर दिया। इसके बाद आरोपित उसकी पुत्री व उसपर शादी का दबाव बनाने लगे। मना करने पर उसकी पुत्री का अश्लील वीडियो वायरल कर दिया। घटना के बाद मेरी पुत्री को गहरा मानसिक आघात पहुंचा है,और वह आत्महत्या पर उतारु हो गई है, बाद में उसने आरोपित से मिलकर वीडियो डिलिट करने को कहा तो आरोपित हथियार से फायरिंग का वीडियो दिखाते हुए धमकी देने लगा। नगर थानाध्यक्ष राजीव रंजन ने बताया कि पीड़िता के पिता के आवेदन पर एफआईआर दर्ज कर लिया गया है।वही इस घटना के मुख्य दो आरोपित ओजैर आलम तथा सोहैल आलम को बंजरिया थाना के सहयोग से गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है।जबकि अन्य आरोपितो के विरूद्ध छापेमारी की जा रही है।

## सफदरजंग एन्क्लेव में आंधी में सौ फीट का मोबाइल टावर गिरा, आआपा ने साधा निशाना

कैनविज टाइम्स संवाददाता

नई दिल्ली। दिल्ली के सफदरजंग एन्क्लेव में रविवार तड़के चार बजे तेज आंधी से 100 फीट ऊंचा मोबाइल टावर सड़क पर गिर गया। हादसे के समय सड़क पर कोई मौजूद नहीं रहा, जिससे बड़ा हादसा टल गया। आम आदमी पार्टी (आआपा) के पूर्व विधायक सोमनाथ भारती ने एक्स पर पोस्ट करते हुए घटना को लेकर सरकार और प्रशासन पर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि मोबाइल टावर को स्थानीय लोगों के विरोध के बावजूद यहां लगाया गया था। सोमनाथ भारती ने कहा कि स्थानीय लोगों द्वारा पुलिस, सांसद, विधायक और दिल्ली नगर निगम से बार-बार गुहार लगाने के बावजूद कोई कार्रवाई नहीं की गई। लोगों को यह बोलकर गुमराह किया गया कि हाई-मास्ट स्ट्रीट लाइट लगाई



जा रही है, लेकिन इसके बजाय मोबाइल टावर लगाया गया। लोगों ने इसका कड़ा विरोध किया, स्वास्थ्य जोखिम और संभावित खतरे के बारे में चेतावनी दी। लोगों के विरोध के बावजूद मोबाइल टावर लगाया गया। स्थानीय लोगों का कहना है कि उन्होंने शुरू से ही मोबाइल टावर यहां लगाने का विरोध किया, लेकिन प्रशासन ने उनकी नहीं सुनी। आज मोबाइल टावर गिरने से बिजली की तारों और पेड़ों को काफी नुकसान हुआ है।

## देहरादून में रन फॉर योगा कार्यक्रम का आयोजन

■ मुख्यमंत्री ने किया गांधी पार्क से एमकेपी कॉलेज तक पैदल मार्च


कैनविज टाइम्स संवाददाता




देहरादून। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने रविवार को एमकेपी कॉलेज, देहरादून में आयोजित 'रन फॉर योगा' कार्यक्रम में प्रतिभाग किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने युवाओं, बुजुर्गों और महिलाओं को भी योग के प्रति जागरूक करने के लिए गांधी पार्क से एमकेपी कॉलेज तक पैदल मार्च भी किया। मुख्यमंत्री ने सभी से आगामी अंतरराष्ट्रीय योग दिवस में बढ़ चढ़कर प्रतिभाग करने का आग्रह किया। उन्होंने कहा कि हमें मिलकर प्राचीन योग सभ्यता को जन-जन तक पहुंचाना है। ऋषि मुनियों ने योग के माध्यम से शरीर, आत्मा और मन को एकीकृत करने की अद्भुत विद्या विकसित की है। योग संपूर्ण विश्व के लिए एक संजीवनी का कार्य करता है। योग से जीवन स्वस्थ और अनुशासित बनता है। आज दुनिया योग के प्रति आकर्षित हो रही है। मुख्यमंत्री ने कहा कि योग को दैनिक जीवन में अपनाकर शरीर और मन को स्वस्थ रखने के साथ ही समाज में भी सकारात्मकता लाई जा सकती है। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने संयुक्त राष्ट्र महासभा में 21 जून को अंतरराष्ट्रीय योग दिवस का प्रस्ताव रखा था, जिसे पूरे विश्व ने अपनाया था। उन्होंने कहा कि उत्तराखंड योग, आयुष और अध्यात्म की भूमि है। राज्य सरकार, उत्तराखंड को योग और वेलनेस टूरिज्म का वैश्विक हब बनाने पर कार्य कर रही है । राज्य सरकार ने हाल ही में नई योग नीति को मंजूरी दी है, जिसके अंतर्गत राज्य में योग और ध्यान केंद्र विकसित करने पर अधिकतम 20 लाख तक की सब्सिडी प्रदान की जा रही है। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य में पहले से संचालित हो रहे योग केंद्रों को भी बढ़ावा दिया जा रहा है। योग, ध्यान और प्राकृतिक चिकित्सा के क्षेत्र में शोध को बढ़ावा देने के लिए 10 लाख तक का भी अनुदान दिया जा रहा है। राज्य में योग और वेलनेस की अपार संभवानाएं हैं, जिस पर राज्य सरकार निरंतर कार्य कर रही है। उन्होंने सभी से अनुशासित और स्वस्थ जीवन शैली अपनाने की अपील की। इस अवसर पर विधायक खजान दास, भरत चौधरी, उपाध्यक्ष राज्य स्तरीय खेल परिषद हेमराज बिष्ट, सचिव आयुष दीपेंद्र चौधरी, अपर सचिव विजय कुमार जोगदंडे, प्रदीप जैन, जितेंद्र नेगी आदि मौजूद रहे।

## पंजाब में लक्षित हत्या की साजिश नाकाम, हथियार सहित दो बदमाश गिरफ्तार

चंडीगढ़। पंजाब के स्टेट स्पेशल ऑपरेशन सेल (एसएसओसी) ने कनाडा स्थित आतंकवादी अर्श डाला द्वारा रची गई एक टारगेट किलिंग की साजिश को नाकाम करते हुए उसके दो मुख्य गुर्गों को गिरफ्तार किया है। पुलिस महानिदेशक गौरव यादव ने रविवार को बताया कि गिरफ्तार आरोपियों की पहचान कवलजीत सिंह, निवासी धर्मकोट, और नवदीप सिंह उर्फ हानी, निवासी बद्दूवाल के तौर पर हुई है। उनके पास से एक जिगाना .30 बोर पिस्तौल और नौ कारतूस बरामद किए हैं। उन्होंने कहा कि प्रारंभिक जांच से पता चलता है कि गिरफ्तार किए गए व्यक्ति प्रतिद्वंद्वी गिरोह के सदस्यों और जबरन वसूली करने वालों को खत्म करने के लिए अर्श डाला के निर्देशों पर काम कर रहे थे। समय पर और खुफिया जानकारी के आधार पर की गई कार्रवाई के साथ, एसएसओसी ने सार्वजनिक सुरक्षा के लिए एक गंभीर खतरे को टालते हुए एक लक्षित हत्या मॉड्यूल का सफलतापूर्वक भंडाफोड़ किया है। डीजीपी ने कहा कि इस संबंध में पुलिस थाना एसएसओसी एसएएस नगर में कानून के प्रासंगिक प्रावधानों के तहत एक प्राथमिकी दर्ज की गई है।




चेयरमैन एवं प्रधान सम्पादक - राकेश कुमार पाण्डेय कार्यकारी सम्पादक* - अरशद सईद खान स्टेट हेड - संदीप मिश्रा
स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक राकेश कुमार पाण्डेय द्वारा सरस्वती प्रिंटर्स वाटर वर्क्स रोड ऐशबाग, लखनऊ से मुद्रित एवं सी-46, कृष टॉवर, विभूति खण्ड, गोमती नगर, लखनऊ, पिन-226010 से प्रकाशित। * इस अंक में प्रकाशित सभी समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पीआरबी एक्ट के तहत उत्तरदायी।
समस्त विवाद लखनऊ न्यायालय क्षेत्र के ही अधीन होंगे। फोन नं। 0522-4249333 फैक्स नं.- 4249333 e-mail : info@kanwhizztimes.com RNI NO - UPHIN/2012/42063